विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण Sunday

वर्ष 72 ▸ अंक 215 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 04 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com


## ऑफ बीट

### 75 साल में गांव का पहला 10वीं पास युवक



*उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक गांव ने आजादी के बाद पहली बार अपना पहला हाईस्कूल पास छात्र देखा है। बनीकोडर ब्लॉक के निजामपुर गांव के राम केवल ने यह उपलब्धि हासिल की है। वह राजकीय इंटर कॉलेज, अहमदपुर से बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण हुए हैं। आजादी के 75 साल बाद तक गांव का कोई भी व्यक्ति हाईस्कूल की परीक्षा पास नहीं कर पाया था। राम केवल की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। यह सफलता नवाचार मिशन पहचान के विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों का भी परिणाम है। इस मिशन के तहत 'आज का विचार', 'बाल न्यूज सेंटर', 'फन डे' और नियमित मूल्यांकन जैसी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इन कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राम केवल की उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और अन्य बच्चों को भी शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिलेगी।*

## आईपीएल में आज

**राजस्थान बनाम कोलकाता**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से

**पंजाब बनाम लखनऊ**
समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियो हॉटस्टार पर

### कश्मीर में कत्लेआम : भारत की पड़ोसी पर और सख्ती, व्यापारिक संबंध किये खत्म

# पाकिस्तान से आयात पूरी तरह बंद बंदरगाहों पर जहाज किए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत ने और सख्ती की है। शनिवार को पाकिस्तान से आने वाली चीजों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया। पाकिस्तान से अप्रत्यक्ष आयात भी नहीं होगा। निर्यात पहले ही बंद किया जा चुका है। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष आयात-निर्यात प्रतिबंध का वाणिज्य मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है, जिसका अर्थ है कि पाकिस्तान के साथ कारोबार पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

वहीं, डाक और पार्सल सेवाओं पर भी रोक लगा दी गई है। डाक विभाग के अनुसार, हवाई या जमीनी दोनों मार्गों से आने वाले किसी भी श्रेणी के मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। उधर, पाक सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार का एक्स अकाउंट बैन कर दिया गया। इसके जरिये हमले को लेकर गलत सूचनाएं फैलाई जा रही थीं।

एक अन्य फैसले में पाकिस्तान के झंडे वाले जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर नहीं आने देने का फैसला किया गया। जांच और ईंधन के लिए भी ये जहाज भारतीय बंदरगाहों पर नहीं रुक पाएंगे।



### हमले के बाद पहली बार मोदी-उमर की मुलाकात

- जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने पहली बार दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब आधा घंटा बातचीत हुई। इसके बाद नौ सेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भी पीएम से मुलाकात की।
- प्रदेश के जबलपुर और महाराष्ट्र के चंद्रपुर की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। मैनेजमेंट ने कर्मचारियों से कहा कि यह मुश्किल वक्त है, राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए काम नहीं रुकना चाहिए।

### फ्लाइट में आतंकी होने की अफवाह, श्रीलंका में जांच

चेन्नई से उड़ान भरने वाली श्रीलंकन एयरलाइंस की एक फ्लाइट की कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच की गई। फ्लाइट में लश्कर-ए-तैयबा के पांच संदिग्ध आतंकियों की मौजूदगी का दावा किया गया था। चेन्नई एयरपोर्ट के अधिकारियों को एक ईमेल के जरिए जानकारी दी गई थी कि फ्लाइट में पांच आतंकी सवार हैं। हालांकि जब तक यह ईमेल रिसीव हुआ, उससे पहले फ्लाइट रवाना हो चुकी थी। इसके बाद इस सूचना को कोलंबो एयरपोर्ट भेजा गया, जहां पहुंचने पर फ्लाइट की पूरी सुरक्षा जांच की गई और यात्रियों को उतारकर स्कैन किया गया। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। ई-मेल अफवाह निकला।

### पाकिस्तान ने किया मिसाइल का परीक्षण

पाकिस्तान ने शनिवार को अब्दाली वेपन सिस्टम नाम की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। 450 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली यह मिसाइल हवा से हवा में मार करने में सक्षम है। यह मिसाइल 500-700 किलोग्राम तक के न्यूक्लियर एंड कन्वेंशनल हथियार ले जा सकती है।

### आसिफ ने दी हमला करने की धमकी

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत को खुली धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर भारत ने सिंधु नदी पर कोई भी बांध बनाया या सिंधु जल संधि का उल्लंघन किया तो पाकिस्तान हमला करेगा। एक इंटरव्यू में आसिफ ने कहा कि सिंधु नदी पर किसी भी तरह का निर्माण 'भारतीय हमला' माना जाएगा।

### खाड़ी देशों की शरण में पहुंचे शरीफ



चीन, रूस से मदद की गुहार लगा चुके पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ अब खाड़ी देशों की शरण में पहुंचे हैं। उन्होंने सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों से आग्रह किया कि वे भारत पर तनाव कम करने के लिए दबाव डालें। शरीफ ने पाकिस्तान में सऊदी अरब के राजदूत नवाफ बिन सईद अल-मलिकी से मुलाकात की। पाक के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि शरीफ का चीन के राजदूत से मिलने का भी कार्यक्रम है।

# गोवा के शिरगांव में भगदड़, सात की मौत

### धार्मिक आयोजन में बिजली का तार गिरने से हादसा



**गोवा, जेएनएन।** गोवा के शिरगांव में लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई। जानकारी शनिवार सुबह आई है। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनमें से 20 की हालत गंभीर हैं। खबर लिखे जाने तक मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी था। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

बताया गया है कि शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

बता दें कि श्री लैराई जात्रा नॉर्थ गोवा के बिचोलिम तालुका के शिरगांव गांव में आयोजित होने वाला हिंदू धार्मिक उत्सव है। जात्रा हर साल अप्रैल या मई में होती है। इसमें गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु आते हैं। जात्रा 2 मई की शाम से 3 मई की सुबह तक आयोजित की गई थी। इसी दौरान हादसा हुआ। सीएम ने शिरगांव के लैराई जात्रा में हुई भगदड़ से दुखी हूं। मैंने नॉर्थ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा हूं और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फोन कर स्थिति की जानकारी ली और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। गोवा में पहली बार ऐसा मामला सामने आया है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### 30 से 40 हजार लोग पहुचे थे मंदिर

गोवा पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित कई राज्यों के 30 से 40 हजार लोग यात्रा में शामिल होने मंदिर पहुंचे थे। शुक्रवार शाम भीड़ मंदिर की ओर जा रही थी, तभी एक ढलान पर कुछ लोग गिर पड़े। इसके बाद पीछे से आ रहे लोग भी एक-दूसरे पर गिरते चले गए। 40 से 50 लोग इस दौरान नीचे गिर गए। इसके बाद अफरा-तफरी होने से भगदड़ मच गई। यात्रा के लिए एक हजार पुलिसकर्मियों की ही तैनाती हुई थी। वहीं, भीड़ की एक्टिविटी को ड्रोन की मदद से ट्रैक किया जा रहा था। उधर, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि यात्रा में शामिल होने के लिए 80 हजार से ज्यादा लोग मंदिर पहुंचे थे।

## कन्नड़ समुदाय के अपमान का आरोप, सोनू पर केस



**मुंबई, जेएनएन।** प्लेबैक सिंगर सोनू निगम पर बेंगलुरु के अवलाहल्ली पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन पर एक म्यूजिकल कॉन्सर्ट के दौरान कन्नड़ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। हाल ही में सोनू ने बेंगलुरू में अपना म्यूजिकल कॉन्सर्ट किया था। इस दौरान उन्होंने एक टिप्पणी की थी, जिसे कन्नड़ समुदाय ने अपमानजनक माना और सिंगर के खिलाफ नफरत बढ़ाने का आरोप लगाया। बता दें कि कॉन्सर्ट के दौरान एक छात्र ने सोनू से कन्नड़ गाना गाने का अनुरोध किया था। जवाब में सोनू निगम ने भड़कते हुए कहा, कन्नड़, कन्नड़, कन्नड़... यही कारण है कि पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। भाषा को आतंकवाद से जोड़ने पर कन्नड़ समर्थकों में आक्रोश फैल गया।

# गार्ड की बंदूक ढूंढने के लिए पुलिस ने खाली कराया तालाब




**जागरण, इंदौर।** पुलिस पर आए-दिन कोई कार्रवाई न करने के आरोप मढ़े जाते हैं, लेकिन इंदौर पुलिस ने एक मामले में धरती-पाताल एक करने वाला कारनामा कर दिखाया है। एक गार्ड की चोरी गई बंदूक ढूंढने शहर की पुलिस ने एक तालाब ही खाली कर दिया। अच्छी बात यह रही कि तालाब का पानी बेकार नहीं किया, एक जगह से तालाब खाली कर पूरा पानी दूसरी जगह पर भर दिया। कनाड़िया थाना में ओम सांई विहार कॉलोनी खुड़ैल निवासी प्रह्लाद पटेल ने बंदूक गुमने की शिकायत की थी। वह केयरवेल कंपनी चेतर सेंटर में गार्ड की नौकरी करता है। उसकी ड्यूटी बिचौली मर्दाना पर गनमैन के रूप में रहती है। 13 अप्रैल को वह अपनी 12 बोर की बंदूक वहीं भूल गया था। अगले दिन वह नहीं मिली।कनाड़िया पुलिस ने उसकी शिकायत पर बंदूक चोरी का मामला दर्ज कर लिया। जांच के दौरान जानकारी मिली कि एक अन्य गार्ड ने बंदूक चोरी कर ली थी, मामला पुलिस में जाने के बाद उसने बंदूक को दो टुकड़े कर क्षेत्र के तालाब में फेंक दिया। पुलिस ने पहले गोताखोरों को तालाब में बंदूक ढूंढने के लिए बुलाया था। मगर तालाब में गाद बड़ी मात्रा में थी, उससे गोताखोर उसमें फंस सकते थे। गोताखोरों को गाद से बचाने के लिए तालाब खाली करने का निर्णय लिया गया। मोटर लगाकर तालाब का पूरा पानी बाहर कर दिया गया। गनीमत रही कि यह प्रयास खाली नहीं गया और गार्ड की गन वहां से मिल गई। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि हमने तालाब खाली नहीं कराया है, बल्कि शिफ्ट किया है। तालाब के पास में ही काफी बड़ी जगह खाली पड़ी थी, तालाब का पूरा पानी वहां शिफ्ट कर दिया गया है। रहवासियों ने तालाब खाली कराने की शिकायत की है। उसकी भी जांच की जाएगी।

### दोस्त ने ही फेंकी थी बंदूक

पुलिस को चोरी के मामले में पूछताछ के दौरान पता चला कि शिकायत करने वाले गार्ड के साथियों ने ही चुराई है। गार्ड की ड्यूटी करने वाले अनंत सिंह चौहान और ऋषिराज दुबे ने यह बंदूक चोरी कर ली थी। पुलिस में मामला जाते ही उन्होंने बचने के लिए बंदूक को दो टुकड़ों में तोड़कर तालाब में फेंक दिया था।

### कानूनों की समीक्षा और ऑडिट न्यायपालिका की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि न्यायालयों का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि वे कार्यपालिका को कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा और उनके वैधानिक प्रभाव का ऑडिट करने का निर्देश दें। न्यायालय ने कहा कि यह कदम 'कानून के शासन' की मूल भावना को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की। इस अधिनियम की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि किसी कानून का उद्देश्य व्यवहार में पूरा नहीं हो रहा है, तो न्यायालय कार्यपालिका को उस कानून के प्रभाव का ऑडिट करने और आवश्यक संशोधन सुझाने के निर्देश दे सकता है।



# प्रदेश में कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश, गर्मी से मिली राहत



रंगमहल रोड पर आंधी के दौरान दोपहिया चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। फोटोः एचसी वर्मा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में शनिवार को तेज हवा चली और एक दर्जन से अधिक जिलों में हल्की बारिश हुई। भोपाल के मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि अशोक नगर में हवा की गति 87 किलोमीटर प्रति घंटा रिकार्ड की गई है। सागर में 72, सिवनी में 70, नरसिंहपुर में 68, मंडला 56 और शाजापुर में 52 किमी की स्पीड से हवा चली। जबलपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, नर्मदापुरम और भोपाल समेत एक दर्जन से अधिक जिलों में हल्की बारिश हुई। मौसम में बदलाव का कारण चार सिस्टमों का सक्रिय होना है। मप्र के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ के साथ एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन राजस्थान की ओर, एक उत्तर प्रदेश की ओर एवं एक दक्षिण-पश्चिम राजस्थान की ओर एक्टिव है। इसीलिए प्रदेश हल्की बारिश हुई है। अगले चार से पांच दिन तक यही स्थिति रहेगी।

### नरसिंहपुर में सबसे ज्यादा तापमान

शनिवार को मप्र में सबसे ज्यादा तापमान नरसिंहपुर जिले में दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री रहा। इसके बाद रतलाम में 43.4 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया। प्रदेश के अधिकतर जिलों में शनिवार को पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तापमान में गिरावट की संभावना जताई है।

### मप्र समेत देश के 19 राज्यों के लिए आंधी-तूफान का अलर्ट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** मौसम विभाग ने शनिवार को देश के 19 राज्यों के लिए आंधी-तूफान और हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा कि अगले सात-आठ दिन तक इन राज्यों में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ रहेगा। जिन राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, उनमें मप्र भी शामिल है। प्रदेश कुछ भागों और उत्तराखंड में रविवार को ओले गिरने की आशंका जताई गई है, जबकि पंजाब, चंडीगढ, दिल्ली के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। गौरतलब है कि दिल्ली में शुक्रवार को भारी बारिश हुई थी, लेकिन शनिवार को ही वहां मौसम बदल गया। लोग गर्मी और उमस से परेशान हो उठे। अब रविवार को यहां लू चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात के कुछ हिस्सों के लिए तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। इधर, छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज शनिवार को बिगड़ा रहा। यहां आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश में भी चार लोगों की मौत हुई।

# तीन दिवसीय टेक्नोवेशन का समापन



**जागरण, सतना।** श्री रामाकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन(टेक्निकल विंग) करही में तीन दिवसीय टेक्नोवेशन के समापन दिवस पर 30 अप्रैल का दिन कल्चरल फेस्टिवल और प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी के नाम रहा। यह आयोजन इंजीनियरिंग फर्स्ट ईयर और एमबीए टीम ने किया। आयोजन का भव्य शुभारंभ भगवान श्री गणेश की स्तुति के साथ किया गया। कार्यक्रम में डांसिंग सिंगिंग और बॉलीवुड थीम फैशन शो ने चार चांद लगाया। बेमिसाल और धमाकेदार परफॉर्मेंसेस के बीच बेस्ट परफॉर्मेंस की खोज को पूरा करने के लिए बॉलीवुड कलाकार और इवेंट मैनेजर जतिन गुमवानी म्यूजिशियन आकाश बनर्जी आकार वेलफेयर सोसाइटी सचिव अनामिका सिंह मशहूर डांसर एंड कोरियोग्राफर मानसी गुप्ता शुभम सिंह निर्णायक की भूमिका में रहें। कार्यक्रम में पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए टेक्निकल विंग करही के बच्चों ने मार्मिक नाटक का मंचन किया। एकेडमिक डायरेक्टर शुभी खरे ने बताया कि 30 अप्रैल हमारी टेक्निकल विंग करही का 10वाँ स्थापना दिवस है और स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ही हम हर साल टेक्नोवेशन आयोजित करते हैं।

टेक्नोवेशन में इंजीनियरिंग फार्मेसी एमबीए के 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कल्चरल फेस्ट के विजेताओं में डांसिंग में एमबीए छात्रा देवयानी सिंह डांसिंग डुएट में प्रियंका और शुभम, ग्रुप डांस में हिमांशु एंड ग्रुप विजेता रहें। वहीं सिंगिंग में फार्मेसी छात्रा साक्षी कुशवाहा ने प्रथम और एमबीए से देवयानी सिंह ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। फैशन शो में 20 से अधिक पार्टिसिपेंट के बीच पॉलीटेक्निक के अंकित सेन विजेता रहें।

कार्यक्रम में चेयरमैन शम्मी पुरी, डायरेक्टर एसआरकेजीआई शाश्वत पुरी डायरेक्टर टेक्निकल विंग डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री एकेडमिक डायरेक्टर शुभी खरे डीन इंजीनियरिंग हायर सेमेस्टर दीपेश निगम डीन फर्स्ट ईयर अभय मिश्रा डीन फार्मेसी डॉ अमित पांडे समेत सभी स्टाफ और स्टूडेंट्स उपस्थित रहें। संचालन छात्र देवेंद्र छात्रा शादिया वसुंधरा और शिखा द्वारा किया गया।

## सतना की शांभवी एबेकस अकादमी ने इंदौर में लहराया परचम

**सतना।** विश्वभर में आयोजित होने वाली यूसीमास की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में मध्यप्रदेश स्तर की प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 26 अप्रैल को इंदौर के बास्केटबॉल स्टेडियम, रेसकोर्स रोड पर किया गया। इस बौद्धिक महाकुंभ में प्रदेश के 10 संभागों के 55 जिलों से 239 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से कुल 5700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में जिस संस्था ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, वह थी शांभवी एबेकस अकादमी सतना जिसने न केवल बड़ी संख्या में प्रतिभागी भेजे बल्कि अपने प्रदर्शन से मंच पर धाक भी जमा दी। अकादमी के 151 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर यह सिद्ध कर दिया कि सतना अब सिर्फ शिक्षा में नहीं मानसिक गणना के क्षेत्र में भी नेतृत्व कर रहा है। प्रतियोगिता में बच्चों को मात्र 8 मिनट में 200 जटिल अंकगणितीय प्रश्न हल करने थे। शांभवी एबेकस के बच्चों ने इस चुनौती को आत्मविश्वास और गति के साथ पार किया। 27 अप्रैल को रविन्द्र नाट्यगृह इंदौर में आयोजित सम्मान समारोह में जब विजेताओं के नाम घोषित हुए तो सतना के बच्चों के नाम बार-बार गूंजे । यह पूरी प्रणाली प्राचीन यंत्र अबेकस पर आधारित है, जिसे विश्व का पहला कंप्यूटर कहा जाता है। शांभवी एबेकस अकादमी सतना ने इस तकनीक को नए युग के बच्चों तक पहुंचाकर उन्हें ऐसा गणनाकार बना दिया है, जो कैलकुलेटर से तेज सोचते और जवाब देते हैं। शांभवी एबेकस के संचालक विक्रम सिंह ने कहा हम सप्ताह में सिर्फ एक दिन दो घंटे की क्लास में बच्चों को ऐसा प्रशिक्षण देते हैं कि वे गणना में चमत्कारी हो जाते हैं। सही मार्गदर्शन और प्लेटफॉर्म मिलने पर हर बच्चा चाणक्य बन सकता है।

# नागौद की पंचायतों में हो रहे एक्विफ़र रिचार्ज के कार्य



**जागरण, सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर सतना के निर्देशानुसार असफल बोरवेल में एक्विफर रिचार्ज के कार्य व्यापक पैमाने पर लिए जा रहे हैं इसके तहत जनपद पंचायत नागौद के सभी ग्राम पंचायत में न्यूनतम एक एक्विफर रिचार्ज असफल बोरवेल में बनाया जाना प्रस्तावित है।इसी अनुक्रम में 3 मई को ग्राम पंचायत सिंहपुर बेलगहना नौबस्ता बारापत्थर मे असफल बोरवेल में एक्विफर रिचार्ज के कार्य आरंभ किए गए।इसका उद्देश्य भूजल स्तर को बढ़ाना है और असफल बोरवेल को पुनर्जीवित करना है। आरम्भ किए गए एक्यूफर रिचार्ज निर्माण कार्यों का निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक यंत्री,जनपद पंचायत नागौद एवं क्षेत्रीय उपन्यत्री के द्वारा किया गया और निर्माण हेतु आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन ग्राम पंचायत को प्रदान किए गया। ग्राम पंचायत सरपंच सचिव एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पुनर्गठित शीर्ष समिति और क्रियान्वयन समिति में डॉ हर्षवर्धन शामिल



**जागरण, सतना।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और समन्वयन हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शीर्ष और क्रियान्वयन समिति का पुनर्गठन कर दिया गया है। एकेएस विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ.हर्षवर्धन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पुनर्गठित शीर्ष और क्रियान्वयन समिति में फिर शामिल किए गए है। एक मई 2025 को जारी सूची में उनका नाम घोषित किया गया है। डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के व्यावहारिक क्रियान्वयन के लिए इस समिति का पुनर्गठन किया गया है जिसमें बौद्धिक एवं व्यक्तिगत विकास तथा व्यावहारिक अनुभव बढ़ाने के लिए समिति कार्य करेगी। उल्लेखनीय है कि एकेएस विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत ही समस्त संकायों में अध्ययन अध्यापन हो रहा है। विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी कुलपति प्रो बी ए चोपडे,प्रतिकुलपति प्रो आरएस त्रिपाठी डीन लाइफ साइंसेज प्रो जी पी रिछारिया प्रो जी सी मिश्रा और विश्वविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# मुंबई महाराष्ट्र में सम्मानित हुई डॉ नंदिता पाठक



**जागरण, सतना।** डॉ नंदिता पाठक सामाजिक उद्यमी को मुम्बई में आफ्टरनून वॉइस ने यशवंत राव चव्हाण सेंटर में न्यूज़ मेकर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया । यह सम्मान भारत रत्न नानाजी देशमुख जी के आदर्शों से प्रेरित सामाजिक परिवर्तन के प्रति नंदिता के निस्वार्थ समर्पण के लिए प्रदान किया गया । श्रद्धेय नानाजी देशमुख फाउंडेशन के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने में संलग्न डॉ पाठक को ये प्रेस्टेजियस अवार्ड से सम्मानित किया गया । आफ्टरनून वॉइस ने पूर्व में यह सम्मान बहुत जाने माने हस्तियों को प्रदान किया जिस में बाला साहब ठाकरे भारत रत्न लता मंगेशकर शरद पवार प्रकाश जावड़ेकर आशा भोंसले रामजेठ मलानी देवेंद्र फड़नवीस मनोज बाजपेयी भी रहे। इस वर्ष पंडित हृदय नाथ मंगेशकर जे वी पवार जी अप्पा पारब फ़िल्मी दुनिया के स्मिता जयकार अनु अग्रवाल सहित अन्यान्य क्षेत्रों के नामी व्यक्तियों का सम्मान हुआ जिस में इंदौर के महापौर पुष्य मित्र भार्गव को स्वच्छ इंदौर के लिए सम्मानित किया गया । सम्मान के उपरांत डॉ नंदिता ने यह सम्मान श्रद्धेय भारत रत्न नानाजी देशमुख को समर्पित किया और कहा कि हम सब एक दूसरे को सम्मान देते हुए आगे बढ़े, सम्मानों से कार्य करने की क्षमता और बढ़ती है सकारात्मक सोच के साथ राष्ट के विकास में भागीदारी बने कहा और सभी अवार्डीस को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित किया । 17 वर्षों से लगातार यह न्यूज़ मेकर्स अवॉर्ड् के आयोजन में लगी डॉ वैदेही तमान को हृदय पूर्वक धन्यवाद दिया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय संगठन महा मंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क प्रमुख रामलाल का भी हृदय से आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में श्रीमती उषा ताई मंगेशकर, महाराष्ट्र शासन के उद्योग मंत्री सामंत कुछ देशों को काउंसलेट उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन समिति के सदस्य नामित हुए कुलगुरु भरत मिश्रा

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के



कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को एक महत्वपूर्ण दायित्व के लिए नामित किया गया है। प्रो मिश्रा को मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग भोपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समन्वय हेतु गठित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की क्रियान्वयन समिति में सदस्य नामित किया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में गठित इस उच्च स्तरीय समिति में उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आयुक्त सहित अनेक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्राचार्य प्राध्यापक और उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारियों आदि को शामिल किया गया है। इस समिति में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को नामित किए जाने पर ग्रामोदय परिवार के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

# डिजिटल क्लॉक डिजाइन करने पर छात्रों को मिलेंगे 5 लाख रुपए

### 31 मई आवेदन की अंतिम तिथि, रेलवे बोर्ड राष्ट्रीय प्रतियोगिता का कर रहा आयोजन

**जागरण, रीवा।** भारतीय रेलवे ने देश के सभी स्टेशनों पर नए डिजाइन के डिजिटल क्लॉक लगाने की योजना बनाई है। इसके लिए एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड से प्राप्त सूचना के अनुसार सभी स्टेशनों की डिजिटल घड़ियों को मानकीकृत करने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें पेशेवर, कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी स्टूडेंट एवं स्कूली विद्यार्थियों के लिए तीन अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। तीनों श्रेणियों को मिलाकर भारतीय रेल में उपयोग के लिए चयनित डिजाइन बनाने वाले किसी एक विजेता को पांच लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। तीनों श्रेणियों में




50-50 हजार रुपए के पांच-पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के तहत एक से 31 मई तक प्रतिभागियों को डिजिटल घड़ी का डिजाइन ऑनलाइन माध्यम से जमा करना है। बताया गया कि हाई रेजोल्यूशन वाली डिजाइन जिसमें वाटर मार्क या लोगो ना हो, को ईमेल के माध्यम से भेजना है और साथ में मौलिकता का प्रमाण पत्र भी प्रतिभागियों को देना है।

### एक से अधिक डिजाइन जमा करने की छूट

सभी प्रतिभागियों को एक से अधिक डिजाइन जमा करने की छूट दी गई है। प्रतिभागियों को अपने डिजाइन के साथ ही डिजाइन के विषय में एक संक्षिप्त अवधारणा नोट भी जमा करना है। प्रतिभागियों को यह भी सुनिश्चित करना है कि उनका डिजाइन मौलिक है और बौद्धिक संपदा या किसी दूसरे व्यक्ति या संस्था के कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं करता है।

### 12वीं के विद्यार्थी हो सकेंगे शामिल

रेलवे बोर्ड ने प्रतियोगिता के लिए स्कूली छात्र कैटेगरी में 12वीं तक के छात्रों को शामिल किया है। इसके लिए उन्हें स्कूल का पहचान पत्र जमा करना होगा। इसी तरह कॉलेज के छात्र कैटेगरी में वैसे लोगों को शामिल किया गया है, जो किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर रहे हों। शेष सभी लोगों को प्रोफेशनल कैटेगरी में रखा जाएगा।

## जिला अस्पताल पार्किंग में अवैध वसूली से परेशान मरीज व परिजन

# दो पहिया वाहन में 24 घंटे के निर्धारित है 10 रुपए आधे घंटे का 30 रुपए वसूल रहा ठेकेदार

### चार पहिया वाहनों से एक दिन में 250 रुपए तक की वसूली, रसीद मांगने पर अभद्रता करते हैं गुर्गे



**जागरण,रीवा।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में कुछ सुधार हुआ है, लोगों का भरोसा प्राइवेट अस्पतालों से शासकीय अस्पतालों पर ज्यादा बढ़ा है। खासकर डिस्पेंसरी व रेफरल सेंटर के नाम से जाने जा रहे जिला अस्पताल में लगातार मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। यहां की व्यवस्थाओं में हुए सुधार व मात्र 10 रुपए में मिल रहे निःशुल्क इलाज के चलते ओपीडी व आईपीडी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है लेकिन यहां आने वाले मरीजों व परिजनों को जिला अस्पताल की वाहन पार्किंग में हो रही अवैध वसूली से परेशानी हो रही है। ठेकेदार द्वारा लगातार अवैध वसूली की जा रही है। जिम्मेदार अधिकारियों के ध्यान न देने से हालात यह बन गए हैं कि ठेकेदार द्वारा दो पहिया वाहनों के 24 घंटे के निर्धारित 10 रुपए की जगह आधे घंटे में 30 रुपए की वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं, जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा निर्धारित शुल्क की बात करने पर ठेकेदार के गुर्गे मरीज व उनके परिजनों से अभद्रता पर उतारू हो जाते हैं, कइयों के साथ मारपीट भी की गई। मामला थाने तक पहुंचने की बात भी सामने आई लेकिन जिला अस्पताल प्रबंधन ने मामले को दबा डाला। यही वजह भी है कि वाहन पार्किंग ठेकेदार द्वारा लगातार अवैध वसूली की जा रही है। शुक्रवार को जिला अस्पताल में ठेकेदार के गुर्गों द्वारा की जा रही अवैध वसूली को लेकर मरीज व ठेकदार के गुर्गो के बीच एक बार फिर विवाद हुआ। मामले की शिकायत सीएमएचओ और सिविल सर्जन से भी की गई है।

**24 घंटे के लेते हैं 250 रुपए :** विवाद के दौरान मरीज व परिजनों ने बताया कि ठेकेदार के गुर्गों द्वारा चार पहिया वाहनों को एक रात के लिए पार्क करने पर 250 रुपए लिए जाते है। इतना ही नहीं, शुक्रवार को भी एक चार पहिया वाहन मालिक ने ठेकेदार का विरोध किया तो उसके वाहन की चाबी ठेकेदार के गुर्गों द्वारा छुड़ा ली गई। इसके बाद जब वह पुलिस में शिकायत की बात कर रहा था तो उसकी चाभी तक नहीं दी गई। वह इधर-उधर घूमता रहा। चर्चा में बताया गया कि ठेकेदार के गुर्गे 24 घंटे में दो पहिया वाहनों से 80 रुपए तक लिए जाते हैं।

### आए दिन हो रहा विवाद

बता दें कि ठेकेदार की अवैध वसूली को लेकर आए दिन विवाद जिला अस्पताल में होता ही रहता है। जिसकी मौखिक व लिखित शिकायत भी की जाती है लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही न होने से ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली लगातार जारी है। बताया गया कि ठेका किसी आरजे इंटरप्राइजेज को दिया गया है, प्रो.रितिक पांडेय हैं, जिसके द्वारा लगातार अवैध वसूली कराई जाती है। शुक्रवार को भी हुए विवाद के दौरान रितिक पांडेय द्वारा मरीज व परिजनों से अभद्रता की गई।

> वाहन पार्किंग ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली की शिकायत कई बार आ चुकी है, समझाइश देने के बाद भी सुधार नहीं हुआ। नोटिस जारी कर टेंडर निरस्त किया जाएगा।
>
> **प्रतिभा मिश्रा**
> **सिविल सर्जन जिला अस्पताल**

# धरने पर बैठे ब्लैक लिस्टेड 26 आउट सोर्स कर्मचारी

### संभागीय आयुक्त को सौंपा था ज्ञापन

**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के बाहर किए गए मीटर रीडर फिर से धरने पर बैठ गए है।इस मर्तबा आरपार की लड़ाई पर उतरे हैं।कमिश्नर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं । इसके पहले 14 फरवरी 2025 को सीई आफिस के बाहर धरना दिया गया था।सीई ने जांच कर फिर से वापस रखने का आश्वासन दिया था लेकिन कुछ नहीं हुआ।यही वजह है कि फिर से 26 आउटसोर्स मीटर रीडर बहाली को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। अगस्त क्रांति संयोजक कुंज बिहारी तिवारी भी समर्थन पर उतरे हैं।वह भी धरना पर बैठ गए हैं।उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं।



# लोगों की लालसा लील गई महाराजा बांध



### शहर भर में पहुंचता था बांध से निकली नहर का पानी, नहर नाले में तब्दील हो गई

**जागरण, रीवा**

आजादी के पूर्व से रीवा शहर में पानी की पूर्ति करने वाला महाराजा (समान) बांध शहरवासियों की लालसा के चलते अपना अस्तित्व खो चुका है। रीवा महाराजा विक्रमादित्य ने 1618 में महाराजा बांध का निर्माण करवाया था, जिस समय उन्होंने रीवा को अपनी राजधानी बनाया था। महाराजा बांध कई एकड़ क्षेत्र में फैला था, बांध से नहर निकाली गई थी जो शहर भर को जोड़ती थी। इस नहर के किनारे शहरवासियों की सुविधा के मद्देनजर करीब चार से पांच घाटों का निर्माण करवाया गया था। जिन घाटों में शहरवासी नहाने के साथ ही कपड़े वगैरह धोते थे, मवेशी पालक अपने मवेशियों को नहलाने, पानी पिलाने इसी नहर के किनारे लाते थे। जैसे-जैसे शहर का विस्तार होता गया, वैसे-वैसे महाराजा बांध के साथ ही बांध से निकाली गई नहरों की दुर्दशा होती चली गई।

### समय-समय पर छोड़ा जाता था पानी

बांध के मुहाने पर गेट बनाया गया था, जो बरसात के दौरान तो खुला रहता था, वर्षाकाल के बाद इसे बंद कर दिया जाता था। बरसात के बाद जब भी नहरों में पानी की कमी होती थी, इस गेट को खोलकर बांध का पानी नहर में छोड़ा जाता था। आजादी के पूर्व से ही महाराजा बांध ने कभी शहरवासियों को पानी की कमी नहीं होने दी, लेकिन उन्हीं शहरवासियों में से कुछ ने जहां नहर के किनारे अवैध कब्जा करना शुरू कर दिया वहीं बांध के आसपास भी अवैध कब्जा होने लगा। कब्जा करने वाले अतिक्रामक बांध को भी नुकसान पहुंचाने लगे, जिससे धीरे-धीरे बांध का विस्तार घटने लगा। बांध के अंदर तक कब्जा होने लगा, जिससे बांध सूखने की कगार पर पहुंच गया। जानकारों की मानें तो 1990 तक इस बांध से निकलने वाले पानी का उपयोग शहरवासी नहाने, कपड़े धोने में करते थे। 1990 के बाद तेजी से नहर के साथ ही बांध की भी हालत खस्ता होती चली गई। 1990 के बाद कुछ ही सालों में नौबत ये आई कि बांध में पानी एकत्रित होना बंद हो गया, अतिक्रामकों ने बांध की पाल वगैरह तोड़कर यहां पानी एकत्रित ही नहीं होने दिया। बताते हैं कि इस बांध को बचाने के प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों ने भी प्रयास नहीं किए। मजबूरन राजपरिवार को सूख चुके बांध में बची-खुची भूमि विक्रय करना पड़ी।

## गुनौर जनपद के ग्राम गढ़ीकरहिया के रामनगर में भीषण आग

**पन्ना।** गुनौर जनपद अंतर्गत ग्राम गढ़ीकरहिया के रामनगर में भीषण आग लगी हुई है आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है पर बताया जा रहा है कि तेज हवा से कचरे में आग लगने व ऑधी से आग का गॉव में फैल जाना बताया जा रहा है प्रशासन से बात हुई है अभी सिर्फएक ही दमकल गाड़ी पहुंची है 20 घर लगभग जलकर खाक हो चुके है। अभी भी आग फैल रही है । ग्रामवासियो के द्वारा सभी परिचितों के व्हाट्सएप्प नम्बर पर मैसेज डालकर अग्निशामक यंत्र ;दमकल वाहनद्ध के लिये मैसेज डाले जा रहे है सभी लोग मदद करें जिससे समय से आग पर नियंत्रण पाया जा सकें। एक पत्रकार साथी ने लिखा है मेरी कठ समीक्षा जैन मैडम से बात हुई है एसडीओपी पवई से भी बात हुई है आप लोग भी अपने स्तर से बात करके मदद करें। पन्ना जिले में सुनवानी थाना अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गढ़ी करहिया के मजरा ग्राम रामनगर में आज शाम तेज आंधी.अंधड़ चलने के दौरान रिहायशी बस्ती में अचानक आग भड़क उठी। तेज आंधी के चलते भीषण हुई आग की लपटों ने देखते ही देखत बस्ती के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

सुनवानी थाना प्रभारी सरिता तिवारी ने बताया कि भीषण अग्निकांड को बेकाबू होने से रोकने के लिए पुलिस बल एवं ग्रामीणों ने मिलकर तत्परता और सूझबूझ के साथ साहसिक कार्य किया है। अपनी जान जोखिम में डालकर कई जलते हुए घरों से स्व्छ सिलेंडरों को बाहर निकाला गया ताकि उनमें विस्फोट न होने पाए।

# पत्रकारिता खुला आसमान, हैं अनंत सम्भवानाएं : विजय मनोहर

### माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि भोपाल के कुलपति ने एमसीयू रीवा परिसर का किया निरीक्षण




**रीवा।** माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि भोपाल के कुलपति विजय मनोहर तिवारी शुक्रवार को एमसीयू रीवा परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहां शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लेने के साथ छात्रों से संवाद भी किया। श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता खुले आसमान जैसा है। इस क्षेत्र में अनंत सम्भवानाएं हैं। छात्र-छात्राएं पत्रकारिता को महज डिग्री लेने या रोजगार का माध्यम बनाने तक ही सीमित न रखें। यह एक मिशन है। इसमें जुनून होना चाहिये। आज के दौर में पत्रकारिता का दायरा अत्यंत विस्तृत है। इसमें नित नये प्रयोग हो रहे हैं। ऐसे में अत्याधुनिक संचार संसाधनों की तथ्यपरक जानकारी होनी चाहिये। एआाई तकनीक व अन्य नवाचारों पर छात्र और शिक्षक आपस में व्यापक विमर्श करें। श्री तिवारी ने कहा कि माह में एक बार वे स्वयं एमसीयू रीवा परिसर में छात्रों की क्लास लेंगे। उनका लक्ष्य विश्वविद्यालय को शिक्षण, प्रशिक्षण, शोध एवं प्रकाशन के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। कुलगुरु ने जोर देते हुए कहा कि क्लासरूम और न्यूज रूम के बीच का अंतर कम करना चाहिए, जिससे मीडिया संस्थानों की कार्य पद्धति से छात्र रूबरू हो सकें। साथ ही छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं और मुद्दों से परिचित कराने के लिए और अधिक प्रासंगिक अनुभवों को शामिल किया जाए। कुलपति श्री तिवारी ने एमसीयू रीवा परिसर को और बेहतर बनाने एवं नवाचार हेतु छात्रों और शिक्षकों से सुझाव भी मांगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परिसर निदेशक डॉ. संदीप भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बृजेन्द्र शुक्ल के साथ सभी शिक्षक और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (नगरीय) जिला सतना (म.प्र.)**

**प्रकरण कमांक 259/ अपील/2024-25**

रवीन्द्र पंजवानी पिता स्व0 धर्मदास पंजवानी निवासी बी.टी.आई मैदान के पास, सिंधी कैम्प सतना जिला सतना म0प्र0

- अपीलार्थी

**बनाम**

1- संजय गर्ग पित्ता रमाकांत गर्ग निवासी ग्राम पोस्ट भुमकहर तहसील रघुराजनगर जिला सतना
2-संदीप कुमार मिश्रा पिता हरिशंकर मिश्रा निवासी ग्राम पो0 सुपिया तह हुजूर जिला रीवा म.प्र.
3-अजय कुमार शर्मा पिता माधव प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम गड़री पो0 भुसौल हाल निवासी कोलगवा सतना, तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र

- रेस्पान्डेन्ट

नोटिस के जरिये रेस्पान्डेन्टगण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा न्यायालय तहसीलदार तहसील रघुराजनगर के रा0प्र0क्र0 1923 अ 6/2024-25 में पारित आदेश दिनाक 14/08/2024 के विरूद्ध अपील इस न्यायालय में प्रस्तुत की गयी है। प्रकरण रेस्पान्डेन्ट कमांक 2 व 3 की तलबी हेतु नियत है।

अत: आप प्रकरण में नियत दिनांक 21/05/2025 को स्वत: अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते हैं। सूचना उपरांत भी अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। नियत दिनांक को अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई अगले दिन की जावेगी।

**पेशी दिनांक - 21/05/2025**

दिनांक 28.04. 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी ।

मोहर

**अनुविभागीय अधिकारी**
**रघुराजनगर ( नगरीय )**
**जिला-सतना ( म.प्र. )**

# 51 वन समितियों से होगा तेंदूपत्ता का संग्रहण



जागरण तेंदूपत्ता



## एक लाख 8341 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य

### मौसम की प्रतिकूलता से 11 मई से होगा संग्रहण कार्य

जागरण, सीधी

जिला वनोपज संघ सीधी द्वारा 11 मई से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू करने की तैयारी की जा रही है। मौसम की प्रतिकूलता के चलते अभी तेंदुपत्ता नए हैं। इस वजह से संग्रहण का कार्य विलंब से शुरू होगा। जिन स्थानों में शाख कर्तन का कार्य किया गया था वहां 11 मई से तेंदुपत्ता संग्रहण के लिए तैयार होने की संभावना है। इस वर्ष जिले में 1 लाख 8341 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य रखा गया है। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य 51 वन समितियों के माध्यम से शुरू होगा। मौसम की प्रतिकूलता के चलते समितियों में तेंदूपत्ता सही गुणवत्ता का अभी उपलब्ध नहीं है इस वजह से महज कुछ रेंजों में ही तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य 11 मई से शुरू होने की संभावना बताई गई है। अभी यह देखा जा रहा है कि जंगलों में तेंदूपत्ता की सही गुणवत्ता में रहे, जिससे संग्रहित होने वाला तेंदूपत्ता भी अच्छी क्वालिटी का हो। अच्छी गुणवत्ता का तेंदूपत्ता संग्रहित होने पर उसकी मांग भी काफी रहती है। इसी वजह से जिला वनोपज संघ द्वारा 7 रेंजों के 735 फड़ों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण की तैयारी की जा रही है। तेंदूपत्ता की काफी भरमार है किन्तु आसमान में उमड़ते बादलों एवं बीच-बीच में बारिश के चलते तेंदूपत्ता की गुणवत्ता अभी ठीक नहीं है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जितनी तेज धूप रहेगी तेंदूपत्ता की गुणवत्ता भी उतनी ही अच्छी रहेगी। यदि मौसम में परिवर्तन हुआ एवं बारिश का दौर शुरू हुआ तो तेंदूपत्ता की गुणवत्ता काफी प्रभावित हो जाती है। वर्तमान में जो तेंदूपत्ता वन क्षेत्रों में मौजूद हैं उनकी गुणवत्ता मौसम खुलने के बाद ही सही होगा। फिर भी यह माना जा रहा है कि 11 मई तक तेंदूपत्ता की गुणवत्ता में काफी सुधार हो जाएगा। इसके बाद ही समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य शुरू होगा। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य 22 मई तक जिले में पूर्ण हो जाएगा। जिला वनोपज के अधिकारियों का कहना है कि मौसम साफ हो जाए एवं तेज धूप शुरू हो तो तेंदूपत्ता जल्द अच्छी गुणवत्ता का हो जाएगा। इसके बाद तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य श्रमिकों के माध्यम से शुरू किया जाएगा। सीधी जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य अमूमन हर वर्ष मई महीने में ही शुरू होता है। करीब 20 दिन में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य वन क्षेत्रों में काफी तेजी के साथ किया जाता है। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए सभी वन क्षेत्रों में श्रमिक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि जल्द तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू हो। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए क्षेत्रीय श्रमिक अपना अन्य सभी कार्य बंद कर देते हैं और महीने भर तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हुए काफी आर्थिक लाभ अर्जित किया जाता है। जिला वनोपज समिति द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे श्रमिकों को जल्द से जल्द उनकी पारिश्रमिक का भुगतान होता रहे। जिले के दक्षिणी क्षेत्र के जंगलों में काफी मात्रा में तेंदूपत्ता तैयार हो चुकी है। जैसे ही इनकी गुणवत्ता ठीक होगी संग्रहण का कार्य शुरू हो जाएगा।

### 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा मिलेगी मजदूरी

जिला वनोपज सीधी अंतर्गत 7 रेंजों के 735 फड़ों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य सीधी जिले में किया जाएगा। विभागीय सूत्रों का कहना है कि शासन द्वारा इस वर्ष तेंदुपत्ता संग्रहण के लिए 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा की दर से मजदूरी निर्धारित की गई है। एक मानक बोरा में तेंदूपत्ता के 400 पैकेट भरे जाते हैं। एक पैकेट में तेंदुपत्ता की 100 गड्डियां 100-100 के मान से रहेंगी। तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य वन समितियों द्वारा फड़ों के माध्यम से किया जाता है। फड़ों में नियुक्त मुंशियों द्वारा अपने क्षेत्र के तेंदूपत्ता श्रमिकों के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी का कार्य किया जाता है। फड़ों में तेंदूपत्ता की खरीदी होने के बाद उन्हें कुछ दिन तेज धूप में सुखाया जाता है। इसके बाद बोरो में भराई का कार्य किया जाता है। वनोपज समितियों द्वारा तेंदूपत्ता श्रमिकों द्वारा जो तेंदूपत्ता फड़ों में जमा कराया जाता है उसी के अनुसार संबंधित श्रमिकों के बैंक खाते में भुगतान की राशि भेजी जाती है। तेंदूपत्ता श्रमिकों में तेंदूपत्ता की तोड़ाई कार्य शुरू होने का काफी बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। जिससे गर्मी के दिनों में उन्हें तेंदूपत्ता के कार्य से अच्छी मजदूरी मिल सके।

### टमसार एवं मझौली रेंज में होता है ज्यादा संग्रहण

जिले में 7 रेंजों के 735 फड़ों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण की व्यवस्था बनाई गई है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि तेंदूपत्ता जंगलों में गुणवत्तायुक्त तैयार हो जाने के बाद 11 मई से संग्रहण का कार्य कुछ रेंजों में शुरू हो जाएगा। अभी यह माना जा रहा है कि जिन रेंजों में शाख कर्तन का कार्य किया गया था वहां इस दौरान पर तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए तैयार हो जाएंगे। इस वजह से जिन क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्ता तैयार हो जाएगा वहां संग्रहण का कार्य सबसे पहले शुरू हो जाएगा। इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी कुछ दिन के अंदर ही तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य तेजी के साथ शुरू हो जाएगा। सीधी जिले में सर्वाधिक तेंदूपत्ता का संग्रहण बफर जोन टमसार, बफर जोन मझौली रेंज में होता है। यहां तेंदूपत्ता जंगलों में काफी है। मौसम के अनुकूल हो जाने पर यहां गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता के संग्रहण का कार्य शुरू हो जाएगा। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सीधी जिले में करीब 20 दिनों में ही काफी आसानी के साथ हो जाता है।

# जिला जेल सीधी में आयोजित हुई विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर




## 154 बंदियों का किया गया चिकित्सकीय परीक्षण

जागरण, सीधी

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार चिकित्सा विभाग, जेल प्रशासन के सहयोग एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला जेल सीधी में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के उद्देश्य से शनिवार दिनांक 3 मई 2025 को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन एवं जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर द्वारा किया गया। जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक सहायता, उनके अधिकार, अपीलीय अधिकार, जमानत के अधिकार, प्ली बार्गेनिंग तथा सालसा की योजना की जानकारी दी गई। बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की गई। उक्त विशेष चिकित्सकीय परीक्षण शिविर में महिला एवं पुरुष बंदियों का एचआईवी, कैंसर, टीवी तथा अन्य बीमारी के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा एचआईवी एड्स के 140, हेपेटाईटिस एवं टीबी के 58 बंदियों की जांच की जाकर दवा उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकीय परीक्षण शिविर में 8 महिला बंदी, 144 पुरूष बंदी एवं 2 बच्चे कुल 154 का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## कॉम्बिग गश्त में पुलिस नें 37 आरोपियों को किया गिरफ्तार

जागरण, सीधी। सीधी पुलिस का अपराधी विरोधी धर पकड़ अभियान लगातार जारी है। साप्ताहिक कॉम्बिंग गश्त में सीधी पुलिस नें 37 आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही 37 गुण्डा बदमाश व 25 निगरानी बदमाशों को चेक कर चेताया कि भविष्य में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना/चौकी के थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 2-3 मई 2025 के दरम्यानी रात जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 5 स्थाई वारंट एवं 32 गिरफ्तारी वारंट कुल 37 वारंट तामील किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही गस्त के दौरान 37 गुण्डा बदमाश एवं 25 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। कॉम्बिंग गश्त में थाना कोतवाली ने 2 स्थाई वारंट एवं 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना जमोड़ी ने 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना चुरहट ने 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना रामपुर नैकिन ने 1 स्थाई वारंट एवं 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना कमर्जी ने 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना अमिलिया ने 1 स्थाई तथा 6 गिरफ्तारी वारंट, थाना बहरी ने 1 स्थाई व 2 गिरफ्तारी, थाना मझौली ने 2 गिरफ्तारी वारंट तथा थाना कुसमी ने 1 गिरफ्तारी वारंट तामील करते हुए आरोपियों को गिरफ्त में लिया है। सीधी पुलिस द्वारा सप्ताह में कम से कम एक बार फरार आरोपियों के धर पकड़ एवं गुंडा-निगरानी बदमाश के तलाशी हेतु कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया जाता है, जिसमें विभिन्न अपराधों जैसे हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि जैसे अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई/गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इसी क्रम में अभियान स्तर पर कार्रवाई करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 37 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

## रिकॉर्ड जलाने वाले दोषी पर कब होगी कार्यवाही: पंकज



जागरण, सीधी। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि आरईएस विभाग सीधी में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार की जांच को प्रभावित करने प्रमुख दस्तावेज एवं चेक डीडी में आग लगाने वाले दोषी संविदा डाटा एंट्री आपरेटर के खिलाफ सत्ताधारी दल के राजनैतिक दबाव में आज तक कोई कार्यवाही नही होना भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों को सरंक्षण देने का जीता-जागता उदाहरण है। श्री सिंह ने आगे कहा कि करोड़ों के भ्रष्टाचार की जांच में फंसने के डर एवं तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री को बचाने के लिए आरईएस विभाग के संविदा डाटा एंट्री आपरेटर द्वारा विभागीय डीडी- चेक एवं महत्वपूर्ण कागजों में आग लगा दी। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरईएस विभाग के उच्च अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए आगे कहा कि आखिर आरईएस विभाग में बिना अनुमति विभागीय रिकार्ड जलाने वाले दोषी पर क्यों कार्यवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि आरईएस विभाग सीधी विगत 4 वर्षों से भ्रष्टाचार को लेकर काफी सुर्खियों में बना हुआ था। तत्कालीन ईई द्वारा दो वर्षों से भ्रष्टाचार के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त कर दिया गया था। जब भ्रष्टाचार की तपन राजधानी तक पहुंची तो आनन-फानन में टीम गठन कर जांच शुरू की गई। प्रथम दृष्ट्या दोषी मिलने पर तत्कालीन ईई के साथ दो प्रभारी एसडीओ को निलंबित कर दिया गया। जांच शुरू हुई तो उसकी जद में तत्कालीन प्रभारी लेखापाल संविदा डाटा इंट्री आपरेटर भी आने लगे। लिहाजा लेखापाल के प्रभार से मुक्त होने के बाद उनके द्वारा कार्यालय के बाहर कुछ रिकार्डों में आग लगा दी गई। उनके द्वारा विभागीय रिकार्डों को जलाने से पूर्व कोई अनुमति लेने की जरूरत भी नहीं समझी गई। इस आग में विभागीय डीडी- चेक एवं महत्वपूर्ण कागजात जला दिये गये। विभागीय रिकार्ड जलाने का वीडियो जब सामने आया तो इसके लिये विभागीय जांच के निर्देश दिये गये। यह जांच भी दबाव में उलझ गई। जिसके चलते दोषी तत्कालीन प्रभारी लेखापाल संविदा डाटा इंट्री आपरेटर पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## माता सीता प्राकट्य उत्सव कल



जागरण, सीधी। श्री श्री 1008 श्री स्वामी श्री गोपाल दास महराज अध्यात्म रामायण मंदिर में सीता जी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। सीता नवमी या सीता जयंती हर साल वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस बार यह 5 मई 2025 को होगी। इस दिन माता सीता का जन्म होने के कारण इसे सीता जन्मोत्सव या सीता नवमी के रूप में मनाया जाता है। सीता नवमी माता सीता के जन्म का उत्सव है। यह दिन माता सीता की पूजा और व्रत करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। सीता नवमी वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है, जो आमतौर पर मई-जून के समय में आती है। इस दिन माता सीता की पूजा और व्रत करने से वैवाहिक जीवन में सुख, समृद्धि और संतान प्राप्ति की इच्छा पूरी होती है। उक्त आयोजन में आप सभी भक्तगण दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर पहुंच कर जन्मोत्सव का लाभ लें एवं प्रसाद ग्रहण करें।

**RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI**

**Admission open** for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

# अभियान की सफलता के लिए जनभागीदारी आवश्यक: दिलीप

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत परसिली नाला में प्रभारी मंत्री ने किया श्रमदान



जागरण, सीधी

जिले में प्रवास के दौरान प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत मझौली के ग्राम परसिली के परसिली नाला में श्रमदान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। उनके साथ सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत सदस्य सुमन कोल, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा ग्रामवासियों ने उत्साह के साथ श्रमदान किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हम सभी के जीवन से जुड़ा अभियान है। इस अभियान की सफलता के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को जन आंदोलन बनाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। भावी पीढ़ी को जल संकट से बचाने के लिए, वर्षा के जल को संचय करने तथा धरती मां की प्यास बुझाने इस अभियान में हम सब अपनी भागीदारी निभाएं। प्रभारी मंत्री ने ग्रामवासियों से आहवान किया कि अपने आस-पास के जल स्त्रोंतों को बचाने में योगदान दें। पुराने सभी जल स्त्रोतों के आस-पास स्वच्छता रखें। उनके आस पास रीचार्ज पिट का निर्माण करायें, पानी के अपव्यय को रोकें। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों में उनकी उपयोगिता, गुणवत्ता तथा समय-सीमा का ध्यान रखें। इस अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जावेगी। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि जल है, जंगल है तभी जीवन है। विगत कुछ दशकों में जल स्तर तेजी से घट रहा है। लोगों द्वारा अनियंत्रित जल के दोहन से जल का संकट बढ़ा है। अब हमें सचेत होने की आवश्यकता है। पानी के दुरूपयोग को रोकें, वर्षा जल के संचय के प्रयास करें तथा अधिक संख्या में पौधे लगाएं। सांसद ने कहा कि यदि हम अपनी पुराने जल स्त्रोतों को उपयोगी बना लें तो पानी की समस्या दूर हो जाएगी। विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हम सबके जीवन से जुड़ा अभियान है। इस अभियान में सभी अपना योगदान दें। जनभागीदारी में बड़ी ताकत होती है। लोगों द्वारा किया गया छोटा प्रयास भी अभूतपूर्व परिणाम देने की क्षमता रखता है। सभी के सहयोग से बड़ी चुनौतियों में भी आसानी से विजय प्राप्त की जा सकती है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि जमीन के अंदर का पानी भी अन्य खनिजों की तरह बहुमूल्य है। हमें भूमिगत जल के अनियंत्रित दोहन को रोकना होगा तथा जल के संचय, वाटर रीचार्ज आदि के प्रयास करने होंगे।

## कभी भी गिर सकता है क्षतिग्रस्त विद्युत पोल



जागरण, सीधी। शहर के स्टेडियम मार्ग में बर्मा कॉलोनी केंद्रीय विद्यालय के सामने सड़क के किनारे क्षतिग्रस्त विद्युत पोल हल्की हवा के बयार में ही हिलना शुरू हो जाता है। नीचे से क्षतिग्रस्त सीमेंटेड विद्युत पोल के हिलते ही आसपास के लोगों की सांसे बड़े अंदेशे को लेकर थमने लगती है। यदि व्यस्ततम मार्ग में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल गिरा तो उस दौरान कई लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। तत्संबंध में स्थानीय कैलाश वर्मा द्वारा एमपीईबी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित भी किया जा चुका है। शिकायत करने के तीन दिन बाद भी लापरवाह विद्युत अमले द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को बदलने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। लिहाजा यहां के रहवासियों में काफी आक्रोश भी है। चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने कहा कि क्षतिग्रस्त विद्युत पोल के कारण बच्चों की देखभाल को लेकर सबसे ज्यादा चिंता बनी हुई है।

# वैश्य महासम्मेलन के लिये जाति जनगणना वरदान है: सुधीर



जागरण, सीधी। केन्द्र सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने का वैश्य महासम्मेलन स्वागत करता है। जाति जनगणना वैश्य महासम्मेलन के लिये वरदान है। यह बातें आज वैश्य महासम्मेलन मप्र की सीधी में आयोजित क्षेत्रीय बैठक में आये प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा के दौरान कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज के 47 घटक हैं। जाति जनगणना के बाद सभी घटक मिलाकर ओबीसी के समक्ष खड़े नजर आयेंगे। एक सवाल के जवाब में उनका कहना था कि वैश्य महासम्मेलन की कोई राजनीतिक इच्छा नहीं है। यह अवश्य है कि समाज के लोगों का भी भला हो। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने कहा कि सीधी में आज क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सीधी संभाग के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। आज यहां 11 जिला बैठकें तय हुई हैं, जिनका सिलसिला चलता रहेगा। 1 जून 2025 को इंदौर में सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया जा रहा है, इसमें विधवा, विधुर, दिव्यांग जन के साथ ही बड़ी उम्र के लोगों का विवाह सुनिश्चित किया जायेगा। पिछले वर्ष तक आयोजित सामूहिक विवाह में करीब 7500 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी, उम्मीद है कि इतनी संख्या में इस वर्ष भी प्रविष्टियां प्राप्त होंगी। उनके द्वारा वैश्य महासम्मेलन के आगामी कार्य योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संदेश जैन, प्रदेश संगठन मंत्री विजय झांझरी, प्रदेश महामंत्री राजकुमार गुप्ता, हरिओम गुप्ता, मनीष गुप्ता, भोला प्रसाद गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष आलोक केशरी, जिला अध्यक्ष सीधी दिनेश गुप्ता, जिला युकां अध्यक्ष डॉ. राहुल जायसवाल, जिला अध्यक्ष ब्यौहारी जवाहर गुप्ता, जिला प्रभारी युवा इकाई विजय गुप्ता, जिला प्रभारी राजकुमारी गुप्ता, संभागाध्यक्ष शहडोल कीर्ति कुमार सोनी आदि सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## फसल नहीं पहुंची खरीदी केंद्र और पोर्टल हो गया बंद: ज्ञान



जागरण, सीधी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बयान जारी करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार के ऊपर आरोप लगाया कि वह 100 प्रतिशत किसानों की फसल खरीदी नहीं करना चाहती है इसीलिए सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार 5 मई को खरीदी की अंतिम तिथि होने के बावजूद 10 दिन पहले से ही फसल बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग का पोर्टल बंद कर दिया गया जिससे किसानों को मजबूरन अपनी फसल बाजार में कम दाम में बेचनी पड़ रही है। जिसका फायदा बिचौलिए उठा रहे हैं साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर अपने किए चुनावी वादे से मुकरने का भी आरोप लगाया जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में भाजपा ने 2800 रुपए में गेहूं खरीदने का वादा किया था लेकिन 26 रुपए किलो में खरीदी की जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने गेहूं खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था पर भी अपना गुस्सा जाहिर करते हुए सरकार और प्रशासन पर आरोप लगाया कि खरीदी केंद्रों पर किसान परेशान हो रहे हैं। उन्हें पीने के लिए पानी और अपनी फसल को बेचने तक इंतजार करने के लिए छाया की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कड़ी धूप में अन्नदाता अपनी फसल को बेचने के लिए बैठने को मजबूर है जबकि भाजपा सरकार किसानों के हितैषी होने के बड़े-बड़े दावे करती है जो पूरी तरह झूठा साबित हो रहा है। जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सरकार और प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि सरकारी खरीदी की तिथि को आगे बढ़ाया जाए साथ ही स्लॉट बुकिंग पोर्टल को तत्काल प्रारंभ किया जाए, जिससे 100 प्रतिशत किसान अपनी फसल समितियों के माध्यम से बेच सकें और उन्हें अपनी फसल का उचित दाम मिले और बिचौलियों के हाथों लूटने से बच सके भाजपा सरकार अपना वादा निभाते हुए किसानों की फसल का 2800 रुपए क्विंटल भुगतान करें। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की है कि सभी खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया और पेयजल की तत्काल व्यवस्था की जाए।

# संजय टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में बेरोंकटोक ग्रामीणों का प्रवेश



जागरण लापरवाही



## जंगल क्षेत्र की व्यवस्थाओं में बनी हुई है मनमानी

### कोर क्षेत्र में ग्रामीणों के आने से वन्यजीवों का भारी खतरा

जागरण, सीधी

सीधी जिले की पहचान बना संजय टाइगर रिजर्व में आजकल मैदानी अमले की मनमानी से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। विशेष संरक्षित वन क्षेत्र जहां वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत किसी व्यक्ति का प्रवेश भी वर्जित होता है। वहां कोर क्षेत्र में बाहर से आए हुए लोग महुआ बिनते हैं। यही नहीं महुआ बिनने वाले लोग कोर क्षेत्र के गांवो के अलावा आसपास के 10 किलोमीटर दूर के ग्रामों से भी कैंप डालकर महुआ बीनने से भी परहेज नहीं करते। जंगल में आग लगाकर पेड़ों के नीचे सफाई करते हैं। यही आग फैलकर हजारों हेक्टेयर जंगल जला देती है। आग में काबू पाने का प्रयास ना बीट गार्ड करते हैं ना चौकीदार या फायर वाचर। प्रायः बीट गार्ड वन क्षेत्र की चौकियो से गायब रहते हैं और बिना विभागीय अनुमति के शादी ब्याह के निमंत्रण में चले जाते हैं। साथ ही पेंड्रा ताल से बघनाद तक और बहेरवार में लोहराधार जो बाघों का सर्वोत्तम रहवास है। जलकर खाक हो गया। वन्यजीवो से भरा हुआ दुबरी रेंज का चारागाह वन क्षेत्र जानवरों की संख्या के अनुपात में अत्यधिक कम हो गया। चीतल कमजोर और बीमार दिखने लगे।

### पानी की कमी से वन्यजीवों का बना भटकाव

गर्मी में पानी की समस्या से वन्य जीवों को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। छोटे-मोटे नदी नाले सूख जाते हैं। कुछ मुख्य नदी नालों का पानी बचता है। वहां भी ग्रामों के मवेशी प्रवेश कर जाते हैं। विभाग द्वारा कुछ कृत्रिम जल स्रोत बनाए गए थे। जिस ओर वर्तमान वन प्रबंधन का ध्यान नहीं है। सोसर बनाए गए जिनको टैंकर से पानी भरा जाता था पर वर्तमान में कभी कभार इस इन स्थानों में पानी डाला जाता है इसलिए ज्यादा समय तक सूखे पड़े रहते हैं। कुछ क्षेत्रों में सोलर पैनल लगाकर जलस्रोत बनाएं गए थे। जो 80 प्रतिशत बिगड़े हुए पड़े हैं। किसी को बंदरों ने तोड़ा किसी को हाथियों ने कोई रख रखाव की कमी से खराब हो गया पर विभाग एक बार लगाकर सोलर पैनल को भगवान भरोसे छोड़ दिया। कोर क्षेत्र में वनोपज का दोहन और अवैध प्रवेश वर्जित होता है परंतु पूरे संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में परिधि के ग्रामों से आए हुए लगभग दस हजार लोग कोर क्षेत्र के दूरस्थ जंगल तक प्रवेश कर तेंदूपत्ता तोड़ते हैं। जिन्हें किसी प्रकार से रोकने का प्रयास वन प्रशासन नहीं करता है।

### छोटे वन्यजीवों के सुरक्षा को लेकर लापरवाही

संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में सैकड़ों प्रजाति के छोटे वन्यजीव बहुतायत में हैं। छोटे वन्यजीव अधिकांशतः टाइगर रिजर्व क्षेत्र से निकलकर आबादी क्षेत्र के आसपास भी रात में विचरण करने के लिए निकल जाते हैं। इनसे समीपी आबादी क्षेत्र को भी कोई खतरा न होने से लोग परवाह नहीं करते। यह दीगर बात है कि छोटे वन्यजीवों का अवैध शिकार आबादी क्षेत्र के आसपास कई बार हो जाता है। छोटे वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर यहां तैनात वन अमला भी ज्यादा गंभीर नहीं रहता। इसी वजह से इसको लेकर लापरवाही हमेंशा से बनी रही। बीट गार्डों को जिनको अपने क्षेत्र में वन्य जीवों पर नजर रखनी चाहिए साथ में वहां के वन क्षेत्र भी सुरक्षित रहें इस पर पैनी नजर रखी जानी चाहिए। टाईगर रिजर्व क्षेत्र में इस बात को लेकर कभी भी गंभीरता नहीं रही और यह लापरवाही कई बार भारी पड़ जाती है।

# नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अखंड भारत बनेगा इसकी शुरुआत पाक अधिकृत कश्मीर से होगी : संजय पाठक




## विजयराघवगढ़ भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन सम्पन्न

**जागरण, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई। सम्मेलन में देश के बदलते परिदृश्य, विकास योजनाओं और पार्टी की उपलब्धियों पर विचार साझा किए गए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने कहा कि आप सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज बूथ से लेकर देश के बड़े हिस्से में भाजपा सत्ता के माध्यम से जनसेवा कर रही है। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता भारत की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के मिशन में अपना योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार देश को विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है आज विश्व में भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जा रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अखंड भारत निर्माण को गति मिलेगी, जल्द ही पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विश्वास और स्थायित्व का माहौल बना। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने न केवल विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सम्मान दिया। भाजपा ने महिला सम्मान के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण कानून लागू किया है। मैं आप सभी कार्यकर्ताओं से केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याण की योजना को जन जन तक पहुंचाने और देश के विकास में अपना भी योगदान दें। मैं चाहता हूं आपके गांव बस्ती का विकास बूथ स्तर के कार्यकर्ता के मन के अनुरूप विकास हो आप सभी विकास कार्यों की रूप देखा के विषय में अपने विचार जरूर बताएं। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित, लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। पिछले दिनों सदस्यता अभियान में विजयराघवगढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक कार्य करते हुए प्रदेश में ऊंचे स्थान पर सदस्यता ग्रहण कराई है। हमारी पार्टी राष्ट्र की भावना से समर्पित पार्टी है अन्य पार्टिया तो सिर्फ परिवारवादी पार्टी है भाजपा सिर्फ कार्यकर्ताओं की पार्टी है एक छोटा सा कार्यकर्ता भी भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनने का सपना देख सकता है।

जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि हम सब सक्रिय सदस्य भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही हैं हम लोग लगातार पार्टी के लिए काम करते हुए पार्टी को आगे बढ़ा रहे हैं आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। सम्मेलन का संचालन जिला मंत्री डारेश्वर पाठक एवं आभार प्रदर्शन पूर्व मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चौहान ने किया। सम्मेलन में विधायक संजय पाठक, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महामंत्री सतीश तिवारी, सुरेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, श्रीमती शांति यादव, जिला मंत्री डारेश्वर पाठक, विजय गुप्ता, आशीष गुप्ता बाबा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल, श्रीमती सुधा जायसवाल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, तीनों नगर परिषदों के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, श्रीमती वसुधा मिश्रा, श्रीमती मनीषा शर्मा, विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, भवानी राजा मिश्रा, जगदीश गुप्ता, मनोज तिवारी, प्रमोद सोनी, केशव यादव सहित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# पर्निका के पिता ने की जांच की मांग

## बेटी ने अपने पिता से मृत्यु के पहले बयां किया था दर्द

**जागरण, कटनी।** बसंत कुंज उत्तर दक्षिण दिल्ली में रहने वाली कटनी की बेटी पर्निका के मृत्यु के पहले अपने पिता से कहे शब्द दिल को झकझोर देने वाले हैं। अतिरिक्त दहेज डिमांड पूरी न करने पर पति की प्रताड़ना से परेशान पर्निका ने मृत्यु के कुछ दिनों पहले फोन पर अपने माता पिता और भाई से दर्द बयान करते हुए बोली, पापा मुझे इतना मारा की मेरा पूरा शरीर दुख रहा हैं लगता हैं मुझे मार डालेंगे। इतना ही नहीं दानवों की सख्ती से आखिरकार पर्निका जिंदगी की जंग हार गईं और 28 अप्रैल को वसंत कुंज उत्तर दक्षिण दिल्ली के अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में 28 वर्षीय युवती पर्निका का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। 28 वर्षीय पर्निका जैन के पिता अजय जैन निवासी हीरागंज कटनी ने उक्त मामले मे दिल्ली में पदस्थ डॉ.आयुष भदोरा सहित पुलिस पर उनकी मृत्यु की उचित जांच करने में विफल रहने का आरोप लगाया है और अब वे अपनी बेटी के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। पर्निका के पिता



ने जस्टिस फॉर पर्निका के लिए मांग करतें हुए बताया कि बेटी पर्निका जैन पिता अजय जैन निवासी हीरागंज की शादी विगत वर्ष दिल्ली में पदस्थ डॉ आयुष भदोरा से हुई थी। दोनों दिल्ली में रह रहे थे और पर्निका भी कही जॉब करती थी। शादी के बाद से ही लगातार लड़की को दहेज के लिए प्रताड़ित करना एवं लगातार उसके साथ मारपीट करना ऐसे कृत्य करना शुरू हो गया था। विगत दिवस लड़की की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। पर्निका के पिता ने न्याय की मांग की है।

## चोरी की दो मोटर साइकिल के साथ एक वाहन चोर गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत जिला चिकित्सालय से एक पल्सर और एक स्कूटी अज्ञात चोर ने पार कर दी थी जिसकी शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही करतें हुए मोहम्मद यादनान पिता हाजी गुलाम अहमद 25 वर्ष निवासी भट्टा मोहल्ला को पल्सर और स्कूटी के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की हैं। मामले में पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है, साथ ही चोर के द्वारा किये गये अन्य कार्यों की भी पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह सहित आशीष दुबे, नीरज तिवारी, दीपक तिवारी, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, वीरेंद्र सिंह, विजय गिरी सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अनुबंध निष्पादित नहीं करने पर अमानत राशि राजसात करते हुए निरस्त की निविदा

## निविदाओं में भाग लेने हेतु दो वर्ष के लिए किया प्रतिबंधित

**जागरण, कटनी।** निर्धारित समयावधि उपरांत भी अनुबंध निष्पादित नहीं करने एवं निविदा शर्तो का पालन न करने पर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने ठेकेदार दिलावर खान, भट्टा मोहल्ला कटनी को फारमेंस एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की राशि जमा कराते हुये स्वीकृति निविदा निरस्त कर ठेकेदार की जमा अमानत राशि को राजसात करते हुये नगरपालिक निगम कटनी की निविदाओं में भाग लेने हेतु 2 वर्ष तक के लिए प्रतिबंधित किया है। विदित हो ठेकेदार दिलावर खान को रामकृष्ण परमहंस वार्ड कमांक 34 बिलगवाँ रोड़ रिटर्निग वाल निर्माण कार्य का एलओए दिनॉक 15 जून 2023 को जारी करते हुये परफारेमेंस गारन्टी एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की राशि जमा करते हुये 15 दिवस में अनुबंध करने हेतु सूचित किया गया था, परन्तु संबंधित ठेकेदार द्वारा समयावधि उपरान्त भी कार्य में रुचि नहीं दिखाते हुए अनुबंध निष्पादित नहीं किया। जिससे संबंधित ठेकेदार को कार्यालयीन पत्र के द्वारा भी 3 दिवस में अनुबंध किए जाने हेतु निर्देशित किया था किंतु संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्देशों की अवहेलना करते हुए विकास कार्य को प्रभावित किया। जिसके चलते आयुक्त ने ठेकेदार द्वारा निविदा शर्तों का पालन न करने के कारण परफारमेंस एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की राशि जमा करते हुए अनुबंध निष्पादित न करने की स्थिति में जमा अमानत राशि राजसात कर स्वीकृत उक्त कार्य की निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के आवेदनों हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

## 5 मई तक प्रमाणित साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकेंगे दावा आपत्ति

**जागरण, कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी सीमांतर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 45 तक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत प्राप्त आनलाईन आवेदनों के संबंध में प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति 5 मई 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा इस संबंध में जारी सूचना में मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवनए द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत प्राप्त आनलाईन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर भौतिक सत्यापन तथा पात्रता परीक्षण किये जाने के उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किए जाने का लेख किया गया है। निगमायुक्त ने आम जनों को सूचित किया है कि यदि किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह 5 मई 2025 को समय दोपहर 1 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नही होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय में चस्पा की गई हैं। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती हैं।

## कटनी नदी में मोटर पम्प लगाकर पानी खींचने पर कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए सार्वजनिक जलस्रोतों का पेयजल के अलावा उपयोग करने पर रोक लगाते हुए आदेश जारी किया है एवं जारी आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए हैं। उक्त आदेश के परिपालन में नगर निगम कटनी द्वारा शुक्रवार को कटनी नदी में लगाये गए मोटर पम्पों को जब्त करने की कार्यवाही की जाकर दो किसानों राजू पटेल ग्राम घिनौची एवं हीरालाल यादव ग्राम घिनौची के मोटर पंप जब्त करने की कार्यवाही की गई प्रभारी अधिकारी जलप्रदाय द्वारा बताया गया कि आगे भी इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# वर्षा ऋतु में जलप्लावन की समस्या से निपटने आवश्यक इंतजाम पूर्ण करें : महापौर

**जागरण, कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शुक्रवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी स्वच्छता संबंधी कार्यो का प्रातः निकाय क्षेत्रों का भ्रमण कर अमले द्वारा किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण जरूर करें। नगर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इसलिए अभी से जल निकासी की व्यवस्था में स्वास्थ्य अमला जुट जाएं। मेनपावर, मशीनरी आदि सभी आवश्यक इंतजाम अभी से पूर्ण कर लिए जाएं। बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं विभाग के अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

**जल भराव की समस्या से निपटने तैयार करें ठोस प्लान :** महापौर श्रीमती सूरी ने बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ताकीद किया कि आगामी वर्षा काल में नगर के सभी नगरीय क्षेत्रों में चिन्हित जल भराव क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए अभी से ही तैयारी करें संसाधन और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर इन क्षेत्रों में जलभराव ना हो इसके लिए निष्कर्ष निकाले। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एक ठोस प्लान तैयार करें। जेसीबी मशीन एवं ट्रेक्टर ट्राल, आदि वाहना के टेंडर की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाये।

**फागिंग मशीन चलने तैयार करें कैलेंडर :** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बैठक के दौरान नगर के समस्त 45 वार्डो में मच्छरों से निजात दिलाने फागिंग मशीन से धुआं किए जाने हेतु कैलेंडर तैयार करने तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर फागिंग मशीन से धुआं कराने के निर्देश दिए। महापौर ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि इस कार्य में वार्ड पार्षदों का सहयोग लिया जाए तथा रजिस्टर में क्षेत्रीय नागरिकों के हस्ताक्षर भी कराया जाए।

**नदीपार मुक्तिधाम परिसर में रोजाना करें सफाई :** महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नदी पार स्थित मुक्तिधाम पहुंच मार्ग एवं मुक्तिधाम परिसर की सफाई हेतु 1 कर्मचारी पृथक से नियुक्त किया जाये। इसके अतिरिक्त नगर के अन्य स्थलों के मुक्तिधाम परिसर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु वार्ड के सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करें।

### गंदगी फैलाने वालों पर होगा जुर्माना

बैठक के दौरान नगर की सुचारू व्यवस्था हेतु मुख्य मार्ग पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही करने हेतु अभियान चलाने के निर्देश महापौर ने दिये। महापौर ने कहा कि वार्ड में दरोगा एवं स्वच्छता निरीक्षक जब निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे, तभी सफाई कर्मचारी भी अपने दायित्व पर समय से उपस्थित होकर सफाई कार्य कर सकेंगे। इस हेतु अधिकारी कड़ाई करना सुनिश्चित करें। यह भी ध्यान रखें कि सफाई कर्मचारी निर्धारित यूनिफार्म एवं आवश्यक संसाधनों के साथ अपने दायित्व में उपस्थित हों।

**रोजाना करें नालियों का निरीक्षण :** वर्षा काल के दौरान वार्ड में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो, इस हेतु वार्ड के सफाई कर्मचारी नाली चोक होने वाले संभावित स्थलों की रोजाना जांच करें एवं सुगम बहाव हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान नाली में कचरा फेंकने वालों को समझाइश दें तथा नागरिकों से पृथक.पृथक सूखा एवं गीला कचरा संग्रहित करे। बैठक के दौरान हॉका गेंग के माध्यम से किये जा रहे कार्यो कीटनाशक दवाइयों की उपलब्धता, फूल माला वाहन के कार्यों सहित वार्डो में नियुक्त सफाई कर्मचारी एवं उनके द्वारा किये जा रहे कार्य की गुणवत्ता आदि की जानकारी ली जाकर नगर की सफाई व्यवस्था के कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश महापौर ने दिये।

## असामाजिक तत्वों की उगाही से तंग परिवार छोड़ रहा था शहर, हिंदू संगठन ने रोका

**छतरपुर ।** शहर के टौरिया मोहल्ला में चित्रा टाकीज के पास रहने वाले अनिल कुमार गुप्ता के परिवार को असामाजिक तत्वों की उगाही और धमकियों से तंग आकर शहर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। हालांकि हिंदू संगठन की पहल और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिवार रुक गया है। पुलिस ने मामले में फिलहाल एक आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की है। पीड़ित अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राजा खान और उसके साथी उनके बेटे अंकित पर मोबाइल तोड़ने का झूठा आरोप लगाकर पैसे मांग रहे थे। परिवार ने 10 हजार रुपये दे दिएए लेकिन आरोपी और पैसे मांगने लगे। पैसे न देने पर धमकियां दी गईए जिससे वह परिवार के साथ शहर छोड़ने की तैयारी में था। वहीं जब इस मामले की जानकारी भगवा ब्रिगेड के प्रशांत महतो को मिली तो उन्होंने परिवार को रोका और पुलिस को सूचना दी। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि अनिल कुमार गुप्ता की शिकायत पर दो आरोपी राजा खान और सालू खान को गिरफ्तार किया गया है। बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज करए राजा खान को जेल भेज दिया गया है ।

### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# खजुराहो में आज बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी महाराजा छत्रसाल की जयंती





**जागरण, खजुराहो ।** पर्यटन नगरी मतंगेश्वर महादेव की पावन धरा खजुराहो में पहली बार ऐतिहासिक रूप से बुंदेलखंड क्षेत्र में सनातन का विजई पताका फहराने वाले महाराज छत्रसाल की आज जयंती मनाई जानी हैए दिनांक 4 मई 2025 को दिन रविवार के इसके संदर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से करणी सेना जिला उपाध्यक्ष धीरू राजा बुंदेला के द्वारा बताया गया कि विशाल शोभायात्रा धौलागिरी प्राचीन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर छत्रसाल चौराहा बस्ती चौराहे पर संपन्न होगीए महाराजा छत्रसाल के रथ के साथ अनेक प्रकार के आकर्षण एवं सुसोभित झांकियां इस शोभा यात्रा में शामिल होंगे ।

बुंदेलखंड के क्षेत्र वासियों से करणी सेना जिला उपाध्यक्ष धीरू राजा बुंदेला ने शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की है ज्यादा से ज्यादा संख्या में शोभायात्रा में शामिल हों प्रेस वार्ता के दौरान बैठक में प्रमुख रूप से शामिल रहे खंड व्यवस्था प्रमुख आनंद चतुर्वेदीएमोहन रजक एनवल नामदेव ए विरेन्द्र सीगौत एवं अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष धीरू सिंह बुंदेला ने प्रेस वार्ता के माध्यम से कहा की उक्त यह आयोजन बड़े ही विराट रूप में आयोजित किया जा रहा है जिसमें सर्व समुदाय के लोग उपस्थित होंगे तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से कई और अन्य आकर्षण भी है जो मंच के माध्यम से लोग अपनी प्रस्तुतियां के द्वारा दिखाने का प्रयास करेंगेए वहीं बुंदेलखंड अंचल से कई वरिष्ठ वक्ताओं के द्वारा महाराजा छत्रसाल की महिमा भी प्रस्तुत की जाएगी ।

## भीषण सड़क दुर्घटना में छतरपुर के अरुण खरे की मौत जबकि उनके पुत्र घायल



**छतरपुर ।** छतरपुर की चौबे कॉलोनी में डॉक्टर आभा खरे के पास रहने वाले पोस्ट ऑफिस के रिटायर्ड कर्मचारी अरुण खरे और उनके पुत्र भानु खरे आज सुबह तकरीबन 9.00 बजे अपनी कार से अपनी बेटी के पास छतरपुर से भोपाल जा रहे थे। दोपहर तकरीबन 12रू30 बजे दलपतपुर के पास भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें अरुण खरे की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि उनके पुत्र भानु खरे बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हें पहले बंडा अस्पताल ले जाया गया और गंभीर हालत होने के कारण वहां से उन्हें भोपाल के बंसल अस्पताल रेफर किया गया है। पता चला है कि जानकारी लगने के बाद अरुण खरे की पत्नी सुषमा खरे जो कि रिटायर्ड शिक्षिका है वह भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है।

### पश्चिम मध्य रेल
**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-75-2025, दिनांक: 01/05/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर खंड के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक नवीकरण कार्यों के संबंध में सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 52 किग्रा/60 किग्रा/90 यूटीएस रेल इन-सीटू की वेल्डिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1,21,78,696/- **बयाना राशि:** ₹ 2,10,900/- **समापन अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 27.05.2025 **निविदा खुलने का खुलने समय 15.15 बजे तिथि:** 27.05.2025. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps. gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# पान मसाला निर्माण के लायसेंसों के संबंध में सही वस्तुस्थिति

**जागरण, छतरपुर ।** अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि विगत कुछ समय से समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित खबरों में छतरपुर जिले में संचालित पान मसाला निर्माण के 306 लायसेंस जारी होना प्रकाशित किया गया है। जबकि संपूर्ण छतरपुर जिले में कुल जारी खाद्य लायसेंस की संख्या 327 हैं। जिनमें से पान मसाला निर्माण के लिये कुल 02 खाद्य लायसेंस जारी किये गये हैं। यह लायसेंस ऑनलाईन पॉटल पर दी गई केटेगरी में से 100 नंबर केटेगरी के लिये जारी किये गये हैं। चूंकि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत किसी भी खाद्य पदार्थ में तंबाकू का उपयोग प्रतिबंधित हैं। इसलिये इस प्रशासन द्वारा केवल सुपारी या पान मसाला निर्माण के लिये खाद्य लायसेंस जारी किये जाते हैं। इस प्रशासन के द्वारा प्रतिबंधित गुटखा बनाने का कोई भी लायसेंस जारी नहीं किया गया हैं।

समाचार पत्र द्वारा यह खबर भी प्रकाशित की गयी हैं। कि लवकुशनगर स्थित पान मसाला फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा जब्त की गयी सामग्री को रिलीज कर फर्म का लायसेंस नियम विरूद्ध तरीके से बहाल कर दिया गया हैं। जबकि घटना दिनांक को जब्त की गई संपूर्ण सामग्री अभी भी यथस्थिति में हैं। इस कार्यालय द्वारा कोई भी जब्ती को रिलीज नहीं किया गया हैं। घटना दिनांक को लवकुशनगर स्थित पान मसाला फैक्ट्री के निर्देशक मौके पर उपस्थित नहीं थे एवं उनके सुपरवाईजर एवं स्टॉफ के द्वारा निर्माण सामग्री एवं बिल आदि की संतोष जनक जानकारी नहीं दी गयी थी जिससे उक्त फर्म का लायसेंस निलंबित कर दिया गया था। बाद में फर्म के निर्देशक के द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त जानकारी प्रस्तुत की गयी। जिससे तथ्यों के आधार पर फर्म के लायसेंस का निलंबन निरस्त कर उसे निमयानुसार बहाल किया गया हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित यह खबर भी निराधार हैं।

### CHANGE OF NAME

I Ved Prakash Is Son Of Army No-4575084F Rank Hav Name Brijesh Kumar Mishra Serving In 3 Mahar Regt C/o 56 Apo Home Address Vill - Hardi, Po-teondhari (rampur Baghelan), Ten-amarpatan, Dist - Satna, State - (M.P.) Pin-485115, Do Hereby Solemnly Affirm and Declare On Oath As Follows:- That I Have Changed My Name From Ved Prakash To Ved Prakash Mishra Due To Avoid Any Future Controversy. That I Am Producing This Affidavit For The Purpose Of Evidence For My Name. That Both The Name's From Ved Prakash To Ved Prakash Mishra Pertain To One And The Same Person. That I Shall All Time Hereafter In All Records, Deeds And Writing And All Proceeding Dealing With Transaction, Private As Well As Under All Documents What So Ever Be Known As Only Ved Prakash Mishra. That What Is Stated Above In True And Correct To Best Of My Knowledge, Information And Belief. Nothing Material Has Been Concealed There From.

Ved Prakash Mishra
RN- 82233

### लेकसिटी हॉस्पिटल
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980

जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
• जले मरीजों का इलाज मुफ्त
• जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत नि:शुल्क किए जा रहे हैं

### लोन
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## सहारा बैंक का भुगतान न होने पर परेशान हो रहे खातेदार

**छतरपुर ।** सहारा बैंक द्वारा जिले के लोगों को अच्छे अच्छे प्रलोभन देकर उनका करोड़ों रुपये विभिन्न स्कीमों के माध्यम से जमा कराया था लेकिन कई सालों से खातेदारों का पैसा भुगतान नहीं किया जा रहा है जिस कारण खातेदार परेशान हैं। केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष कुछ भुगतान करने के आदेश जारी किये थे। जिससे खातेदारों ने अपने.अपने खातों का ऑनलाइन स्टेटमेंट भेजा था।

### नाम सुधार सूचना

मैं ररत्ना धवन (Rratna Dhawan) पति राहुल ओमप्रकाश धवन पुत्री स्व. बैजनाथ खरें उम्र 47 वर्ष निवासी 17/438 शिशु शिक्षा मंदिर स्कूल के समीप नरेन्द्र नगर थाना अमहिया तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. की निवासी हूँ मेरा आधार नं0 3639 4438 5971 है मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूँ। मेरा विवाह राहुल ओम प्रकाश धवन पिता श्री ओम प्रकाश धवन निवासी 305 बी विंग पंचतंत्र 2 पंच मार्ग यारी रोड अंधेरी पश्चिम (305 B WING PANCHTANTRA 2 PANCH MARG YARI ROAD ANDHERI WEST) मुम्बई महाराष्ट्र से दिनांक 26/07/2016 को रेड कार्पेट वार्ड क्र0 04 ग्राम चोरहटा रीवा थाना चोरहटा तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) में सम्पन्न हुआ था। मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा नाम रत्ना खरें (Ratna Khare) अंकित है। जबकि विवाह के उपरांत मेरा नाम परिर्वत्ति होकर के ररत्ना धवन (Rratna Dhawan) हो गया है अत: मेरे समस्त अभिलेखो में मेरा नाम रत्ना खरें (Ratna Khare) की जगह ररत्ना धवन (Rratna Dhawan) दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

ररत्ना धवन (Rratna Dhawan)
RN-82234

### अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
(NAAC द्वारा मान्यता प्राप्त 'B++' ग्रेड विश्वविद्यालय)

**शैक्षणिक सत्र 2024-2025 हेतु Ph-D- कार्यक्रम की प्रवेश सूचना**

UGC रेगुलेशन–2022 एवं दिनांक 27–28 मार्च 2024 को जारी UGC परिपत्र के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए Ph-D- कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

संबंधित विषय में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि धारक अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र हैं। आरक्षण संबंधी अर्हताओं के लिए अंकों में छूट UGC नियमों के अनुसार लागू होगी। पात्रता, शुल्क, पाठ्यक्रम, प्रवेश परीक्षा से छूट आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें: https://apsurewa.ac.in

आवेदन की अंतिम तिथिरू 25 मई 2025

कुल सचिव

# सफल आयोजन के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दें : कलेक्टर



## रामनगर में अधिकारियों की बैठक में दिये गये निर्देश

**जागरण मंडला।** रविवार एवं सोमवार को आयोजित किए जा रहे आदि उत्सव के तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने रामनगर के कार्यक्रम स्थल में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय आदि उत्सव आयोजन के लिए सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, सभी अधिकारी निर्धारित ड्यूटी का पालन करते हुए कार्यक्रम का सफल आयोजन कराएं। इसके लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दें। कार्यक्रम के मिनिट-टू-मिनिट सीक्वेंस की जानकारी देते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि रविवार को सुबह 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर एवं दिव्यांग शिविर आयोजित होंगे। दोनों शिविरों के साथ-साथ कृषि एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। दोपहर बाद आदिवासी लोक संस्कृति से जुड़ी संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसके बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 5 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत बारात निकासी, विवाह/निकाह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके बाद हितलाभ वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि दो दिवसीय संपूर्ण कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले सड़क मार्ग की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, चलित शौचालय, भोजन, पार्किंग, फायरब्रिगेड आदि की तैयारियां समय के पहले पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे, ईईआरईएस, ईईपीडब्ल्यूडी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री रोहित बड़कुल, जिला परिवहन अधिकारी श्री विमलेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सीएस डॉ. विजय धुर्वे, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया श्री रमेश मंडावी, सीएमओ नगरपालिका मंडला श्री गजानंद नाफड़े, एपीओ जिला पंचायत श्री कपिल तिवारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

### आदि उत्सव में होगा विशिष्ट अतिथियों का आगमन

4 एवं 5 मई को रामनगर में आयोजित किए जा रहे आदि उत्सव में 4 मई 2025 को मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आगमन प्रस्तावित है। केन्द्रीय मंत्री जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार श्री जुएल ओराम विशिष्ट अतिथि तथा अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग श्री अंतरसिंह आर्य एवं मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी म.प्र. शासन श्रीमती संपतिया उइके सम्माननीय अतिथि होंगे। आदि उत्सव कार्यक्रम में 5 मई को मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री जन.जा. कार्य मंत्रालय भारत सरकार श्री दुर्गादास उइके एवं मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी म.प्र. शासन श्रीमती संपतिया उइके होंगे।

# मंत्री संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने आदि उत्सव कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया



**जागरण मंडला।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने शनिवार को मंडला जिले के रामनगर में 4 एवं 5 मई को आयोजित होने वाले आदि उत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि 2 दिवसीय आदि उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आदि उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को प्रातः 11 बजे से होगा। आदि उत्सव कार्यक्रम में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह, ट्रायबल मिलेट्स फेस्टिवल, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांग शिविर एवं आदिवासी संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी संपन्न किये जायेंगे। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में पहुँचने के लिए सड़क मार्ग एवं रूटचार्ट व्यवस्थित रूप से जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, फायरब्रिगेड, चलित शौचालय, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे, ईईआरईएस, ईईपीडब्ल्यूडी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री रोहित बड़कुल, जिला परिवहन अधिकारी श्री विमलेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सीएस डॉ. विजय धुर्वे, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया श्री रमेश मंडावी, सीएमओ नगरपालिका मंडला श्री गजानंद नाफड़े, एपीओ जिला पंचायत श्री कपिल तिवारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## खनिज अधिकारी के सख्त आदेश पर विभाग के कर्मचारीयों ने की जांच शुरू अवैध परिवहन करते 2 ट्रेक्टर जप्त

**जागरण मंडला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर मण्डला के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायत के आधार पर तथा कलेक्टर के निर्देशानुसार शनिवार 3 मई को ग्राम चिरईडोंगरी में खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त दो वाहन महिन्द्रा ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 जेडटी 9643 एवं महिन्द्रा ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 जेडडी 6195 को नैनपुर क्षेत्र अन्तर्गत खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी, चौकी पाण्डीवारा की सुपुर्दगी में दिया गया।

# चोरी का चौंकाने वाला खुलासा, घर की बहू ने साथी संग उड़ाए 17 लाख के जेवर और नकदी



**जागरण डिंडोरी।** थाना कोतवाली डिंडौरी क्षेत्र अंतर्गत साकेतनगर में एक सूने मकान से लाखों रुपये की चोरी के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। फरियादी रामगोपाल तिवारी (उम्र 70 वर्ष) की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 229/2025 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गाप्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में टीम गठित कर विवेचना की गई। जांच के दौरान घटनास्थल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेह घर के अंदर के व्यक्तियों पर गया। सघन पूछताछ में फरियादी की बड़ी बहू प्रिया तिवारी द्वारा अपने साथी आसिफ खान निवासी विक्रमपुर के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया गया।

आरोपियों की निशानदेही पर जबलपुर और विक्रमपुर से चोरी गये सोने-चांदी के जेवरात (130.9 ग्राम सोना और 3.682 किलोग्राम चांदी, कुल मूल्य 16,26,240 रुपये) तथा नगद एक लाख रुपये बरामद किए गए। कुल बरामद मशरूका 17,26,240 रुपये का रहा। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी दुर्गाप्रसाद नगपुरे के साथ उनि संजय धुर्वे, सउनि प्रवीण खम्?परिया, सउनि विपिन जोशी, सउनि मुकेश बैरागी, प्रआर. 202 मुकेश प्रधान (सायबर सेल), प्रआर. 318 देवेन्द्र पटले, म.प्रआर. 196 बबीता तेकाम, आर. 211 सत?येन्द्र डेहरिया, आर. 167 विशाल पटेल, आर. 332 श्याम तिवारी, आर. 350 नीलेश साहू, म.आर. 416 भगवती रावत, आर. 20 जगदीश प्रसाद (सायबर सेल) एवं चालक आर. 395 मनोज कुंजाम की अहम भूमिका रही।

# डिंडोरी शहर में वाटर कूलर का शुभारंभ, आमजन को मिलेगी शुद्ध ठंडे पानी की सुविधा

**जागरण डिंडोरी।** शहर की आम जनता को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डिंडोरी के जबलपुर बस स्टैंड परिसर में वाटर फिल्टर कूलर का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर डिंडोरी श्रीमती नेहा मारव्या ने नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक तथा पार्षदगण श्री रितेश जैन, श्री रजनीश राय, श्रीमती लक्ष्मी एवं श्रीमती ज्योति भलावी की उपस्थिति में फीता काटकर इस पहल का उद्घाटन किया।

कलेक्टर ने जानकारी दी कि डिंडोरी शहर में जनता द्वारा शुद्ध पेयजल और शौचालय की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद डिंडोरी द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कूलर लगाए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से मुख्य बस स्टैंड जबलपुर डिंडोरी, सब्जी मंडी प्रांगण, मंडला बस स्टैंड डिंडोरी, कंपनी चौक डिंडोरी शामिल हैं।

इन सभी स्थानों पर स्थापित वाटर कूलर से नागरिकों को 24 घंटे शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध रहेगा।



कलेक्टर ने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वाटर कूलर की नियमित देखरेख और मेंटेनेंस सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी ने यह भी बताया कि शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य करते हुए विभिन्न स्थानों पर ओपन जिम मशीनें लगाई जा रही हैं। साथ ही, मार्केट क्षेत्र में व्यापारियों की मांग के अनुसार शौचालय का निर्माण किया जा रहा है, जिससे बाजार में आने वाले ग्राहकों को भी सुविधा प्राप्त हो सके। यह पहल शहरवासियों के लिए एक सराहनीय कदम है, जो स्वच्छता और स्वास्थ्य की दिशा में जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मूर्ति तोड़ने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**सिरमौर।** सिरमौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरौली में हनुमान जी की मूर्ति 28 अप्रैल को तोड़ी गई थी। जिसकी जानकारी देते हुए जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुमित डिगवानी ने बताया की सौरभ साकेत के द्वारा गोनउआ तालाब के पास स्थित मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति को उठाकर पत्थर में पटक दिया जिससे हनुमान जी की मूर्ति टूट गई । मूर्ति टूटते ही स्थानीय लोगों का विरोध देखते हुए आरोपी सिरमौर बाजार की ओर भाग खड़ा हुआ। प्रकरण की जानकारी लगते ही जिला संयोजक एडवोकेट रामकृष्ण गौतम बजरंग दल की टीम लेकर मंदिर पहुंच गए। मंदिर पहुंचते ही स्थानीय ग्रामीण जनों के साथ मिलकर तत्काल वार्ड 14 स्थित सिरमौर थाना में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई। पुलिस की मुस्तैद कार्यवाही तथा बजरंग दल व स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को तुरंत दबोचा गया। इस तरह की घटना दोबारा ना हो इसलिए बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मंदिर की सुरक्षा को लेकर हिंदू समाज को एकजुट रहने और इस तरह की गतिविधियों का पुरजोर विरोध करने के लिए एक साथ आने को कहा तथा ग्रामीण जनों के साथ मिलकर वहां बजरंग दल के युवाओं की समिति का निर्माण भी किया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर विस स्तरीय सम्मेलन का हुआ आयोजन



**मनगवां।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर मनगवां विधानसभा अंतर्गत रामपुर सर्किल के ग्राम पंचायत खर्रा में विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम के संयोजक वासुदेव ठारवानी एवं जिले के सह संयोजक व पूर्व जिला महामंत्री नरेन्द्र शर्मा रहे जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंशू सिंह ने की।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजनों को सम्बोधित करते हुए इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव आज के समय की आवश्यकता है। एक राष्ट्र एक चुनाव हमारे राष्ट्रवाद को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव कोई नई अवधारणा नही है, क्योंकि भारत में 1952, 1957, 1962 और 1967 में इस प्रणाली का पालन किया गया था। इसका उद्देश्य चुनाव में होने वाले व्यय को कम करना तथा शासन प्रणाली में व्यवधानों को भी कम करना है। कार्यक्रम में जिला संयोजक वासुदेव ठारवानी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश का सर्वांगीण विकास होगा। देश में आर्थिक सुधार होगा तथा लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का चरित्र है कि देश प्रथम, इसको हमें राष्ट्रवाद के रूप में लेकर जनता के बीच जाना है। इससे भाजपा को फायदा नही बल्कि राष्ट्र को फायदा होना है। कार्यक्रम में जिले के सह संयोजक नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि भारत का लोकतांत्रिक ढांचा अपने जीवन्त चुनाव प्रक्रिया के आधार पर आगे बढ रहा है। स्वतंत्रता के बाद से अबतक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के 400 से अधिक चुनावों ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के प्रति भारत के चुनाव आयोग की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। एक राष्ट्र एक चुनाव से आर्थिक व्यय तो कम होगा ही चुनाव के प्रति मतदाताओं का रूझान भी बढेगा। उन्होंने कहा कि बार बार होने वाले चुनावों से विभिन्न प्रकार के आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक नुकसान होते है जिसे एक राष्ट्र एक चुनाव से दूर किया जा सकता है। हम सबको एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में जनता को बताना है तथा इससे होने वाले फायदों के बारे में अवगत कराना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगजीवनलाल तिवारी, अखिलेश तिवारी, प्रेमचन्द्र गुप्ता, सुनील पाण्डेय, अरुणेन्द्र मिश्रा, मुकेश पटेल, सौखीलाल कोल, विष्णुकांत शुक्ला, नृपेन्द्र सिंह, विष्णुदेव कुशवाहा, रामसजीवन सोनी, संगीता पटेल, शकुंतला सेन, लालजी पाण्डेय, अमृतलाल शुक्ला, ज्ञानेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी को जारी किया कारण बताओं नोटिस




**जागरण डिंडोरी।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी, मनरेगा, प्रदीप शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दरअसल विगत दिनांक 2 मई 2025 को आयोजित समाधान ऑनलाइन बैठक में, मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव द्वारा जिलेवार प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें डिण्डौरी जिले का प्रदर्शन सबसे खराब पाया गया। जल गंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एक हेक्टेयर से बड़ी भूमि पर 216 तालाबों का चिन्हांकन और 147 कार्यों के प्रारंभ के बावजूद, पोर्टल पर वास्तविक प्रगति का सही आंकड़ा नहीं दर्शाया गया। इस लापरवाही से समीक्षा बैठक के दौरान जिले की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। कलेक्टर ने नोटिस में स्पष्ट किया है कि शुक्ला द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में गंभीर उदासीनता दिखाई गई है, जो संविदा सेवा शर्तों का उल्लंघन है। उनसे 15 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है, अन्यथा उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# कलेक्टर से मिले पार्षद, पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने की मांग

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी नगर परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लोगों को आवास योजना उचित लाभ नहीं मिल पाने के लगातार आरोप लगते रहे हैं। इस मुद्दे पर नईगढ़ी नगर परिषद के पार्षदों ने मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन से मुलाकात की नईगढ़ी के पार्षदों ने कलेक्टर मऊगंज को बताया कि कई आवेदक पैतृक भूमि में सह खातेदार हैं। उनका आपसी बंटवारा और कब्जा होने के बावजूद योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कुछ आवेदकों की जमीन उनके पिता के नाम पर है पर इन लोगों ने सहमति पत्र और शपथ पत्र जमा किए हैं। कई मामलों में महिलाओं ने अपने पति की भूमि के आधार पर आवेदन किया है इनमें कुछ आवेदकों के पति का निधन हो चुका है, कुछ नौकरी के लिए मुंबई, दिल्ली जैसे महानगरों में रहते हैं। इन सभी को योजना से बाहर कर दिया गया है। मऊगंज कलेक्टर को यह भी बताया गया कि भूमिहीन और आवासहीन लोगों की स्थिति अलग है। कुछ लोग सरकारी या निजी जमीन पर कच्चा मकान बनाकर रह रहे हैं। गांव की आबादी वाली जमीन पर रहने वाले लोग नगर निकाय के गठन से लेकर आज तक



टैक्स(कर) भर रहे हैं । दो-तीन पीढियों से वहां निवासरत होने के बावजूद उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पार्षदों ने कलेक्टर मऊगंज के समक्ष एक और मुद्दा उठाया और बताया कि कुछ आवेदक पिता या भाइयों से अलग रहते हैं लेकिन पिता या भाइयों का नगर परिषद का टैक्स बकाया होने के कारण उन्हें भी योजना से बाहर कर दिया गया है। पार्षदों ने कलेक्टर मऊगंज से उचित विचार कर सभी पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

## एसपी से की बलपूर्वक वाहन उठा ले जाने की शिकायत

**मऊगंज ब्यूरो।** संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मऊगंज के वार्ड क्र. 07 निवासी देवेन्द्र पाण्डेय पिता भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने आरोप लगाते हुए बताया कि, मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा मऊगंज में पदस्थ मैनेजर सूर्यकांत सिंह द्वारा 15 अप्रैल 2025 को प्रार्थी के वाहन क्रमांक आरसीबीआर 01 डीएल 8118 मारूती सुजुकी सियाज वाहन जिसका चेचिस नंबर एमए 3 एफएक्सईबी 1500312004 है। जिसे उपरोक्त मैनेजर द्वारा बल पूर्वक उठा लिया गया है जिसकी शिकायत मऊगंज थाने में लेख कराई गई लेकिन मऊगंज पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई उल्टा रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**मऊगंज ब्यूरो।** जिला मऊगंज के संस्कार वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा 2 मई से 8 मई तक चलेगी। कलश यात्रा में सैकड़ो गाड़ी, बैंड बाजा एवं रथ में गुरु प्रपन्नाचार्य आचार्य नवागांव चित्रकूट के साथ निकाली गई। 2 मई से श्री ठाकुर जी का कथा का श्रवण करने के लिए जिला मऊगंज के लोगों से अपील की गई है।

## मऊगंज में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए जमीन आवंटन आदेश जारी

**मऊगंज।** नवगठित मऊगंज जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के लिए कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जमीन आवंटन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के लिए तहसील मऊगंज के ग्राम घुरेहटा की आराजी नम्बर 3457/1/1 कुल क्षेत्रफल 7.892 हेक्टेयर में से 1.620 हेक्टेयर भूमि पुलिस विभाग को आवंटित की गई है। जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक में जमीन आवंटन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने के बाद जमीन आवंटन के आदेश जारी किए गए हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## डिजिटल सेवाओं का उपयोग सभी का मौलिक अधिकार

**सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कि डिजिटल सेवाओं तक पहुंच हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है, आज के वक्त की जरूरत है। डिजिटल खाई को पाटना एक संवैधानिक जरूरत बन चुका है।**

डिजिटल पहुंच जीवन को सिर्फ आसान ही नहीं बनाती, बल्कि जीने के लिए समान अवसर भी देती है। सामाजिक-आर्थिक अंतर को पाटने का एक तरीका यह भी है कि डिजिटल मोर्चे पर सभी को एक जैसे मौके मुहैया कराए जाएं। दो एसिड सर्वाइवर्स की वजह से इतना अहम मुद्दा सामने आया। इनमें से एक सर्वाइवर की आंखें नहीं झपकतीं और एक पूरी तरह से नेत्रहीन है। इस वजह से दोनों का बैंक केवायसी नहीं हो सका। दोनों ने याचिका दायर कर केवायसी नियमों में बदलाव की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने इस केस को बड़े परिप्रेक्ष्य में देखा और संविधान के आर्टिकल 21 का जिक्र किया, जो सभी को गरिमा के साथ जीने और आजीविका कमाने का अधिकार देता है।

आज लगभग सभी सेवाएं और सुविधाएं डिजिटली मौजूद हैं। अगर शारीरिक दिक्कत की वजह से कोई इन सेवाओं-सुविधाओं से वंचित रह जाता है, तो यह उसके अधिकारों पर चोट है। इसी वजह से कोर्ट ने केंद्र, आरबीआइ और सभी संबंधित रेगुलेटरी अथॉरिटी को केवायसी प्रक्रिया में बदलाव का आदेश दिया है।

चीन के बाद इंटरनेट यूजर्स के मामले में भारत दूसरे नंबर पर है। सरकार के पिछले साल अगस्त में जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में 95 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट सब्सक्राइबर्स थे। इनमें से करीब 39 करोड़ आबादी ग्रामीण थी। सरकारी डेटा के मुताबिक, 95.15 फीसद गांवों तक इंटरनेट की पहुंच हो गई थी। ये आंकड़े डिजिटल इंडिया की तरक्की की कहानी कहते हैं, लेकिन यह कहानी तब तक अधूरी है, जब तक इंटरनेट के जरिये लोगों को बदलाव का मौका नहीं मिलता।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जिस डिजिटल डिवाइड की बात की, वह एक बड़ी हकीकत है। डिजिटल सुविधाओं का फायदा उठाने के मामले में भी समाज में एक बड़ी खाई है। टेक्नॉलजी, उससे जुड़ी जानकारी, भाषा - ऐसे तमाम गतिरोध हैं, जो बड़ी आबादी को डिजिटल क्रांति का फायदा लेने से रोकते हैं। शीर्ष अदालत ने इन्हीं परेशानियों को संबोधित किया है।

अदालत ने अपने फैसले में कहा, राज्य के दायित्वों में यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी शामिल होनी चाहिए कि डिजिटल बुनियादी ढांचा, सरकारी पोर्टल, ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म और वित्तीय प्रौद्योगिकियां सार्वभौमिक रूप से सुलभ, समावेशी और सभी कमजोर और हाशिए पर रहने वाली आबादी की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी हों। डिजिटल पहुंच का अधिकार जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का एक आंतरिक घटक बन जाता है, जिसके लिए राज्य को सक्रिय रूप से समावेशी डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को डिजाइन और लागू करना होगा।

शीर्ष अदालत ने माना कि डिजिटल खाई को पाटना अब केवल नीति का मसला नहीं रहा, यह एक संवैधानिक जरूरत बन चुका है, ताकि हर नागरिक को सम्मानपूर्ण जीवन, स्वायत्तता और सार्वजनिक जीवन में समान भागीदारी मिल सके। अब यहां से सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस मसले पर गंभीरता से आगे बढ़े। टेक्नॉलजी अपने में खुद कभी भेदभाव नहीं करती और उसकी असली ताकत भी इसी में है कि वह सभी को समान रूप से उपलब्ध हो।

# क्या-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने में विलंब होगा?

राष्ट्रीय



**जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है, इसलिए सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी नहीं है, पर एक परिपक्व राजनेता के रूप में उन्होंने ऐसा कहकर केंद्र सरकार पर नैतिक दबाव बनाया है। सवाल है कि क्या राज्य सरकार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा का भागीदार नहीं बनाया जाना चाहिए?**

प्रमोद जोशी

पहलगाम हमले से कुछ हफ्ते पहले ही जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल होने को लेकर उम्मीद जताई थी। उस समय उन्होंने कहा था, हमें लगता है कि सही समय आ गया है, विधानसभा चुनाव हुए छह महीने बीत चुके हैं। शाह यहां आए थे, मैंने उनसे अलग से मुलाकात की, जो अच्छी रही। मुझे अब भी उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर को जल्द ही अपना राज्य का दर्जा वापस मिल जाएगा। इसके पहले विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने कहा था कि राज्य का दर्जा हमारा नैरेटिव है, यह भाजपा का वादा है। अब्दुल्ला को लोगों से किए गए वादों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दो हफ्ते पहले राष्ट्रीय और खासतौर से जम्मू-कश्मीर की राजनीति में वक्फ कानून को लेकर सरगर्मी थी, पर अब पहलगाम हमले के कारण हालात बदले हुए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या इस हमले के कारण जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने में और विलंब होगा? क्या नेशनल कान्फ्रेंस इस मामले को उठाना बंद कर देगी?

11 दिसंबर, 2023 को, उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने को सर्वसम्मति से बरकरार रखा। साथ ही केंद्र सरकार को जम्मू और कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और सितंबर 2024 से पहले विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया। पिछले साल चुनाव भी हो गए, पर राज्य के दर्जे की बहाली नहीं हुई है। नई सरकार बनने के बाद 19 अक्टूबर, 2024 को जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से राज्य का दर्जा बहाल करने का औपचारिक आग्रह भी कर दिया। उपराज्यपाल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी। अब अंतिम निर्णय केंद्र सरकार और संसद पर निर्भर है।

कुछ राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि केंद्र सरकार इस मुद्दे को धीरे-धीरे हल करना चाहती है, ताकि स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक स्थिरता बनी रहे। पहलगाम हमले ने इस स्थिरता को आंशिक रूप से भंग किया है। केंद्र सरकार अपने आत्मविश्वास में कमी नहीं दिखाना चाहती है। साथ ही हरेक कदम को वह अच्छी तरह सोच समझकर उठाएगी। फिलहाल तो उसका ध्यान पाकिस्तान को माकूल जवाब देने पर है, पर इससे निपटने के बाद संभवतः इस दिशा में भी फैसला होगा।

केंद्र-प्रशासित क्षेत्र होने के कारण जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल की शक्तियां बहुत अधिक हैं। कोई भी विधेयक या कानून बिना उनकी मंजूरी के पारित नहीं हो सकता। पूर्ण राज्य का दर्जा देने से काफी शक्ति स्थानीय सरकार के पास आ जाएगी, जिससे केंद्र का प्रत्यक्ष नियंत्रण कम हो जाएगा। केंद्र सरकार की रणनीति हो सकती है कि वह अभी इस क्षेत्र में अपनी प्रशासनिक पकड़ बनाए रखे। दूसरे अनुच्छेद 370 और 35ए हटने के बाद, जम्मू-कश्मीर में गैर-स्थानीय लोगों को डोमिसाइल सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया शुरू हुई है। पूर्ण राज्य का दर्जा देने से स्थानीय सरकार को इन नीतियों पर अधिक नियंत्रण मिल जाएगा, जो केंद्र की मौजूदा नीतियों के विपरीत भी हो सकता है।

व्यावहारिक रूप से इस मामले को ज्यादा टालने का कोई मतलब नहीं है और आसार हैं कि भविष्य में संसद द्वारा पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन के साथ यह दर्जा बहाल हो जाएगा। राज्य में हालात को सामान्य साबित करने के लिए भी ज़रूरी है कि जम्मू-कश्मीर को उसका दर्जा वापस दिलाया जाए। केंद्रशासित क्षेत्र होने के कारण कानून-व्यवस्था और पुलिस राज्य के अधीन नहीं है। और शायद यह एक बड़ा कारण है, जिसने इस फैसले को रोक रखा है। केंद्र सरकार ने कई बार साफ-साफ कहा है कि पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा, पर पहलगाम की हिंसा ने फिर से अटकलों को जन्म दे दिया है।

उमर अब्दुल्ला राज्य का दर्जा वापस करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, जिसे अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ ही समाप्त कर दिया गया था। वे मानते हैं कि विशेष दर्जे की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, लेकिन बदली हुई परिस्थितियों में उन्होंने इस बात को तल्खी के साथ कहना बंद कर दिया है। अब्दुल्ला ने फरवरी में कहा था, हम इस मुद्दे को जीवित रखेंगे, जो हमने किया भी है लेकिन हमने लोगों को यह कहकर कभी गुमराह नहीं किया कि वे एक ऐसी सरकार चुनने जा रहे हैं जो तुरंत विशेष दर्जा बहाल करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने इसे हमसे छीन लिया, उनसे यह उम्मीद करना कि वे इसे हमें वापस देंगे, सिर्फ इसलिए कि हम इसके लिए कह रहे हैं, बेकार है।

अब पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद उमर अब्दुल्ला ने प्रदेश की विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान एक संदेश दिया कि यह राजनीतिक अवसरवाद का समय नहीं है। राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करने के लिए सदन के कुछ सदस्यों के आह्वान को खारिज करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि मैं इस मौके का इस्तेमाल राज्य का दर्जा मांगने के लिए नहीं करूंगा। मैं सस्ती राजनीति में विश्वास नहीं करता। इस वक्त मुझे 26 लोगों की जान की परवाह करनी चाहिए, न कि केंद्र से राज्य का दर्जा मांगना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा की गारंटी देना हमारी मौलिक जिम्मेदारी थी और हम अपने कर्तव्य में विफल रहे।

जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है, इसलिए सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी नहीं है, पर एक परिपक्व राजनेता के रूप में उन्होंने ऐसा कहकर केंद्र सरकार पर नैतिक दबाव बनाया है। सवाल है कि क्या राज्य सरकार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा का भागीदार नहीं बनाया जाना चाहिए? विधानसभा का विशेष सत्र 22 अप्रैल को हुए क्रूर हमले पर चर्चा के लिए बुलाया गया था, जिसमें एक मिनट का मौन रखने और पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें देश और जम्मू-कश्मीर के सांप्रदायिक सौहार्द और प्रगति को बाधित करने की कोशिश करने वालों के नापाक इरादों को दृढ़ता से हराने का संकल्प लिया गया। अब्दुल्ला ने कहा कि राज्य के दर्जे पर राजनीतिक बातचीत का समय बाद में आएगा। पहलगाम में पर्यटकों की हत्या सुरक्षा के लिए धक्का होने के साथ-साथ भारतीय राष्ट्र राज्य के लिए एक प्रकार की चुनौती है। जम्मू-कश्मीर एक दीर्घकालिक रणनीति पर चल रहा है, जिसका पहला कदम अनुच्छेद 370 को हटाना था। पिछले साल के अंत में राज्य में हुए सफल चुनावों ने यहां की जनता के मन में भरोसा भरा है। श्रीनगर तक रेलवे संपर्क स्थापित करना हमारी एक और बड़ी सफलता है। ज़ाहिर है कि पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' को यह 'नया कश्मीर' पसंद नहीं आया है। भारत सरकार इस दौरान आतंकवाद पर केंद्रीय निगरानी के साथ राज्य का दर्जा देने की तैयारी कर रही है और इसका वादा उसने कई बार किया है।

# आईटी में कोडिंग जैसे क्षेत्रों पर मंडराता एआई का जोखिम

तकनीकी नवाचार



**आईटी सोर्सिंग के विश्व में सबसे बड़े केंद्र भारत की आईटी कंपनियों के लिए एआई बड़ी चुनौती बन कर सामने आई है। दरअसल एआई के कारण कोडिंग जैसे कई तरह के जॉब्स खतरे में पड़ सकते हैं जिन्हें यह बड़ी सफाई और तेजी से करती है। वहीं वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के हालात भी रास नहीं आ रहे।**

मधुरेन्द्र सिन्हा

टेक्नोलॉजी की एक खासियत होती है कि उसमें नई-नई खोजें और इनोवेशन होती रहती हैं। अगर ऐसा न हो तो वह मृतप्राय हो जायेगी। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के बारे में यह बात पूरी तरह लागू होती है और इसमें लगातार इनोवेशन होते रहे हैं। इससे यह विधा और भी निखरती गई। लेकिन अब इसमें जो बदलाव और खोजें होती जा रही हैं वे डराने वाली हैं। इससे फायदे तो बहुत हैं लेकिन मानव श्रम को यह सिमटा देगी। यानी परंपरागत रोजगार के क्षेत्र में यह नकारात्मक रोल निभाएगी। दुनिया भर में लाखों लोग अपनी नौकरियों से हाथ धो बैठेंगे। यह सब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई के कारण होगा जिसे इस सदी की सबसे बड़ी खोज माना जा रहा है। यह मानव की इतनी ज्यादा सहायता करेगी कि इससे संबंधित क्षेत्र में मैनपॉवर की भारी कटौती हो जायेगी। आईटी कंपनियां इस समय पसोपेश में हैं और वे वक्त की नजाकत भांपने का प्रयास कर रही हैं। भारत आईटी सोर्सिंग का दुनिया का सबसे बड़ा केन्द्र है और यहां की कंपनियां इसका फायदा उठा रही हैं तथा बड़े पैमाने पर रोजगार भी दे रही हैं। अब यहां एआई की धमक साफ दिख रही है। भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस ने अपने कर्मचारियों या यूं कहें कि आईटी प्रोफेशनल्स की सैलरी बढ़ोतरी पर रोक लगा दी है। कंपनी अमेरिका तथा चीन में एआई के बढ़ते उपयोग की समीक्षा कर रही है। देख रही है कि वहां इसका कितना उपयोग होता है और हमें उससे कितना नफा-नुकसान होगा। सभी आईटी कंपनियां ही नहीं बल्कि बड़ी-बड़ी अन्य कंपनियां भी एआई के पूरी तरह से कार्यान्वित होने का इंतजार कर रही हैं जिसकी खूबी है कि वह कई-कई लोगों का काम कर लेती है। इसके आने के बाद क्या होगा, इस बारे अभी अंदाजा ही लगा सकते हैं। हमारी आईटी कंपनियां ज्यादातर बैंक एंड के रूप में काम करती हैं और विदेशी कंपनियों के ऑर्डर पर निर्भर रहती हैं। उन्हें बहुत तरह के ऑर्डर मिलते हैं लेकिन ये सभी हाई एंड नहीं होते। इनमें से बहुत से काम ऐसे मिलते हैं जिनके लिए ज्यादा टैलेंट की जरूरत नहीं है। सामान्य से सॉफ्टवेयर इंजीनियर उसे करते हैं और उनकी तादाद बहुत ज्यादा होती है। भारतीय आईटी कंपनियों में ज्यादातर कर्मी इसी प्रकार के होते हैं जिनकी नौकरियों पर अब एआई के कारण खतरा मंडरा रहा है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि एआई के कारण कई तरह के जॉब्स खतरे में पड़ जायेंगे क्योंकि वह उन्हें बड़ी सफाई और बहुत तेजी से करने में समर्थ होती है। इंडियाटेक के एमडी रमेश कैलासम बताते हैं कि ये छोटे-छोटे जॉब्स चले ही जाएंगे क्योंकि एआई बहुत आसानी से यह सब कर देगा। आईटी कंपनियों में कई ऐसे जॉब्स हैं जो निचले लेवल के कर्मचारी करते हैं। इन्हें एआई आसानी से कर लेगा। वह इसके लिए कोडिंग का उदाहरण देते हैं जिसे इन कंपनियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर करते हैं लेकिन एआई बड़ी आसानी से यह कर लेगा। वहीं, बहुत से टास्क ऐसे हैं जो कम समय व खर्च में एआई कर सकता है। ऐसे में विदेशी कंपनियों से इस तरह के जॉब्स के ऑर्डर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं उनका कहना है कि जब भारत में कंप्यूटरीकरण शुरू हुआ था तो ऐसे ही हालात थे और कहा जा रहा था कि बड़े पैमाने पर बेरोजगारी फैलेगी क्योंकि लोग निकाले जायेंगे। कुछ समय तक ऐसा लगा लेकिन बाद में कंप्यूटरीकरण की वजह से लाखों नये रोजगार सृजित हुए और देश ने तरक्की की। आने वाले समय में एआई भी ऐसे ही हालात पैदा करेगी। हमारी कंपनियों और यहां तक कि सरकार को भी प्रयास करना होगा कि कैसे रोजगार बढ़े। एमएनसी निवेश बैंक और वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी मोरगैन स्टेनली का कहना है कि यह संक्रमण का दौर है। ऐसे दौर पहले भी आये थे और उनका मुकाबला किया गया। 2016-17 में भी ऐसा हुआ था और अभी उसी दौर से हम गुजर रहे हैं। आईटी सेक्टर पर इसका असर ज्यादा पड़ रहा है और उनके प्रॉफिट में या तो कमी आ रही है या फिर वे स्थिर हैं। यह उनके लिए चिंता का विषय है। एक और महत्वपूर्ण तथ्य है कि इस समय वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका मंदी के दौर से गुजर रही है। नये राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के अनुदारवादी कदमों से वहां की अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ रहा है। इस सबसे न तो दुनिया और न ही भारत अछूता रह सकता है। इसका सबसे बड़ा असर हमारी आईटी इंडस्ट्री पर पड़ रहा है और आगे भी पड़ेगा क्योंकि हम सबसे बड़े आईटी सपोर्ट प्रदाता हैं। हमारी यह इंडस्ट्री विदेश, खासकर अमेरिका पर बहुत ज्यादा निर्भर है। इसके अलावा दुनियाभर में युद्ध के जो हालात हैं वे भी वैश्विक अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर धकेल रहे हैं। इन सभी का असर आईटी इंडस्ट्री पर पड़ रहा है। उनके शेयरों की स्थिति यही बयान कर रही है। इनमें पिछले कुछ वर्षों से कोई तेजी नहीं आ रही है और वे नीचे की ओर ही जाते दिख रहे हैं। उन्हें अपने लाभ के बारे में किसी भी तरह का अनुमान लगाने में जोखिम दिख रहा है। यानी राजस्व के मामले में एक तरह की अनिश्चितता है। यह एक बड़ा कारण है कि कई आईटी कंपनियां अपने कर्मचारियों के वेतन वृद्धि के बारे में बात नहीं कर रही हैं और आने वाले समय में छंटनी भी कर सकती हैं। एआई और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता उनके शेयरों पर असर डाल रही है। इसका खमियाजा शुरुआती दौर में कर्मचारी ही भुगतेंगे। लेकिन फिलहाल बहुत निराश होने जैसी स्थिति नहीं है। कंपनियां खुद बदलाव का आकलन कर रही हैं और कुछ बड़े कदम जरूर उठायेंगी।

प्रसंगवश

## मनोरंजन जगत को नये शिखर पर ले जायेगा वेव्स

**वेव्स को लेकर प्रधानमंत्री यह भी कह चुके हैं कि जिस तरह 'दावोस' में वैश्विक अर्थ जगत के दिग्गज पहुंचते हैं, कुछ वैसे ही 'वेव्स' में विश्व के मनोरंजन और मीडिया जगत के महारथी जुड़ेंगे, क्योंकि मनोरंजन उद्योग विश्व के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है।**


मुंबई में आज से चार मई तक 'वेव्स' नाम के एक ऐसे सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जो मनोरंजन और मीडिया जगत में अभूतपूर्व क्रांति ला देगा। वैसे तो विश्वभर में सिनेमा, मीडिया, कला-संस्कृति, तकनीक और प्रसारण सहित मनोरंजन के कई भव्य समारोह आयोजित होते ही रहते हैं। लेकिन भारत सरकार द्वारा आयोजित यह वेव्स समारोह बेहद विशाल, भव्य और अनुपम है। वेव्स अर्थात 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड इंटरटेनमेंट समिट' देश का एक ऐसा प्रथम मनोरंजन शिखर सम्मेलन है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है। आशा है कि यह कार्यक्रम भविष्य में भी इसी तरह आयोजित होता रहेगा। आज से कुछ महीने पहले अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री मोदी ने 'वेव्स' की चर्चा की थी।

वेव्स को लेकर प्रधानमंत्री यह भी कह चुके हैं कि जिस तरह 'दावोस' में वैश्विक अर्थ जगत के दिग्गज पहुंचते हैं, कुछ वैसे ही 'वेव्स' में विश्व के मनोरंजन और मीडिया जगत के महारथी जुड़ेंगे, क्योंकि मनोरंजन उद्योग विश्व के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है। अब जब नयी-नयी तकनीक और एआइ का युग है, तब मनोरंजन उद्योग और भी बड़ा बनेगा। इसलिए हमने कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने और इसका उत्सव मनाने के लिए 'वेव्स' का मंच तैयार किया है। 'वेव्स' का आयोजन इतना बड़ा है कि पूरे चार दिन तक इस आयोजन में लगातार रहकर भी इसे पूरी तरह नहीं देखा जा सकता। लेकिन इतना समझा जा सकता है कि 'वेव्स' का यह मंच भारत के मनोरंजन और मीडिया जगत को नये शिखर पर ले जायेगा, जिससे विश्व में भारत मनोरंजन जगत में महाशक्ति बन सकेगा। इसलिए इस अत्यंत अहम आयोजन के लिए पिछले करीब छह माह से जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। केंद्र सरकार के सूचना मंत्रालय का फोकस 'वेव्स' पर ही रहा। साथ ही, खुद प्रधानमंत्री भी इसके आयोजन पर नजर रखने के साथ-साथ अपना परामर्श और सहयोग निरंतर देते रहे हैं। तभी इस शिखर सम्मेलन में 60 से अधिक देशों की नामचीन हस्तियां पहुंच रही हैं। इन नामचीन हस्तियों में सुंदर पिचाई और सत्य नडेला जैसे लोग हैं, तो मुकेश अंबानी, आनंद महिंद्रा, संजीव गोयनका, रवि आहूजा, अजय बिजली, भूषण कुमार और एकता कपूर जैसी शख्सियतें भी इनमें मौजूद रहेंगी।

फिल्म उद्योग के सितारों की तो सम्मेलन में पूरी बारात है, जिनमें अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती, आशा भोसले, शेखर कपूर, अनिल कपूर, अनुपम खेर, अक्षय कुमार, शाहरुख खान, आमिर खान, अभिषेक बच्चन, करीना कपूर, नाना पाटेकर, ऐश्वर्या राय बच्चन, रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, कीर्ति सेनन, श्रद्धा कपूर आदि प्रमुख हैं। दक्षिण के फिल्म उद्योग से रजनीकांत, चिरंजीवी, मोहनलाल, नागार्जुन, एसएस राजामौली, खुशबू और अल्लू अर्जुन जैसे नाम हैं। सम्मेलन में दिन भर विश्वभर के रचनाकार साथ बैठ कर विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे, जिनमें सिनेमा और मीडिया के साथ प्रसारण, गेमिंग, कॉमिक्स, एनिमेशन, पॉडकास्ट, डिजिटल और एआइ आदि के नवाचार, संभावनाओं और चुनौतियों पर बातें होंगी कि एक खास कंटेंट को कैसे दुनिया के सामने लाया जाये, कैसे इस सब को लेकर स्टार्टअप शुरू हो। किस तरह उसके वित्तीय साधन जुटाने के साथ आर्थिक लाभ उठाया जा सके आदि-आदि। दिन में विभिन्न प्रकार की बड़ी-सी फिल्मों का प्रदर्शन भी होगा। तमाम कार्यक्रमों के जरिये भारत की भाषायी और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया जायेगा। सांस्कृतिक संध्याओं में एआर रहमान, शंकर महादेवन और श्रेया घोषाल की प्रस्तुतियां बेहद खास होने वाली हैं। विश्वमोहन भट्ट, रोनू मजूमदार और भारत अवस्थी के कार्यक्रम हैं। फिर 32 प्रतियोगिताओं में 60 देशों की चुनी गयी 750 प्रतिभाओं को भी यहां मंच मिलेगा।

प्रदीप सरदाना

॥गीता॥



**श्लोक :** नास्ति विद्या समं चक्षु नास्ति
सत्य समं तपः।
नास्ति राग समं दुःखं नास्ति
त्याग समं सुखं॥

**भावार्थ :**
विद्या के समान आँख नहीं है, सत्य के समान तपस्या नहीं है, आसक्ति के समान दुःख नहीं है और त्याग के समान सुख नहीं है।

जीवन दर्शन

## विशेष परिस्थितियों में झूठ बोलना पाप नहीं



झूठ बोलने वाला व्यक्ति बाहरी हँसी के पीछे घुटन और डर में जीता है। झूठ और बेईमानी से अर्जित धन या पद मन को कभी सुख नहीं देता और यह अस्थायी होता है। झूठ बोलने से व्यक्ति का नैतिक पतन होता है और उसके अपने ही उस पर भरोसा करना कम कर देते हैं। झूठ कभी भी बोला जाए, तो वह पाप की श्रेणी में आता है, लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में बोला गया झूठ माफ किया जा सकता है। जो सत्य से हटता है, वह खुद ही अपने जीवन से प्रकाश को हटाता है। झूठ बोलने वाला चाहे कितना भी बुद्धिमान हो, और बेईमानी करने वाला चाहे कितनी भी चालाकी से काम करे, ईश्वर की नज़रों से कुछ भी छुपा नहीं। झूठ बोलकर आप पैसा तो कम लेंगे लेकिन वो पैसा आपको हमेशा डर और तनाव में रखेगा। आपको डर लगता रहेगा कि आपका झूठ कभी भी पकड़ा जाएगा। ऐसा कमाया धन न केवल अस्थायी होता है बल्कि बार-बार झूठ बोलने से लोगों का नैतिक पतन भी हो जाता है। वो लोगों की नजरों में भी गिर जाते हैं। प्रेमानंद महाराज यह भी कहते हैं कि कर्म की गठरी हर एक के पीछे बंधी है, कोई देखे या न देखे, भगवान तो देख ही रहे हैं। झूठ और बेईमानी का फल चाहे देर से मिले, पर मिलता ज़रूर है, कभी संतान के दुख के रूप में, कभी अपमान के रूप में और कभी आर्थिक हानि में। झूठ की बुनियाद पर बना कोई भी रिश्ता टिकता नहीं। प्रेम, श्रद्धा और मित्रता, सबका मूल विश्वास होता है और जब आप झूठ बोलने लगते हैं, तो आपके अपने ही आपपर भरोसा करना कम कर देते हैं। फिर आप चाहे सच भी बोलें, तो उन्हें झूठ ही लगता है। प्रेमानंद जी कहते हैं कि जो इंसान बेईमानी से जीता है, वह ईश्वर से दूर होता चला जाता है। उसका मन सत्संग में नहीं लगता, पूजा में शांति नहीं मिलती और साधना विफल होती है। प्रेमानंद महाराज का मानना है कि जीवन में कितना भी कठिन समय क्यों न आए, सत्य को मत छोड़ो। बेईमानी से मिली सफलता अस्थायी होती है, पर सच्चाई से मिला हार भी शुद्धि और शांति लाता है। जो अपने जीवन में सच्चे रहते हैं, उन्हें भगवान संभालते हैं। झूठ और बेईमानी से कुछ समय के लिए संसार को धोखा दिया जा सकता है, लेकिन अपने कर्म और परमात्मा से नहीं। इन तीन परिस्थितियों में झूठ बोलने से नहीं लगता पाप हालांकि, झूठ कभी भी बोला जाए, तो वह पाप की श्रेणी में ही आता है लेकिन इन तीन स्थितियों में बोला गया झूठ माफ कर दिया जाता है। पहला जब आप किसी की जान बचाने के लिए झूठ बोलते हैं, दूसरा अगर आपके झूठ बोलने से किसी की जिंदगी बन जाती है और तीसरा अगर आपके झूठ बोलने से किसी कन्या का विवाह हो जाता है। तो, इन परिस्थितियों के अलावा बोला गया झूठ आपको भारी पड़ सकता है और आपके कर्मों को प्रभावित कर सकता है।

प्रेमानंद महाराज

# आपसी खींचतान बनी सिरदर्द, सागर का मामला पहुंचा दिल्ली

## भाजपा में वर्चस्व की लड़ाई ने नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक को गुटों में बांटा, महापौर ने जिलाध्यक्ष पर छवि खराब करने का लगाया आरोप

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में भाजपा नेताओं के बीच आपसी खींचतान की राजनीति संगठन के लिए सिरदर्द बन गई है। वर्चस्व की लड़ाई ने नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं को गुटों में बांट दिया है। सागर महापौर और वहां के जिलाध्यक्ष के बीच छिड़ी जंग दिल्ली तक पहुंच गई है। सागर महापौर संगीता सुशील तिवारी को लेकर पिछले दिनों सागर भाजपा के जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने संगठन को बिना बताए मनमाने फैसले लेने का आरोप लगा, तो नेतृत्व के नोटिस पर भोपाल पहुंचीं मेयर ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। इसके चंद दिनों बाद महापौर तिवारी ने जिलाध्यक्ष पर अपनी छवि खराब करने और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए नेतृत्व से शिकायत कर दी। सूत्रों का कहना है कि यह मामला भोपाल से होते हुए दिल्ली पहुंच गया है। कहा जा रहा है कि इस लड़ाई के पीछे सागर में पिछले कई महीनों से छिड़ी वर्चस्व की लड़ाई है।



मेयर को एक पूर्व मंत्री का करीबी माना जाता है, तो जिलाध्यक्ष संघ की पृष्ठभूमि के बताए जा रहे हैं। मेयर की शिकायत पर जब फौरी तौर पर भोपाल में कोई सुनवाई नहीं हुई तो मामले को राष्ट्रीय नेतृत्व के संज्ञान में लाया गया है। हालांकि पहलगाम हमले की वजह से दिल्ली ने अब तक इस मामले पर कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही दिल्ली प्रदेश नेतृत्व से सवाल पूछ सकती है। सागर इकलौता क्षेत्र नहीं है, जहां पर भाजपा नेताओं के बीच वर्चस्व जैसी स्थिति देखने को मिल रही है। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विंध्य क्षेत्र के दो बड़े नेताओं के बीच टकराहट और फिर मऊगंज के पार्टी विधायक की प्रदेश नेतृत्व से शिकायत ने आपसी लड़ाई को सार्वजनिक कर दिया है। इसी तरह ग्वालियर चंबल और निमाड़-मालवा के कुछ मामलों ने भी भाजपा की आपसी खींचतान को उजागर किया है।

### अपनी ही सरकार को घेर रहे नेता

मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल की कार्यप्रणाली हो या फिर पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी और शाजापुर विधायक घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा ही अपने ही क्षेत्र के एक ग्रामीण के साथ जिस तरह से वार्तालाप की उसे सामने रखकर सरकार को घेरने का मौका दिया। कहा जा रहा है कि यह पूरी रिपोर्ट दिल्ली पहुंची है, जिस पर शीर्ष नेतृत्व ने एतराज जताया है, लेकिन इस पर अब तक कोई चर्चा नहीं हो सकी है।

### वरिष्ठों की उपेक्षा से भी बिगड़ रहा तालमेल

भाजपा से जुड़े जानकारों की मानें तो पार्टी में कुछ जिलों में जिस तरह से आपसी खींचतान जैसी स्थिति है, उसकी एक वजह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा भी मानी जा रही है। चाहे वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई की बेवाक बयानबाजी रही हो या फिर नर्मदापुरम विधायक और पूर्व स्पीकर अपने क्षेत्र में नशाखोरी और नशाकारोबार को लेकर धरना देने की चेतावनी हो,इसे इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है।

### इन मामलों पर नेता खामोश

इस मामले में मेयर संगीता सुशील तिवारी से उनका पक्ष जानने के लिए मोबाइल के जरिए संपर्क करने की कोशिश की,लेकिन उनके द्वारा कॉल ही नहीं उठाया गया,जिससे उनका पक्ष सामने नहीं आ सका। इसी तरह दूसरे नेताओं ने भी फिलहाल इस मामले पर चुप्पी साध ली और उनकी नजर केन्द्रीय नेतृत्व की ओर लगी हुई है। इधर सूत्रों का कहना है कि नेतृत्व संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इस मुद्दों को लेगी और संबंधितों को तलब कर उनसे सवाल जवाब किए जाएंगे।

### झगड़े की वजह बाहरी और मूल की लड़ाई

पार्टी में जिस तरह के वर्चस्व की लड़ाई छिड़ी हुई है, उसके पीछे मूल वजह भाजपा में आए दूसरे दल के नेताओं और मूल भाजपाई है। कई कांग्रेस से आए नेता पार्टी और सरकार में अहम पद पर बैठे है,जबकि संघर्ष के दिनों में पार्टी का झण्डा लहराने वाले नेता लगभग लूपलाइन में है। कई ऐसे विधायक है,जो पिछले कई दशक से निर्वाचित होते आ रहे है,लेकिन पार्टी की रणनीति के चलते उन्हें हाशिए पर रखा गया है।

### मंडी निरीक्षक, बाबू, व्यापारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने शुक्रवार को महू स्थित कृषि उपज मंडी के निरीक्षक, लिपिक और एक व्यापारी को 30 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू को आवेदक महू के रामबाग निवासी अनिल सैनी ने शिकायत की थी कि मंडी में अनाज खरीदने के एवज में मंडी के निरीक्षक/सचिव विक्रम सिंह चौहान एवं लिपिक किशोर नाविक ने 30 हजार की घूस मांगी थी। शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने इसका परीक्षण कर सबूत जुटाए। शिकायत का सत्यापन होने के बाद ईओडब्ल्यू ने 2 मई 2025 को अनिल को रकम लेकर महू के डोंगरगांव स्थित मंडी में भेजा। यहां जैसे ही अनिल सैनी ने राशि कृष्णा अग्रवाल को दी, वैसे ही ट्रैप दल ने उसे पकड़ लिया। मौके पर ही मंडी निरीक्षक और लिपिक को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों के खिलाफ पीसी एक्ट की धारा 7

# छात्राओं के यौन शोषण के खिलाफ बैनर-पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरीं महिलाएं, आरोपियों को फांसी की मांग

## महिला सुरक्षा को लेकर सरकार कटघरे में न आए इसके लिए राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर भाजपा नेताओं ने दिए बयान

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कथित लव जिहाद के खिलाफ राजधानी के तिराहे-चौराहों पर जन सैलाब उतर गया। सकल हिंदू समाज के आह्वान पर शुक्रवार शाम पांच बजे शुरू हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे शामिल हुए। शहर के 26 तिराहे-चौराहों पर एक साथ प्रदर्शन किया गया। शाम साढ़े छह बजे तक विरोध में लोग नारेबाजी करते रहे। लव जिहाद मुर्दाबाद के नारे लगे। बैनर-पोस्टर लिए महिलाएं लव जिहाद के आरोपियों को फांसी की सजा की मांग करती रहीं। भोपाल में व्यापमं घोटाले के विरोध के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोग विरोध-प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे। बतादें, समुदाय विशेष की लड़कियों को टॉरगेट कर यौन शोषण का खुलासा हुआ था। जिसके बाद से लोगों में काफी आक्रोश था।






### मकसद: समाज को एकजुट करना

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस प्रदर्शन का मकसद लव जिहाद के बढ़ते मामलों के खिलाफ समाज को एकजुट करना है। साथ ही सरकार से इसे लेकर कड़ा कानून बनाने की मांग है। प्रदर्शन के दौरान लव जिहाद के आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की गई। विरोध कर रहे लोगों ने कहा कि जब भी अवसर आए तो केवल अपनी सुरक्षा ही न कर सको, बल्कि अपने साथ-साथ मोहल्ले की बेटियों और बहनों की भी सुरक्षा कर सको। इसके लिए बहुत बड़े प्रशिक्षण और व्यापक तैयारी की आवश्यकता है। क्योंकि जब-जब हिंदू बेटी बनी है सलमा, तब-तब उसे मिली है मौत, और उसे पढ़ना पड़ा है कलमा।

### भाजपा नेताओं ने किया नेतृत्व

विरोध प्रदर्शन सकल हिंदू समुदाय के आह्वान पर होना बताया गया। जबकि, प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा नेताओं ने किया। हालांकि, इस दौरान नेताओं ने राजनीतिक नफा-नुकसान का खास ध्यान रखा। किसी नेता ने ऐसा बयान नहीं दिया जिससे कि महिला सुरक्षा को लेकर सरकार कटघरे में खड़ी हो जाए। अधिकतर नेताओं का लव जिहाद पर ही फोकस रहा।

### सड़कों पर जाम, पुलिस रही तैनात

विरोध प्रदर्शन के चलते सड़कों पर जाम के हालात बनते रहे। हालांकि, प्रदर्शन स्थल पर तैनात पुलिस लंबा जाम नहीं लग सके इसके लिए जाम खुलवाने में जुटी रही। प्रदर्शन में जुटे लोगों की भीड़ की वजह से कोलार समेत अलग-अलग जगहों में जाम के हालात बने। पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में जुटी रही।



### 26 तिराहे-चौराहों पर एक साथ प्रदर्शन

शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच शहर के 26 तिराहे-चौराहों पर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में हिंदू संगठनों के साथ भाजपा पदाधिकारी भी शामिल रहे। जानकारी के मुताबिक, गांधी नगर, करोंद चौराहा, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, नादरा बस स्टैण्ड, वाजपेयी नगर, अशोका गार्डन परिहार चौराहा, कर्फ्यू वाली माता-मंदिर, लालघाटी, बैरागढ़, लिली टॉकीज, रोशनपुरा, एमपी नगर बोर्ड ऑफिस चौराहा, 10 नंबर मार्केट, कोलार, पिपलानी, अयोध्या नगर, आनंद नगर, भारत माता चौराहा, नेहरू नगर समेत अन्य जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया गया।

### आदिवासी अंचलों में गठित हो विशेष कार्यबल

**विसं, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में आदिवासी और दलित महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में दूरस्थ अंचलों के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाए। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने बालाघाट जिले में आदिवासी बच्चियों के साथ गैंगरेप मामले का उल्लेख करते हुए पीड़िताओं को 1 करोड़ की राशि देने की मांग की है। उन्होंने विशेष कार्यबल के गठन के अलावा पीड़िताओं और उनके परिजनों की सुरक्षा हेतु गांव में स्थायी पुलिस बल की व्यवस्था करते हुए संबंधित परिवार की सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

### पीएफएमएस एक सुदृढ़ नेटवर्क प्रणाली 3.48 लाख करोड़ की हुई बचत : सीजेए

**विशेष संवाददाता भोपाल ।** भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक श्याम सुंदर दुबे ने कहा है कि पीएफएमएस जैसी सशक्त प्रणाली से लाभार्थियों के दोहराव की और फर्जी लाभार्थियों को समाप्त कर अब तक लगभग 3.48 लाख करोड़ की बचत की है। दुबे भोपाल में लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली पर आयोजित पहले क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पीएफएमएस सुदृढ़ नेटवर्क प्रणाली है, जो विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया जैसी संस्थाओं से जुड़ी हुई है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पीएफएमएस की उस भूमिका की सराहना की जिसके अंतर्गत सरकार को निधियों के निष्क्रिय रूप से रखे जाने के लिए ऋण लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती। पीएफएमएस आधुनिक सार्वजनिक वित्त प्रबंधन का आधार बन चुका है, जिससे राज्य सरकारें जन-कल्याणकारी योजनाओं को तेजी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्षम हुई हैं।

**भोपाल में हुआ लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली पर पहला क्षेत्रीय सम्मेलन**

# तबादलों के फेर में उलझ गई हाई प्रोफाइल मामलों की जांच

## आधा दर्जन से ज्यादा बड़े केस अटके, नए अफसरों का इंतजार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आयकर विभाग के एमपी सीजी सर्किल में पिछले माह हुए थोक तबादलों के कारण कई हाई प्रोफाइल मामलों की जांच अधर में लटक गई है। आलम ये है कि इन सभी केस की जांच कर रहे अफसरों में से कई का तबादला हो गया है। ऐसे में आयकर विभाग के आला अफसर भी जांच में जुटी टीमों में आमद देने वाले नए अफसरों का इंतजार कर रहे हैं। पिछले माह की शुरूआत में राष्ट्रीय स्तर पर तबादलों के बाद एमपी और सीजी में पदस्थ 25 से अधिक आईआरएस अधिकारी ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद प्रदेश में नव नियुक्त प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (पीसीसीआईटी) नव रतन सोनी ने भी नई प्रशासनिक जमावट करते हुए एमपी-सीजी सर्किल में पदस्थ रहे लगभग 27 अफसरों को स्थानांतरित किया है, जबकि 13 को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस प्रशासनिक बदलाव के कारण फिलहाल आयकर द्वारा पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में मारे गए कई छापों और सर्वे की जांच अटकी हुई है।




### इन अहम मामलों की हो रही जांच

पिछले वित्त वर्ष में आयकर विभाग ने कई स्थानों पर छापों और सर्वे की कार्रवाई की थी। इनमें सबसे अहम केस सौरभ शर्मा का था। आयकर विभाग की टीम ने ही सौरभ के सहयोगी चेतन की कार से 11 करोड़ 60 लाख की नकदी और लगभग 52 किलो सोना बरामद किया था। इस केस में फिलहाल जब्त किए गए गोल्ड और कैश का अटैचमेंट हुआ है। आयकर विभाग को अब भी सौरभ के ठिकानों से मिले करोड़ों की बेनामी संपत्ति के दस्तावेजों की छानबीन करनी है। इसके अलावा भोपाल में त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक राजेश शर्मा के यहां भी छापों में करोड़ों की संपत्ति और कैश मिला था। इसमें भी अभी प्रॉपर्टी के सभी दस्तावेजों का परीक्षण नहीं हो पाया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट छापों के तीन माह बाद भी यह पता नहीं लगा पाया है कि उसके बिजनेस और प्रॉपर्टी में निवेश करने वालों में कौन-कौन शामिल था। एक अन्य मामला सागर जिले का है, जहां लगभग चार माह पहले पूर्व एमएलए हरवंश सिंह राठौर और पूर्व पार्षद राजेश केशरवानी से जुड़े ठिकानों पर छापे मारे थे। दोनों जगह करोड़ों की संपत्ति, गोल्ड, कैश और कई लग्जरी वाहन मिले थे। इस केस में भी अब तक सभी दस्तावेजों का परीक्षण और आगे की कार्रवाई अटकी हुई है। इसकी वजह भी इन मामलों से जुड़े अहम अफसरों का स्थानांतरण है।

### अफसरों ने साधी चुप्पी

आयकर विभाग ने दो माह पहले भोपाल में गोल्डन सिटी के संचालक मनीष जैन, अल्फा कम्युनिकेशन्स के सौरभ अग्रवाल, न्यू मार्केट स्थित अलंकार ज्वेलर्स पर भी सर्वे किया था। इनमें से अलंकार ज्वेलर्स के अलावा मनीष जैन और सौरभ अग्रवाल के ठिकानों से मिले दस्तावेजों की जांच अब तक खत्म नहीं हो पाई है। आयकर की इन्वेस्टिगेशन विंग से जुड़े अफसर भी तबादलों के चलते जांच अटकने से परेशान हैं, हालांकि वे इस मामले पर कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं। हालांकि वे दबी जुबान से साफ करते हैं कि अब नए अफसरों के आमद देने के बाद बनी टीम ही इन सभी मामलों की जांच आगे बढ़ा सकेगी।

# 26 पुलिस इंस्पेक्टर बने कार्यवाहक डीएसपी

## नई पदस्थापना के साथ गृह विभाग ने जारी किए आदेश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के गृह विभाग ने 26 पुलिस इंस्पेक्टर को कार्यवाहक डीएसपी के पद पर पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए हैं। शुक्रवार को जारी आदेश के तहत इन्हें उच्च पद का प्रभार देकर इनकी नई पदस्थापना भी की गई है। पुलिस मुख्यालय की छानबीन समिति ने पिछले साल फरवरी में इंस्पेक्टरों को उच्च पद का प्रभार देने के लिए बैठक में नामों का चयन किया था। इनमें से 18 इंस्पेक्टरों को उच्च पद का प्रभार नहीं मिल सका था। जारी आदेश के अनुसार जिला बल के 18, एसएएफ के 2, रेडियो के 1 और आरआई संवर्ग के 5 निरीक्षकों को डीएसपी या समकक्ष पद का प्रभार सौंपा गया है।

| नाम | वर्तमान पद | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| विनीता गिल | इंस्पेक्टर, पीटीएस तिगरा | कार्य. डीएसपी, पीटीएस तिगरा |
| ऊषा राय | इंस्पेक्टर, स्पेशल ब्रांच सिवनी | कार्य. डीएसपी, महिला सुरक्षा कटनी |
| संजय मिश्रा | इंस्पेक्टर, ईओडब्ल्यू भोपाल | कार्य. डीएसपी, ईओडब्ल्यू भोपाल |
| आनंद चौहान | इंस्पेक्टर, लोकायुक्त भोपाल | कार्य. डीएसपी, लोकायुक्त भोपाल |
| दीपा खरे | इंस्पेक्टर, एजेके भोपाल | कार्य. डीएसपी, शिकायत, पीएचक्यू |
| अजय पवार | इंस्पेक्टर, ग्वालियर | कार्य. डीएसपी, भिंड |
| पंकज द्विवेदी | इंस्पेक्टर, ईओडब्ल्यू भोपाल | कार्य. डीएसपी, ईओडब्ल्यू भोपाल |
| आशीष भट्टाचार्य | इंस्पेक्टर, लोकायुक्त भोपाल | कार्य. डीएसपी, लोकायुक्त भोपाल |
| अरविंद सिंह दांगी | इंस्पेक्टर, छतरपुर | कार्य. डीएसपी, एजेके, छतरपुर |
| उमेश कुमार तिवारी | इंस्पेक्टर, नरसिंहपुर | कार्य. डीएसपी, एजेके, नरसिंहपुर |
| प्रवीण कुमार चढ़ोकर | इंस्पेक्टर, भोपाल नगर | कार्य. डीएसपी, एजेके, सीहोर |
| मंजुला मिश्रा | इंस्पेक्टर, सीआईडी, भोपाल | कार्य. डीएसपी, सीआईडी, भोपाल |
| बृजेश कुमार मालवीय | इंस्पेक्टर, झाबुआ | कार्य. डीएसपी, एजेके, बुरहानपुर |
| रामस्नेही चौहान | इंस्पेक्टर, जीआरपी, भोपाल | कार्य. डीएसपी, जीआरपी, ग्वालियर |
| रीना पांडे शर्मा | इंस्पेक्टर, आईजी ऑफिस जबलपुर | कार्य. सहा. सेनानी, 6वीं बटा., जबलपुर |
| मनोज कुमार सिंह | इंस्पेक्टर, हरदा | कार्य. डीएसपी, महिला सुरक्षा, बैतूल |
| ओमप्रकाश अहीर | इंस्पेक्टर, धार | कार्य. डीएसपी, एजेके, आगर मालवा |
| सौरभ त्रिपाठी | इंस्पेक्टर, सागर | कार्य. डीएसपी, एजेके, दमोह |
| प्रदीप सिंह तोमर | इंस्पेक्टर, बीडीडीएस, भोपाल | कार्य. सहा. सेनानी, सुरक्षा वाहिनी, भोपाल |
| राजेंद्र कुमार सिंह | इंस्पेक्टर(एसएएफ) लोकायुक्त भोपाल | कार्य. डीएसपी, लोकायुक्त, भोपाल |
| मनोज बैस | इंस्पेक्टर, रेडियो भोपाल | कार्य. डीएसपी, रेडियो, भोपाल |
| लाल बहादुर बौद्ध | आरआई, पीटीसी इंदौर | कार्य. डीएसपी, पीटीसी, इंदौर |
| रेखा सिंह परिहार | आरआई, यातायात, इंदौर | कार्य. एसीपी, यातायात, जोन-4, इंदौर |
| लवली सोनी | आरआई, पीटीएस उमरिया | कार्य. डीएसपी, पीटीएस, उमरिया |
| हेमंत कुमार बरहैया | आरआई, दमोह | कार्य. डीएसपी, यातायात, सागर |
| सुनील कुमार दीक्षित | आरआई, बुरहानपुर | कार्य. डीएसपी, यातायात, गुना |

### वृक्ष बचाने चिपको आंदोलन करेगा कर्मचारी मंच

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि रत्नागिरी अयोध्या बायपास पर काटे जा रहे 8000 हरे भरे वृक्षों को बचाने के लिए 18 मई को चिपको आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि सड़क बनाने के लिए भोपाल में 8000 पेड़ों की बलि चढ़ाने का निर्णय शासन ने लिया है, जिसका विरोध भोपाल की जनता एवं सामाजिक संगठन कर रहे हैं। अब कर्मचारियों ने भी निर्णय लिया है कि भोपाल के पर्यावरण एवं हरे भरे वृक्षों को बचाने के लिए आंदोलन कर सरकार को जगाया जाएगा। सरकार से मांग की जाएगी कि सड़क या भवन बनाने के लिए हरे-भरे वृक्ष न कटे जाए। मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री ने एक वृक्ष मां के नाम लगाने का अभियान चलाया था। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने एक वृक्ष लाड़ली लक्ष्मी के नाम लगाने का अभियान का श्री गणेश किया है, लेकिन मुख्यमंत्री के कार्यकाल में ही 8000 की संख्या में वृक्षों को काटने का निर्णय लिया गया है।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना से लिंगानुपात का अंतर हुआ कम: मुख्यमंत्री



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की लाड़ली लक्ष्मी बहना योजना से प्रदेश में लिंगानुपात का अंतर समाप्त हुआ है। सरकार जो भी योजनाएं ला रही है, उन सभी का लाभ प्रदेश की जनता को निरंतर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बेटियों, बहनों और माताओं के कल्याण के लिए हमारी सरकार काम करती रहेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को लाड़ली लक्ष्मी योजना दिवस पर स्टेट हैंगर परिसर में पौध-रोपण के पश्चात लाड़ली लक्ष्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजना के तहत बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई और उनका विवाह होने तक भी सरकार द्वारा अभिभावकों को आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि बेटियों को कोई भी माता-पिता खुद पर बोझ न माने। बेटियों की पढ़ाई-लिखाई की चिंता से मुक्त रहे और उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण में ही अग्रसर रहे।

**दीक्षा स्थली एकात्म धाम के रूप में होगी विकसित:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ओंकार पर्वत पर स्थापित आदिगुरु की प्रतिमा व आदि गुरु शंकराचार्य की दीक्षा स्थली को राज्य सरकार एकात्म धाम के रूप में विकसित कर रही है। सीएम शुक्रवार को एकात्म धाम, ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव पर पंच दिवसीय 'एकात्म पर्व' समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा आदि गुरु शंकराचार्य ने अपने जीवन काल में अनेक महान कार्य किए।

### सरकार 5 हजार करोड़ का ऋण लेने की तैयारी में

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार मई माह में 5 हजार करोड़ का ऋण ले सकती है। इसके लिए वित्त विभाग ने अपनी तैयारी शुरु कर दी है। बताया गया है कि सरकार 6 मई को निविदा आमंत्रित करेगी,जिसे 7 मई को खोला जाएगा। जिससे सरकार को पता चलेगा कि कितने प्रतिशत पर सरकार को ऋण उपलब्ध होगा। जानकारी के मुताबिक सरकार ढाई-ढाई हजार करोड़ की दो किस्तों पर ऋण ले सकती है। पहली बार ढाई हजार करोड़ का ऋण 12 साल के लिए लिया जाएगा, जिसे सरकार 7 मई 2037 को चुकता करिए, जबकि इतनी ही राशि का दूसरी किश्त की अदायगी 7 मई 2039 तक यानि कि 14 साल में की जाएगी।

### कांग्रेस ने बनाई चुनाव प्रबंधन समिति, प्रियव्रत होंगे प्रभारी

**विसं भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया है। पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह को समिति का प्रभारी बनाया गया है, जबकि गौरव रघुवंशी समिति के अध्यक्ष होंगे। जानकारी के अनुसार समिति में प्रभारी और अध्यक्ष के अलावा 4 सदस्य भी होंगे। ये सदस्य गोरकी बैरागी, मणाल पंत, शैलेन्द्र पटेल और मयंक तेनगुरिया है। बताया गया है कि यह समिति भविष्य में होने वाले चुनाव के प्रबंधन का काम देखेगी।

### 3 भारतीयों को इंडोनेशिया में फांसी की सजा, मदद के लिए दूतावास को निर्देश

**जेएनएन, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने इंडोनेशिया में मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में मौत की सजा पाए तीन भारतीय मूल के नागरिकों को लेकर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने इंडोनेशिया स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास को निर्देश दिया है कि वह इन तीनों भारतीयों को तत्काल और पर्याप्त कानूनी सहायता मुहैया कराए ताकि वे अपील की प्रक्रिया अपना सकें।

# मैं सरकारी शिक्षक, 11 लाख रुपए व कार देना तो बनता है

## दहेज के लिए 5 दिन पहले तोड़ी शादी, एफआईआर दर्ज

**जागरण, जबलपुर।** दहेज में 11 लाख और कार न मिलने पर सरकारी शिक्षक ने शादी के 5 दिन पहले सगाई तोड़ दी। उसने अपनी नौकरी का रौब दिखाते हुए शिक्षक ने लड़की वालों से कहाकि मैं सरकारी शिक्षक हूं, लगुन में 11 लाख रुपए और कार देना तो बनता है। लड़की पक्ष ने बहुत समझाया, मिन्नतें कर अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला भी दिया, लेकिन न लड़का माना और न उसके घर वाले। लड़के वालों का कहना है कि आप लोग हमारे रिश्तेदार बनने लायक ही नहीं है और घर से निकाल दिया। शादी टूटने के बाद लड़की पक्ष ने सरकारी शिक्षक सहित नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक त्रिमूर्ति नगर की रहने वाली युवती की शादी कृष्णा कॉलोनी निवासी शैलेंद्र झारिया से तय हुई थी। एक होटल में 27 अप्रैल को हुई सगाई में युवती के पिता ने युवक को दो लाख कैश और जेवर दिए थे। 6 मई को शादी होने वाली थी। इसकी तैयारियां चल रही थीं। शादी की तैयारियों के बीच वर पक्ष ने 11 लाख नकद और लग्जरी कार की मांग कर दी। युवती के परिवार ने वर पक्ष की मांग पूरी करने में खुद को असमर्थ बताया तो उन्होंने यह कहते हुए रिश्ता तोड़ दिया कि आप लोग हमारे रिश्तेदार बनने लायक नहीं हैं।




### बाइक की जगह लिए कैश

सगाई में लड़की वालों ने अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार 51 हजार नकद, अंगूठी और टू-व्हीलर देने का निर्णय लिया था। युवक की मां ने कहा कि टू-व्हीलर नहीं नकद दे दीजिए, इसके बाद 2 लाख की लगुन चढ़ाई गई। सगाई और शादी की तैयारियों में हो चुके खर्च का हवाला देते हुए लड़की के दादा ने भी लड़के से लगाई, लेकिन उसने लगुन वापस करने की बात कहते हुए सभी को घर से निकाल दिया। लड़के का कहना है कि उसी तारीख पर दूसरी लड़की से शादी कर लेगा। शिकायत पर पुलिस ने दूल्हे शैलेंद्र झारिया, मां सरोज झारिया, भगवत झारिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है।




**3.5** किमी लंबी हवाई पट्टी | **15** लड़ाकू विमानों ने किया 'टच एंड गो' | **N32** फाइटर जेट ने एक्सप्रेस-वे पर की लैंडिंग | **36230** करोड़ रु. से बनाया जा रहा गंगा एक्सप्रेस-वे | **594** किमी लंबा गंगा एक्सप्रेस-वे

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर राफेल-जगुआर ने दिखाई ताकत

## पहली बार नाइट लैंडिंग ट्रायल भी हुआ



**शाहजहांपुर, जेएनएन।** जम्मू—कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद भारत—पाक के बीच बढ़ते तनाव के बीच शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भारतीय वायुसेना ने गंगा एक्सप्रेस-वे पर अपना दमखम दिखाया। 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी पर जगुआर, मिराज जैसे 15 लड़ाकू विमानों ने आंधी-तूफान के बीच 'टच एंड गो' किया। सबसे पहले सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान ने एक्सप्रेस-वे पर 'टच एंड गो' किया। इसके बाद जगुआर, मिग और राफेल विमानों ने एक साथ आसमान में करतब दिखाए। सिर्फ एन-32 लड़ाकू विमान ने एक्सप्रेस-वे पर लैंडिंग की। उसे आगे बढ़ना था, लेकिन हवा की गति इतनी तेज थी कि वह आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद पायलट ने विमान को 180 डिग्री घुमाकर उसका रुख हवा की दिशा में मोड़ दिया। करीब दो घंटे तक वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया। शाम को तीन घंटे का नाइट लैंडिंग शो भी हुआ, जो शाम 7 बजे शुरू होकर रात 10 बजे तक चला। शनिवार को भी दिन में फाइटर प्लेन एयर शो करेंगे। हालांकि, नाइट शो नहीं होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे उप्र का चौथा ऐसा एक्सप्रेस-वे है, जिसमें हवाई पट्टी है। यह रात में लैंडिंग की क्षमता वाला देश का पहला एक्सप्रेस-वे है। गंगा एक्सप्रेस-वे 36,230 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। यह 594 किलोमीटर लंबा है, जो मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अर्जेंटीना में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**ब्यूनस आयर्स, जेएनएन।** साउथ अमेरिकी देश अर्जेंटीना में 7.4 तीव्रता का भूंकप आया है। सुनामी की चेतावनी भी जारी की गई है। भूकंप भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे आया है। इसका केंद्र अर्जेंटीना के दक्षिणी राज्य उशुआइया से 222 किमी दूर समुद्र में ड्रेक पैसेज में था, जिसकी गहराई 10 किमी थी। ड्रेक पैसेज दक्षिण अमेरिका के केप हॉर्न, चिली, अर्जेंटीना और अंटार्कटिका के दक्षिण शेटलैंड द्वीपों के बीच का समुद्री इलाका है। प्रशासन ने लोगों से ऊंची जगहों पर जाने को कहा है। प्रभावित इलाकों में सुनामी की चेतावनी वाले सायरन बजना शुरू हो गए हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। 1 मई को भी अर्जेंटीना में 5.8 तीव्रता का भूंकप आया था।

### ट्रंप ने वाल्ट्ज को यूएन का राजदूत बनाया

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि वह माइक वाल्ट्ज को अमेरिका का नया संयुक्त राष्ट्र राजदूत बना रहे हैं। वाल्ट्ज अभी तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। ट्रंप ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को एनएसए की भी जिम्मेदारी दे दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, वाल्ट्ज जल्दी ही पोस्ट छोड़ने वाले थे। यह ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पहला बड़ा बदलाव है। एक सूत्र ने बताया कि इस हफ्ते की शुरुआत में वाल्ट्ज को साफ कह दिया गया था कि अब उनका समय खत्म हो गया है। वाल्ट्ज को उस समय आलोचना का सामना करना पड़ा जब गलती से एक पत्रकार को उस चैट ग्रुप में जोड़ लिया,जिसमें सीक्रेट मिलिट्री प्लानिंग पर चर्चा हो रही थी। फ्लोरिडा से पूर्व सांसद वाल्ट्ज ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में व्हाइट हाउस छोड़ने वाले पहले सीनियर अफसर हैं। ट्रंप ने पहले कार्यकाल में चार एनएसए बदले थे।

### इजरायली हमले में 29 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा पट्टी, जेएनएन।** गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि इजरायली हमलों में शुक्रवार को फिलिस्तीनी क्षेत्र में 29 लोग मारे गए। युद्ध विराम के टूटने के बाद 18 मार्च को इजरायल ने गाजा पट्टी में अपना सैन्य अभियान फिर से शुरू किया, जिसने लड़ाई को काफी हद तक रोक दिया था। नागरिक सुरक्षा अधिकारी मोहम्मद अल-मुगय्यर ने बताया कि मध्य गाजा में बुरेज शरणार्थी शिविर में एक घर पर इजरायली हवाई हमले में नौ लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में अल-मसरी परिवार के घर को निशाना बनाकर किए गए एक अलग हमले में छह और लोग मारे गए। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि गाजा शहर में एक सामुदायिक रसोई पर हमले में छह और लोगों की जान चली गई। एजेंसी ने बताया कि गाजा पट्टी में अन्य जगहों पर भी इसी तरह के हमलों में कम से कम आठ और लोगों की मौत की खबर है।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों ने बंद कर दिया था बॉर्डर, पाकिस्तान की सरकार ने बदला फैसला

# भारत में फंसे लोगों के लिए पाक ने खोला बॉर्डर



**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह पहलगाम आतंकी घटना के बाद वीजा निरस्त करने के नई दिल्ली के फैसले के बाद भारत में फंसे अपने नागरिकों के लिए वाघा सीमा क्रॉसिंग के इस्तेमाल की अनुमति देना जारी रखेगा। भारत में अमृतसर और पाकिस्तान में लाहौर के पास स्थित अटारी-वाघा सीमा 30 अप्रैल तक खुली रहने के बाद गुरुवार को बंद कर दी गई।

बताया जा रहा है कि गुरुवार को सीमा पर 70 पाकिस्तानी नागरिक फंसे हुए हैं, क्योंकि भारत छोड़ने की समयसीमा एक दिन पहले ही समाप्त हो गई थी। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भारत की ओर अटारी सीमा पर बच्चों सहित पाकिस्तानी नागरिकों के फंसे होने की खबरों को स्वीकार किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमें मीडिया की उन रिपोर्टों की जानकारी है, जिनमें संकेत दिया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिक अटारी में फंसे हुए हैं। अगर भारतीय अधिकारी उन्हें अपनी ओर से सीमा पार करने की अनुमति देते हैं, तो हम अपने नागरिकों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। प्रवक्ता ने कहा कि भविष्य में भी वाघा सीमा पाकिस्तानी नागरिकों के लिए खुली रहेगी, जो वापस लौटना चाहते हैं। विदेश कार्यालय ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने के भारत के फैसले की भी आलोचना की। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का भारत का फैसला गंभीर मानवीय चुनौतियां पैदा कर रहा है। इसमें चिकित्सा उपचार में व्यवधान और परिवार के अलग होने का हवाला दिया गया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान से जुड़े आतंकियों के हमले के बाद पाक नागरिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया था। सार्क वीजा रखने वालों के लिए भारत छोड़ने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल थी। चिकित्सा वीजा रखने वालों के लिए अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी।

## 6 लोगों के पाक डिपोर्टेशन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### वीजा खत्म होने के बावजूद भारत में रहने का आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को श्रीनगर के अहमद तारिक बट्ट के परिवार के 6 सदस्यों को पाकिस्तान डिपोर्ट करने पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा, जब तक इन लोगों के आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हो जाते, तब तक उनको डिपोर्ट नहीं किया जाए। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। बट्ट परिवार को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने परिवार को यह स्वतंत्रता दी कि यदि वे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन आदेश से खुश नहीं हैं तो जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। कोर्ट ने ये भी कहा है कि इस मामले में दिया कोर्ट का आदेश मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाए। पीठ ने कहा, इस मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों में अधिकारी उचित निर्णय लिए जाने तक बलपूर्वक कार्रवाई नहीं कर सकते। यदि याचिकाकर्ता अंतिम निर्णय से असंतुष्ट हैं, तो वे जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। आदेश को मिसाल नहीं माना जाना चाहिए।

## बंगाल के नए मंदिर 'जगन्नाथ धाम' को लेकर छिड़ा विवाद

**भुवनेश्वर, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर के नाम को लेकर ओडिशा में विरोध शुरू हो गया है। पुरी जगन्नाथ मंदिर के पंडितों, सेवकों, विद्वानों, कलाकारों और शोधकर्ता मंदिर का नाम 'जगन्नाथ धाम' रखने पर आपत्ति जता रहे हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने 30 अप्रैल को पूर्वी मेदिनीपुर जिले के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन किया था। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' नाम दिया। ओडिशा के लोगों ने मंदिर बनाने का समर्थन किया, लेकिन नाम पर एतराज जताया। उनका कहना है कि जगन्नाथ धाम सिर्फ पुरी में है, अन्य मंदिर को यह नाम देना हिन्दू मान्यताओं-परंपराओं के खिलाफ है। सैंड आर्टिस्ट पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी को चिट्ठी लिखकर पश्चिम बंगाल सरकार से बात करने का आग्रह किया है। उन्होंने ममता बनर्जी से भी माफी मांगने को कहा है।



### पुरी के लोग बोले-ममता माफी मांगें

## अकाउंट बैन हुए तो बौखलाए पाक के एक्टर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत में पाक एक्टर-एक्ट्रेसेस के सोशल मीडिया हैंडल बैन कर दिए गए हैं, फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म पर भी संशय की स्थिति है। इस बीच पाक अभिनेता अर्सलान नसीर ने फिर मजाकिया अंदाज में सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, इस बार उनके निशाने पर हैं अभिनेता फवाद खान, जिन पर निशाना साधते हुए उन्हें आइस एज वाली गिलहरी बता दिया है। अर्सलान ने अपने पोस्ट में लिखा है कि फवाद भाई आप ने की मसला बॉर्डर पर शुरू हो गया। बैन मैं हो गया। माइंड न करना लेकिन आप वो आइसएज वाली गिलहरी हैं, इसके बाद अर्सलान नसीर ने इमोजी भी बनाया है। ये टिप्पणी उस समय आई जब फवाद खान ने हाल ही में वाणी कपूर के साथ नई फिल्म अबीर गुलाल पूरी की है। फिल्म तो बन गई, लेकिन अर्सलान का इशारा साफ था कि जैसे ही फवाद ने प्रोजेक्ट किया, सीमा पार तनाव और विवाद शुरू हो गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अर्सलान किस बैन की बात कर रहे हैं, क्योंकि उनके दोनों सोशल मीडिया अकाउंट, इंस्टाग्राम और एक्स भारत में अभी भी दिखाई दे रहे हैं। ये बयान उस समय आया जब हाल ही में खबरें आईं कि कई पाकिस्तानी कलाकारों के इंस्टाग्राम अकाउंट्स भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं, इनमें हानिया आमिर, माहिरा खान, अली जफर, बिलाल अब्बास, सजल अली और अन्य नाम शामिल हैं।

## भारत-नेपाल के बीच सेतु का काम कर सकता है पर्यटन उद्योग : शाह



**देहरादून, जेएनएन।** नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के सीएम कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में नेपाल के राजनीतिक दलों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को आईएचएम देहरादून पहुंचा। प्रतिनिधियों में भूमि प्रबंधन, कृषि और सहकारिता मंत्री बीर बहादुर थापा, विस सदस्य और संसदीय दल के नेता घनश्याम चौधरी, नरेश शाही, झपट सऊद, मुख्य सचिव डॉ. कमल प्रसाद पोखरेल शर्मा, नीति और योजना आयोग सदस्य शेर बहादुर भंडारी, भौतिक अवसंरचना मंत्रालय के सचिव सूरत कुमार बाम, सीएम के राजनीतिक सलाहकार डॉ. जीतू उपाध्याय और निजी सचिव राम बहादुर बिस्टा शामिल हैं। उत्तराखंड के पर्यटन सचिव ने प्रतिनिधियों को नई उत्तराखंड पर्यटन नीति-2023 का प्रजेटेंशन दिया, जिसका उद्देश्य निजी क्षेत्र के निवेश का लाभ उठाते हुए टिकाऊ और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देना है। नेपाल प्रांत के सीएम शाह ने कहा, इको-टूरिज्म और सांस्कृतिक विरासत की अपार संभावनाएं हैं। यह क्षेत्र हमारे दोनों देशों के बीच सेतु का काम कर सकता है।सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आर्थिक अवसरों और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देता है। हम अपने पर्यटन और सेवा क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए भारत के मजबूत प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे और उद्योग मानकों से सीखने के इच्छुक हैं। मुख्यमंत्री ने नेपाली नागरिकों को विशेष रूप से व्यावसायिक और तकनीकी क्षेत्रों में भारत द्वारा दी जाने वाली प्रशिक्षण पहलों की भी सराहना की।

## एक मंच पर मोदी-थरूर और सीएम विजयन, पीएम बोले-

# यह कई लोगों की नींद हराम कर देगा

**तिरुवनंतपुरम/अमरावती, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को केरल-आंध्र प्रदेश के दौरे पर थे। केरल में पीएम के साथ मंच पर सीएम पिनराई विजयन, कांग्रेस नेता शशि थरूर मौजूद थे। इस पर पीएम ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का यह कार्यक्रम कई लोगों की नींद हराम कर देगा। पीएम के भाषण को ट्रांसलेट करने वाले ने इसे सही ट्रांसलेट नहीं किया। इस पर पीएम ने कहा, जहां मैसेज जाना था चला गया। पीएम ने तिरुवनंतपुरम में 8900 करोड़ से बने विझिनजाम इंटरनेशनल डीप सी-वाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट का उद्घाटन किया। वह शुक्रवार शाम 4.30 बजे आंध्र के अमरावती पहुंचे। उन्होंने यहां 58 हजार करोड़ के कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही अमरावती कैपिटल सिटी के निर्माण कार्यों की रीलॉन्चिंग की।



### मुंह पर हाथ रख हंसने लगे चंद्रबाबू नायडू

पीएम की जनसभा के दौरान मंच पर आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद थे।पीएम ने जब नायडू को लेकर रोचक यादों को मंच से ही साझा किया तो नायडू मुंह पर हाथ रखकर हंसने लगे।पीएम ने कहा, अभी चंद्रबाबू नायडू टेक्नोलॉजी को लेकर मेरी भारी तारीफ कर रहे थे, लेकिन मैं रहस्य बताना चाहता हूं।जब मैं गुजरात में नया-नया मुख्यमंत्री बना, तो मैं बाबू हैदराबाद में बैठकर किस-किस तरह का इनिशिएटिव ले रहे हैं, उसका बहुत बारीकी से अध्ययन करता था।और मैं उसमें से बहुत कुछ सीखता था और उसे लागू करने का आज मुझे अवसर मिला है।मैं लागू कर रहा हूं। पीएम ने कहा, मैं अनुभव से कहता हूं कि फ्यूचर टेक्नोलॉजी हो, बहुत बड़े स्केल पर काम करना हो और जल्दी से जमीन पर उतारना हो तो चंद्रबाबू इसे उत्तम से उत्तम तरीके से कर सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में निर्दलीय कर सकते हैं उलटफेर

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया में शनिवार 3 मई को आम चुनाव होने हैं, जिसमें देश के भविष्य के लिए बिल्कुल विपरीत दृष्टिकोण रखने वाले पार्टी नेताओं के बीच कड़ा मुकाबला है। चुनाव में वामपंथी समर्थक मौजूदा प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज का मुकाबला कट्टर रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी पीटर डटन से है। दोनों की पृष्ठभूमि नीली कॉलर वाली है यानी मैनूअल लेबर से जुड़े जॉब वाली फैमली से आते थे। यह बात उन्हें उन पूर्व नेताओं से अलग करती है, जो आमतौर पर ऑक्सब्रिज की डिग्री और बैंकिंग या कानून में ऊंचे करियर से लैस हैं। ऑस्ट्रेलिया पर टैरिफ लगाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले ने सर्वे में अल्बानीज की उम्मीदों को आगे बढ़ने में मदद की है। कुछ सर्वे में दिख रहा है कि ट्रंप के कारण डटन के समर्थन में कमी आई है। यहां लंबे समय से अल्बानीज की लेबर पार्टी और डटन की लिबरल पार्टी का वर्चस्व रहा है, लेकिन वोटर के बढ़ते मोहभंग ने अधिक पारदर्शिता और जलवायु प्रगति पर जोर देने वाले निर्दलियों को प्रोत्साहित किया है। सर्वे में लेबर पार्टी को मामूली बढ़त हासिल है, लेकिन चुनाव नजदीकी रहता है, तो 10 या अधिक क्रॉसबेंचर्स अपने हाथ में बहुमत की चाबी रख सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई में 1924 से अनिवार्य मतदान लागू है। यही वजह है कि वहां मतदान कभी भी 90 प्रतिशत से कम नहीं हुआ है, जो रजिस्टर्ड मतदाता वोट नहीं करते हैं, उन पर लगभग 20 आस्ट्रेलिया डॉलर (लगभग 1 हजार रुपए) का प्रशासनिक जुर्माना लगाया जाता है।

## प्यार की दौड़। दिवंगत पति की याद में 36 वर्षीय लौरा कैंसर रिसर्च के लिए जुटा रहीं हैं फंड

# दुल्हन के जोड़े में महिला ने पूरी की लंदन मैराथन



**नई दिल्ली, जेएनएन।** लंदन में हुई 2025 लंदन मैराथन इस बार सिर्फ एक दौड़ नहीं थी, बल्कि प्यार, यादों और प्रेरणा की मिसाल बन गई। 36 वर्षीय लौरा कोलमैन-डे ने इस मैराथन में ऐसा कदम उठाया, जिसे देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। अपने दिवंगत पति जेंडर की पहली शादी की सालगिरह पर लौरा ने वही वेडिंग ड्रेस पहनकर मैराथन का आखिरी हिस्सा पूरा किया, जो उन्होंने अपनी शादी के दिन पहनी थी।

जेंडर की पिछले साल एक दुर्लभ प्रकार की ल्यूकेमिया के कारण ट्रांसप्लांट के बाद जटिलताओं से मृत्यु हो गई थी। उनके जाने के बाद लौरा ने ठान लिया कि वह 12 महीनों में 13 मैराथन दौड़ेंगी, ताकि ब्लड कैंसर और स्टेम सेल रिसर्च के लिए फंड जुटा सकें। 23 मील तक लौरा सामान्य रनिंग ड्रेस में दौड़ीं, लेकिन जैसे ही वह 23वें मील के निशान पर पहुंचीं, उन्होंने थोड़ी देर रुककर अपना वेडिंग गाउन पहना और फिर उसी में दौड़ते हुए फिनिश लाइन पार की। मीडिया से बात करते हुए लौरा ने कहा, यह अविश्वसनीय अनुभव था। लोगों की भीड़, माहौल और उस प्रेरणा के साथ दौड़ना, जिसे मैं सबसे ज़्यादा प्यार करती हूं। गर्मी और भारी ड्रेस के बावजूद लौरा ने हार नहीं मानी। वह हर कदम पर अपने पति की याद और मिशन की ताकत से प्रेरित रहीं। उनकी करीबी दोस्त केट वॉलफोर्ड भी मैराथन में दौड़ीं, जो अपने दोस्त मार्क को समर्पित थी, जिनका 2018 में ल्यूकेमिया से निधन हो गया था। केट ने बताया, जब लौरा ने वेडिंग ड्रेस पहनी, वह बेहद भावुक पल था। हम दोनों ने साथ में फिनिश लाइन पार की और जेंडर और मार्क दोनों को गर्व महसूस कराया।

### वायरल होते ही भावनाओं की बयार

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही लोग अपनी कहानियां और भावनाएं शेयर करने लगे। एक यूजर ने लिखा, मेरे पति की भी मौत एक हाफ मैराथन में हुई थी और मैं अगले साल उनकी याद में वेडिंग ड्रेस पहनकर दौड़ने का सोच रही हूं। इस मैराथन में 51 वर्षीय लुईस बर्नाडेट बुचर भी सुर्खियों में रहीं, जिन्होंने डबल मास्टेक्टोमी के बाद टॉपलेस दौड़ लगाई और ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रहीं महिलाओं को सशक्त किया।

# नेपाल प्रतिनिधिमंडल ने किया आईएचएम देहरादून का दौरा



**नई दिल्ली।** नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में नेपाल के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल के अपने 10 सम्मानित प्रतिनिधियों के साथ भारत की यात्रा के कार्यक्रम के तहत 2 मई को आईएचएम देहरादून का दौरा किया। प्रतिनिधियों में भूमि प्रबंधन, कृषि और सहकारिता मंत्री बीर बहादुर थापा, प्रांतीय विधानसभा के सदस्य और संसदीय दल के नेता घनश्याम चौधरी, प्रांतीय विधानसभा के सदस्य नरेश शाही, प्रांतीय विधानसभा के सदस्य झपट सऊद, सुदूरपश्चिम प्रांत सरकार के मुख्य सचिव डॉ. कमल प्रसाद पोखरेल शर्मा, नीति और योजना आयोग, सुदूर पश्चिम के सदस्य शेर बहादुर भंडारी, भौतिक अवसंरचना मंत्रालय के सचिव सूरत कुमार बाम, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार डॉ. जीतू उपाध्याय और मुख्यमंत्री के निजी सचिव राम बहादुर बिस्टा शामिल हैं। उत्तराखंड सरकार के पर्यटन सचिव ने नेपाल के प्रतिनिधियों को नई उत्तराखंड पर्यटन नीति 2023 का संक्षिप्त विवरण दिया, जिसका उद्देश्य राज्य के प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों को संरक्षित करते हुए निजी क्षेत्र के निवेश का लाभ उठाते हुए टिकाऊ और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देना है। मुख्य बिंदुओं में नए गंतव्यों और अद्वितीय पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देना, कनेक्टिविटी बढ़ाना और निगरानी और प्रचार के लिए डिजिटल तकनीकों को एकीकृत करना शामिल है। नीति स्थायी प्रथाओं के महत्व पर भी जोर देती है और आवास, परिवहन और पर्यटन गतिविधियों जैसे क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। उत्तराखंड सरकार के पर्यटन सचिव ने भी इस बात पर जोर दिया कि नीति विशिष्ट पर्यटन-संबंधी निवेशों के लिए प्रोत्साहन और सब्सिडी प्रदान करती है, जिसमें अज्ञात क्षेत्रों, हेली-पर्यटन, कारवां पर्यटन और साहसिक गतिविधियों में निवेश शामिल हैं। सीमा पार सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह ने नेपाल और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के महत्व पर प्रकाश डाला है, विशेष रूप से आतिथ्य क्षेत्र और कौशल विकास पहलों में सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया है। भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान, मुख्यमंत्री शाह ने भारतीय सरकारी अधिकारियों, व्यापारिक नेताओं और शैक्षणिक संस्थानों के साथ कई उच्च-स्तरीय बैठकों और बातचीत में भाग लिया। उन्होंने पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में आतिथ्य उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया, खासकर सुदूरपश्चिम जैसे प्रांतों के लिए, जिनमें इको-टूरिज्म और सांस्कृतिक विरासत की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री शाह ने कहा, आतिथ्य क्षेत्र हमारे दोनों देशों के बीच एक सेतु का काम कर सकता है-सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आर्थिक अवसरों और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देता है। हम अपने पर्यटन और सेवा क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए भारत के मजबूत प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे और उद्योग मानकों से सीखने के इच्छुक हैं।

मुख्यमंत्री ने नेपाली नागरिकों को विशेष रूप से व्यावसायिक और तकनीकी क्षेत्रों में भारत द्वारा दी जाने वाली प्रशिक्षण पहलों की भी सराहना की। प्रिंसिपल डॉ. शिव मोहन ने बताया कि आईएचएम देहरादून ने अपनी स्थिरता और विकास के लिए कई कदम उठाए हैं।

## पन्ना पुलिस द्वारा अयजगढ़ थाना क्षेत्र में

# अवैध शराब का भण्डारण करने वाले व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से 67 लीटर अवैध देशी शराब कीमती करीब 38 हजार रुपये कि की गई जप्त



**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एसण्थोटा द्वारा जिले के समस्त थानाध्चौकी प्रभारियों को अवैध शराब का निर्माणए परिवहनए भण्डारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियो एवं अवैध शस्त्र रखने वाले व्यक्तियो पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त एसडीओपी पन्ना के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी अयजगढ़ द्वारा कार्यवाही हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 02.03 05 2025 की दरम्यानी रात्रि को थाना प्रभारी अयजगढ़ निरीण् बखत सिंह ठाकुर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुंवरपुर निवासी एक व्यक्ति अपने घर के सामने उसके स्वयं के खेत मे लगी बारी के अंदर भारी मात्रा मे अवैध शराब रखे हुये है। थाना प्रभारी अयजगढ़ के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को मुखबिर सूचना से अवगत काराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं एसडीओपीए अयजगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अयजगढ़ के नेतृत्व मे मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु 01 पुलिस टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम कार्यवाही हेतु ग्राम कुंवरपुर पहुंची जो मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम कुंवरपुर मुख्य मार्ग पर बने घर के सामने लगी बारी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसको घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा अभिरक्षा मे लेकर उसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम पुष्पेन्द्र सेन पिता राजाराम सेन उम्र 21 वर्ष निवासी कुंवरपुर थाना अजयगढ़ का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा पुष्पेन्द्र के घर के सामने उसके खेत मे लगी बारी के अंदर जाकर तलाशी ली गई जहां खाखी रंग के 07 कार्टून;पेटीद्ध रखे थे जिनको खोल के देखने पर उसमे अवैध देशी शराब रखा होना पाया गया। अवैध शराब के सम्बंध मे दस्तावेज की पूछताछ किये जाने पर आरोपियो द्वारा कोई भी दस्तोवेज पेश नही किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध थाना अजयगढ़ मे अपराध क्रमांक 202ध25 कायम किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के कब्जे से 07 पेटी मे रखी 67 लीटर अवैध देशी शराब कीमती करीब 38 हजार रुपये को जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी पुष्पेन्द्र सेन पिता राजाराम सेन उम्र 21 वर्ष निवासी कुंवरपुर थाना अजयगढ़ जिला पन्ना। थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीण् बखत सिंह ठाकुरए सउनि एचसी राठौरए रावेन्द्र सिंहए बृजमोहन सिंहए प्रणआरण् शंकर प्रताप सिंहए आरण् भूरी सिंह ए शुभम शुक्ला एवं रोहित शिवहरे का सराहनीय योगदान रहा।

# गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल की गई जब्त



**जागरण, पन्ना ।** फरियादी द्वारा दिनांक 30ध्04ध्2025 को थाना देवेंद्रनगर उपस्थित आकार रिपोर्ट किया कि आज सुबह करीब 09ण्30 बजे मेरे बडे भाई मिहीलाल वर्मा गाँव तरफ से घर आ रहे थे जैसे ही वह अपने घर के पास मोहल्ले मे पहुँचे तो उसी समय गाँव का सुखीलाल चौधरी अपनी मोटर साईकिल से पीछे तरफ से आया और मोटर साईकिल खड़ी करके मेरे भाई मिहीलाल के गर्दन में पीछे चाकू;छुराद्ध से 2.3 बार हमला कर धक्का देकर भाग गया जो मेरा भाई कुछ दूरी में जाकर गिरकर बेहोश हो गया है, जिसे इलाज हेतु अस्पताल देवेन्द्रनगर लाए, तो डाक्टर साहब ने चेक कर मृत घोषित कर दिया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्रण् 226ध25 धारा 103;1द्ध बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एसण्थोटा द्वारा मामले की गंभीरता देखते हुए तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एसडीओपी पन्ना एसण्पीण् सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीण् हरवचन कुड़ापे के नेतृत्व मे टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश.पतारसी की गई। जिसके फलस्वरूप आज दिनांक 03ध्05ध्2025 को थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर को मुखविर द्वारा आरोपी के बाहर भागने की सूचना प्राप्त हुई जिसपर उक्त पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये अनुसार जमुनहाई मोड़ के पास देवेन्द्रनगर से उक्त आरोपी को घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से घटना के सम्बंध मे पूछताछ किये जाने पर उसने बताया कि उसकी मां कई दिनो से बीमार रहती थी मुझे शक था की मृतक मिहिलाल वर्मा द्वारा कोई जादू.टोना किया गया है जिस कारण मेरी माँ बीमार रहती है। इस कारण मैने मौका मिलने पर उसको चाकू;छुराद्ध से हमला कर जान से मार दिया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू;छुराद्ध एवं मोटरसाईकिल जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया गया जहाँ से जेल भेजने की कार्यवाही की गई। गिरफ्तार आरोपी सुखीलाल चौधरी पिता छब्बू चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सवाईगंजपुरवा थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र. उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीण्हरवचन सिंह कुड़ापेए उपनिरी बहीद अहमद खानए सउनि देवेन्द्र नायकए प्रआर धीरेन्द्र सिंहए आदित्य कुशवाहाए आनंद बागरीए बाबूलालए बृजेश छारीए शैलेन्द्र सिंहए आरण् दिलीप शर्माए अमर सिंहए संजय सिंहए भरत पाण्डेयए आशीष बुनकरए महिला आरक्षक प्रियंका सिंहए दिव्या सिंहए अंशिका सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# समर कैंप निरीक्षण में दिखा उत्साह और अनुशासन



**जागरण, पवई ।** सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयए पवई में चल रहे समर कैंप के तीसरे दिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी की टीम ने कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रों द्वारा की जा रही विभिन्न रचनात्मक गतिविधियोंए प्रशिक्षण कार्यों और व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया।छात्र.छात्राओं की सक्रिय भागीदारी और शिक्षकों व प्रशिक्षकों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की सराहना की गई। निरीक्षण दल ने उपस्थिति पंजीए दैनिक प्रतिवेदन एवं समर कैंप से संबंधित प्रपत्रों की भी समीक्षा की।इस अवसर पर समर कैंप प्रभारी आरण् केण् श्रीवास्तवए रिकॉर्ड प्रभारी प्रहलाद नामदेवए कला.कौशल प्रभारी श्रीमती संध्या पटेलए खेल.योग प्रशिक्षक पुष्पेंद्र मिश्राए महेंद्र बागरीए अनिल पटेलए कंप्यूटर प्रशिक्षक प्रदीप पटेल और रवि नामदेव सहित विद्यालय के प्राचार्य आरण् केण् नगायच उपस्थित रहे। निरीक्षण दल में सहायक बीईओ आरण् बीण् बागरी एवं सदस्य संतोष गौतम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद थे। कैंप में उपलब्ध शीतल पेयजलए लाइटए पंखों आदि की समुचित व्यवस्था पर निरीक्षण टीम ने प्रसन्नता जताई तथा विद्यालय प्रशासन की सराहना की। समर कैंप में छात्रों की रचनात्मकता और अनुशासन का समन्वय देखने योग्य रहा।

# पवई नगर में बंदरों का आतंक, प्रशासन बेखबर



**जागरण, पवई ।** पवई नगर में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा हैए जिससे नगरवासी परेशान और भयभीत हैं। बंदर दिनदहाड़े घरों में घुसकर खाने.पीने की वस्तुएं उठा ले जाते हैं और कभी.कभी लोगों पर हमला भी कर देते हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस स्थिति से बेहद परेशान हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बंदर छतों से लेकर गलियों तक कहीं भी नजर आ जाते हैं। कई बार तो ये झुंड बनाकर राहगीरों का पीछा भी करते हैं। इसके चलते लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं।प्रशासन को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैंए लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वन विभाग और नगर परिषद की उदासीनता से जनता में रोष व्याप्त है। नागरिकों की मांग है कि जल्द से जल्द बंदरों को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जाए।

## अचानक आये तूफान ने मचाई अफरा-तफरी, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**पवई ।** पवई नगर एवं आस.पास के क्षेत्रों में शनिवार शाम करीब 5रू00 से 5रू30 बजे के बीच आए तेज़ तूफ़ान ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। केवल दस मिनट की तेज़ हवाओं और धूल भरी आँधी ने लोगों को भयभीत कर दिया और जनजीवन पूरी तरह से अस्त.व्यस्त हो गया। तूफ़ान के चलते कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गएए और यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। अंधी से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप्प हो गईए जिससे लोगों को गर्मी मे काफ़ी परेशान होना पड़ा। दुकानदारों को भी नुकसान झेलना पड़ाए क्योंकि अचानक तूफ़ान के कारण उन्हें अपनी दुकानें बंद करनी पड़ीं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ऐसा तूफ़ान उन्होंने वर्षों बाद देखा है। ऑफ़िस से निकलने वाले कर्मचारी और बाजार में खरीदारी कर रहे लोग तूफ़ान में फंस गए और सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए।

# उपजेल पवई में हुआ विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, बंदियों का किया गया परीक्षण



**जागरण, पवई ।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए जबलपुर के निर्देश पर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरण् आरण् भारती के आदेशानुसार शनिवार को उपजेल पवई में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर तहसील विधिक सेवा समिति पवई के अध्यक्ष सोम पाण्डेय की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में जिला चिकित्सालय पन्ना से डॉण् मनोज पालए संजय खरे तथा पवई अस्पताल से सामुदायिक स्वस्थ केंद्र की चिकित्सकीय टीम उपस्थित रही। चिकित्सकों द्वारा उपजेल में निरुद्ध बंदियों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक परामर्श एवं दवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान पैनल अधिवक्ता राधिका प्रसाद पटेलए पारा लीगल वालंटियर विजय करी एवं पुष्प कबीरपंथी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही उपजेल पवई से मुख्य प्रहरी अवध बिहारी पाठकए महेंद्र बागरीए प्रदीप सिंह परिहार सहित जेल स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।न्यायालय से सूरज कबीरपंथी एवं राकेश कुमार चौबे ने भी शिविर में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहाए जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# एक दर्जन से अधिक युवकों द्वारा की गई थी मारपीट, वीडियो हुआ था वायरल



**जागरण, टीकमगढ़।** जिला अस्पताल में बीते 9 अप्रैल की दरम्यानी रात करीब 10 बजे के लगभग एक दर्जन से अधिक युवकों के द्वारा दो व्यक्तियों पर प्राण घातक हमला कर दिया था। जिसमें दोनों ही व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थेए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिस पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा केवल दो युवकों पर मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित शेख शंभू और कलीम खान ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार को जिला अस्पताल में देखने जा रहे थेए की इसी दौरान उनके ऊपर एक दर्जन से अधिक लोगों ने हमला कर दिया था। जिसको लेकर आज पीड़ित पक्ष ने अपने अधिवक्ता के साथ एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें अधिवक्ता अविरल जैन ने जानकारी देते हुए बताया की बीती 9 अप्रैल की रात्रि जब पीड़ित शेख शंभू और कलीम खान जिला अस्पताल में अपने रिश्तेदार को देखने के लिए स्कूटी से जा रहे थे तभी टीकमगढ़ निवासी रमन यादवए गिन्नी यादवए विक्रम यादवए अभय यादवए ध्रुव सोनी सहित एक दर्जन से अधिक युवकों ने उनके ऊपर धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर दिया था। जिसमें दोनों ही पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ित पक्ष ने इस मामले की कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन कोतवाली पुलिस ने केवल दो लोगों पर मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है। बाकी अन्य व्यक्तियों को छोड़ दिया गया है जिससे पीड़ित पक्ष काफी भयभीत है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह व्यक्ति आदतन अपराधी हैए साथ ही इन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त हैए जिस कारण पुलिस इनका सहयोग कर रही है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को सौपे ज्ञापन में मांग की है ।

## श्री राम राजा सरकार के दर्शन करने आएंगे सिंधिया



**टीकमगढ़।** ओरछा में उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं बुंदेलखंड एक्सप्रेस के स्टॉपेजए आजादपुर के पास सीमित ऊंचाई वाले रेलवे ब्रिज एवं ओरछा तिगैला से श्री रामराजा मंदिर मंदिर तक मार्ग का पुनर्निर्माण स्वीकृत कराने के बाद अब केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया आगामी दिनों में अपने एक दिवसीय प्रवास पर ओरछा आ रहे हैं इसके लिए भाजपा नेता विकास यादव ने शुक्रवार को दिल्ली पहुंचकर संचार भवन में केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर ओरछा को एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ अन्य विकास कार्यों की सौगात दिलाने पर धन्यवाद देते हुए उन्हें ओरछा प्रवास पर आने के लिए आमंत्रण दिया है श्री यादव का आमंत्रण सहर्ष स्वीकार करते हुए श्री सिंधिया ने जल्द ही ओरछा प्रवास पर आने का आश्वासन दिया है।

## अवैध कट्टा कारतूस के साथ स्थाई वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार




**टीकमगढ़ ।** खरगापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत देरी चौकी पुलिस ने 2019 से फरार चल रहे आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से अवैध देशी कट्टा व कारतूस को जप्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध हथियार रखने बालों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी के तहत थाना प्रभारी खरगापुर गोकुल प्रजापति के मार्गदर्शन चौकी देरी पुलिस ने शुक्रवार 2 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर ग्राम धर्मपुरा तिगैला से सोबरन उर्फरंडो राजा पिता शिवराज सिंह बुंदेला उम्र 43 साल निवासी ग्राम गुना को एक देशी कट्टा व एक कारतूस के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 25ध27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस ने बताया है कि यह आरोपी थाना खरगापुर के एक मामले में 2019 से फरार चल रहा थाए जिसकी पुलिस को काफी समय से तलाश थी। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी खरगापुर निरीक्षक गोकुल प्रजापतिए चौकी प्रभारी देरी चन्दन शाक्यए प्रधान आरक्षक अजय यादवए आरक्षक दीपक अहिरवारए धर्मेंद साहूए रामसिंह यादव की मुख्य भूमिका रही।


# श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन, सरकार पर लगाए सौतेले व्यवहार के आरोप, भोपाल में आंदोलन की चेतावनी

### कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, सरकार पर लगाए सौतेले व्यवहार के आरोप



**जागरण, पन्ना ।** विगत दिवस मध्य प्रदेश आशाए आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ जिला इकाई पन्ना के बैनर तले रुकमणि प्रजापति के नेतृत्व में आशा एवं पर्यवेक्षकों के द्वारा रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर वार्षिक वेतन वृद्धि शीघ्र लागू करने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि आशा एवं पर्यवेक्षकों के लिए भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा 29 जुलाई 2023 में घोषित वार्षिक वेतन वृद्धि का अभी तक भुगतान नहीं किए जाने से प्रदेश की आशा कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक शासन एवं विभाग के इस भेदभावपूर्ण रवैये से आक्रोशित हैं। 20 अप्रैल 2025 को आशा प्रोग्राम के 20 वर्ष सफलतापूर्वक मनाया गया है। आशा एवं पर्यवेक्षक पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से काम करती हैंए इसके बावजूद उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। आगे बताया कि एक ओर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को घोषणा अनुसार 1000 रुपये वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान 1 अप्रैल 2024 से किया जा रहा है। लाडली बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है। राज्य कर्मचारियों के डीए में वृद्धि कर केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर किया गया हैए लेकिन आशा कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि 6 मई 2025 तक आशा एवं पर्यवेक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि का 1 अप्रैल 2024 से एरियस सहित भुगतान नहीं किया गया तो संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश भर की आशा एवं पर्यवेक्षक बहने आगामी 7 मई 2025 को भोपाल में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएगे। ज्ञापन के दौरान रुक्मणी प्रजापतिए लीला कोंदरए रेखा सिंहए गोरी बाई लोधी ए पूजा मिश्रा सहित लगभग सैकड़ा भर आशा एवं आशा पर्यवेक्षक बहने शामिल रहीं।

# अचानक बारिश और आंधी तूफान से सबसे अधिक नुकसान गेहूं खरीदी केंदों पर



**जागरण, टीकमगढ़।** अखण्ड यादव बल्देवगढ़ शनिवार को एक बार फिर मौसम ने करवट बदली। और दोपहर 3 बजे बरसात हो गई। करीब दो घंटे तक तेज आंधी तूफान बारिश से क्षेत्र के कई रोड़ों पर पेड़ और बिजली के खंबे गिर गए। जिससे निकलने वाले यात्रियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा है। तेज आंधी तूफान से बल्देवगढ़ तहसील कार्यालय में राखी चार पहिया वाहन पर पेड़ गिर गया जिससे चार पहिया वाहन पूरी तरह टूट गया है। फिलहाल गनीमत रहेगी इस आंधी तूफान से कोई जन हानि नहीं हुई हशनिवार को अचानक बारिश और आंधी तूफान से सबसे अधिक नुकसान क्षेत्र की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बल्देवगढ, सुजानपुरा, पटौरी, एरौरा, डारगुंवा, तालमऊ, मलगुवा, लड़वारी, सरकनपुर, फुटेर, छिदारी, टीला, कोटरा, कुडीला, खरगापुरएगुना, और राजेन्द्र विपणन महकारी समिति बल्देवगढ़ में खरीदे गया गेहूं गीला हो गया और खरीदी केन्द्रों पर अधिक नुकसान हुआ है। बल्देवगढ़, सुजानपुरा, पटौरी. एरौरा, डारगुंवा, तालमऊए मलगुवाए लड़वारी, सरकनपुर, फुटेर, छिदारी, टीला, कोटरा, कुडीला, खरगापुर, गुना, और राजेन्द्र विपणन महकारी समिति बल्देवगढ़ गेहूं खरीदी केन्द्रों पर 8 हजार से अधिक क्विंटल गेहूं खुले में रखा था। कई केन्द्रों पर तिरपाल और अन्य व्यवस्था नहीं होने से हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। सबसे अधिक नुकसान तालमऊए डारगुंवा, मलगुंवा, लड़वारी, फुटेरए छिदारी, कोटरा, कुडीला, टीला,सहकारी समिति में हुआ। यहां खुले में पड़े गेहूं को ढांकने के लिए तिरपाल कम होने से हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। यहीं हाल सुजानपुरा के खरीदी केंद्र का भी रहा है।इन गेहूं खरीदी केंदों खरीदी केन्द्रों से गेहूं का परिवहन करने की रफ्तार कितनी धीमी है। इसका उदाहरण हर दिन शासन को जाने वाली रिपोर्ट बता रही है। ट्रांसपोर्टेशन की धीमी रफ्तार की वजह से शनिवार की शाम तक खरीदी केन्द्रों पर हजारों क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा रहा। इसमें से करीब आधा गेहूं खराब होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

**अब एफसी आई में कैसे जमा होगा गेहूं :** खरीदी केन्द्रों पर जो गेहूं बारिश की वजह से भीगाए उसमें नमी के चलते एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम उनके तय मानक पर खरा नहीं उतरने की वजह से नहीं खरीदेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर फिर इस गेहूं का क्या होगा। हालांकि पिछले सालों में भी इस तरह के मामले सामने आए जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों से सांठगांठ कर भीगे गेहूं का भंडारण करवा लिया था।

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान



**जागरण, टीकमगढ़ ।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ;जेआरसीद्ध जिला टीकमगढ़ में सहयोगी संगठन कृषक सहयोग संस्थान की ओर से अक्षय तृतीया और शादी.विवाह के मुहूर्त होने के चलते बाल विवाह की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडितए मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकताए हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। जिले में तमाम मंदिरों.मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से श्चाइल्ड मैरिज फ्री इंडियाश् कैम्पेन चला रहा है। कृषक सहयोग संस्थान के जिला समन्वयक अक्षय मिश्रा ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम ;पीसीएमएद्धए 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटररए साज.सज्जा करने वाले डेकोरेटरए हलवाईए मालीए बैंड बाजा वालेए मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हमने धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया क्योंकि यह वो सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है। अठारह वर्ष से काम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण ;पॉक्सोद्ध कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैंए बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातोंरात इस अपराध का सफाया हो सकता है।

# कलेक्टर के निर्देशन में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही



**जागरण बैढ़न।** कलेक्टर सिंगरौली चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन मे एवं जिला आबकारी अधिकारी खेमराज श्याम के मार्गदर्शन में वृत वैढ़न के अंतर्गत अवैध शराब के संग्रहण एवं विक्रय की सूचना मिलने पर कार्यवाही की गई। तलाशी कार्यवाही दौरान पप्पू शाह पिता मान प्रसाद शाह 35 वर्ष ग्राम पिपरा कुरंद थाना वैढ़न को ग्राम टूसाखाढ में बीजपुर रोड पर सड़क के किनारे थाना वैढ़न से एक काले रंग की आटो जिसका क्र.एमपी 66 आर 2203 उसके पिछली सीट पर 6 कार्टून जिसमे देसी मदिरा प्लेन प्रत्येक कार्टून में 50 नग ;कुल 300 पाव मदिरा कुल 54 बीएल मदिरा बरामद कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34/1 क एवम 34/2 के तहत प्रकरण दर्ज कर मौके पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं जब्त वाहन एक काले रंग की आटो जिसका क्र. एमपी 66 आर 2203 को कब्जे लिया गया। उक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया ।प्रकरण की विवेचना जारी है। .कुल जब्ती 54 बीएल जिसकी अनुमानित कीमत 22500 एवं वाहन की अनुमानित कीमत 1 10000 कुल कीमत 132500 है। कार्यवाही के दौरान वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक एस. के. यादव आबकारी आरक्षक बहादुर सिंह अमर पॉल सिंह अंकिता त्रिपाठी एवं नायक महेंद्र सिंह चौहान व सैनिक कमलभान का सराहनीय योगदान रहा।

## अज्ञात कारणों से महिला ने लगाई फांसी

**जागरण बैढ़न।** जिले के मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चटका बस्ती में देर रात एक 24 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हत्या की जानकारी उसके पति को तब लगी जब वह देर रात उसके कमरे में गया। वहां का नजारा देख उसके होश उड़ गए। महिला ने साड़ी बांधकर पंखे से खुदकुशी कर ली थी। देर रात आस पड़ोस समेत मोरवा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी थी। 24 वर्षीय शिवांगी भास्कर की शादी वर्ष 2019 की जून माह चटका निवासी संजीव कुमार से हुई थी। इनका तीन वर्षीय एक पुत्र भी है। घटना के बाद मृतका के ससुर लालचंद साकेत ने मोरवा थाने में तहरीर दर्ज कराई की उनका पुत्र शाम करीब 5 बजे ड्यूटी से घर आया था और खाना खाकर सो गया था। जब वह रात करीब 11 बजे कमरे में गया तो देखा कि उसकी पत्नी शिवांगी पंखे से लटकी हुई है। हल्लागुहार कर उसने सबको बताया जिसके बाद उन्होंने उसे नीचे उताराए पर तब तक उसने दम तोड़ दिया था। इस घटना के बाद शिवांगी के पिता को इसकी सूचना दी गई। शनिवार को मृतिका के पिता त्रिभुवनराम भास्कर भी पहुंचे। जहां अपनी बच्ची का शव देखकर उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगा दिया। इधर मोरवा पुलिस की माने तो आत्महत्या का कारण अज्ञात है। उन्होंने शव का पंचनामा तैयार कर पीएम हेतु भिजवाया दिया है और मामले में विवेचना में जुटी है।

## सरकारें बदल गईं पर अतिथि शिक्षकों के हालत नहीं बदले

### आखिर कब होगा अतिथि शिक्षकों के साथ न्याय

**जागरण चितरगी।** विगत 17 वर्षों में सैंकड़ो अतिथि शिक्षकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। उनके परिवार को आज तक सरकार की ओर से एक रु की भी आर्थिक सहायता नहीं दी गई है। 17 वर्ष की सेवा के बाद भी कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा का लाभ नहीं दिया जाता है और ना ही अवकाश की पात्रता है। इससे भी ज्यादा घोर अन्याय अतिथि शिक्षक बहिनों के साथ है उनको प्रसूति अवकाश तक नहीं मिलता ।आज एक वर्ष और 17 वर्ष के अतिथि शिक्षक में कोई अंतर नहीं है। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी अतिथि शिक्षकों पर नए नए प्रयोग करते रहते हैं। इनकी नासमझदारी से अतिथि शिक्षक व्यवस्था मजाक बन गई है। अतिथि शिक्षक व्यवस्था सुधार के नाम से वर्षों से कार्यरत अनुभवी अतिथि शिक्षकों को बेरोजगार किया जाता रहा है। अभी हाल ही में अतिथि शिक्षक पंजीयन और सत्यापन का आदेश जारी हुआ है। पोर्टल पर पहले से ही लगभग 12 लाख अतिथि शिक्षक पंजीकृत हैं। अन्य राज्यों के लोगों के लिए भी पंजीयन शुरू कर दिया है। सरकार सबसे पहले वर्षों से कार्यरत अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करे । दस वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले अतिथि शिक्षकों को संविदा शिक्षक बनाकर नया कैडर बनाए ।एक से नौ वर्ष वाले अतिथि शिक्षकों को वरीयताक्रम में प्राथमिकता देकर सेवा का अवसर दिया जाय ।इसके लिए विगत सत्र में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को यथावत रखना चाहिए। रिक्त पदों पर अनुभवी अतिथि शिक्षकों को वरीयताक्रम में सेवा का अवसर दिया जाय। अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार ने मांग की है सबसे पहले अतिथि शिक्षक भर्ती व्यवस्था में सुधार हो और चरणबद्ध तरीके से नियमितीकरण के लिए नीति बनाई जाय ।

### सरकार घोषणाएं पूरी करे - रविकांत गुप्ता

प्रदेश सचिव रविकांत गुप्ता ने मांग की है सरकार गुरुजियों की भांति विभागीय परीक्षा ए वार्षिक अनुबंध और सीधी भर्ती में बोनस अंक देने वाली घोषणाएं पुरी होवे जिला अध्यक्ष सिंगरौली उमा शंकर सिंह बैस ने बताया की आगामी 10 मई को प्रदेश स्तरीय बैठक भोपाल मे तय की गई है जिसमे आगामी रणनीतिओं पर मंथन और चर्चाये होंगी

## गठित समितियां अपने अपने दायित्वों का समय सीमा में करें पालन : चंद्रशेखर शुक्ला

### कलेक्टर के अध्यक्षता में सिंगरौली महोत्सव की तैयारियां हेतु बैठक आयोजित

**जागरण बैढ़न।** सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस के गरिमामय आयोजन हेतु कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में बैठक आयोजित हुई। सिंगरौली महोत्सव के साथ साथ नगर गौरव दिवस के कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा अधिकारियों को पृथक पृथक दायित्व सौंपते हुए समितियां गठित की गई हैं ताकि सौंपे गए कार्य समय पर पूर्ण हो सके । कलेक्टर के द्वारा अभी तक महोत्सव के तैयारियों के संबंध में किए गए कार्यों की जानकारी समितिवार लेने के पश्चात निर्देश दिए गए कि अपने दायित्वों का पालन करते हुए समय के अंदर सौंपे गए कार्यों को पूर्ण करें । वहीं बैठक के दौरान जिले के स्थानीय कलाकारों को कार्यक्रम में अवसर प्रदान करने के भी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान पृथक पृथक दिवसों में कार्यक्रम आयोजन करने के संबंध में निर्देश दिए गए। महोत्सव के दौरान जहां स्थानीय कलाकारों के साथ साथ रंगोली पेंटिंग प्रतियोगिता के आयोजन एवं करियर काउन्सलिंग सहित कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक के अंत में कलेक्टर ने इस आशय के भी निर्देश दिए कि आयोजित कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए एवं जिले के कलाकारों को अपनी प्रतिभा एवं कलाओं को प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर प्रदान करने तथा इनका निर्धारित प्ररूप के साथ आवेदन प्राप्त करें। कलेक्टर ने कहा कि संगीत गान या अन्य कलाओं में रुचि रखने वाले कलाकारों को गठित समिति के द्वारा आवेदन प्राप्त कर कार्यक्रम में भाग लेना हेतु अवसर प्रदान करें । आवेदक निर्धारित समय में आवेदन कर ऑडिशन में शामिल हो सकते है । इसके लिए भी प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें ताकि जिले के होनहार कलाकार अपने कला को प्रस्तुत कर सकें। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पी के सेनगुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे एसडीएम सृजन वर्मा नगरनिगम कमिश्नर डी के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकल तिर्की देवेंद्र द्विवेदी नंदन तिवारी सौरभ मिश्रा सहित गठित समितियां के अधिकारी गण उपस्थित रहे ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में बंधवा तारा तालाब का जीर्णोद्धार के लिए हुआ भूमि पूजन

### ई.केवाईसी सभी हितग्राहियों को कराना अनिवार्य- अनीता साहू

**जागरण बैढ़न।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत कटई बंधवा तारा तालाब में जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन किया जाकर रैली निकाल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी राजेश सोनल सेक्टर निवास कार्यक्रम समन्वयक शिवप्रसाद साहू। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अनीता साहू के अगुआई में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलशयात्रा व रैली निकाल कर किया गया। तत्पश्चात बंधवा तारा तालाब का जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन किया गया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए सरपंच प्रतिनिधि अब्रिका साहू ने बताया गया कि शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत जन मानस में जल के प्रति एवं जल के आपवव्य को रोकने हेतु प्रयास करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है इसमें मेड बंधानएबोरी बंधन एवं स्वयं व्यक्तिगत रूप से चलकर नुकसान को रोकने हेतु आवश्यकता अनुसार ही जल का उपयोग करने की सलाह दी गई। आगे उन्होंने कहा कि बारिश के दौर में बहते हुए जल को बोरी बंधन के माध्यम से उचित स्थान पर नालों में प्रयोग कर रोका जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में के सरपंच अनिता साहू द्वारा उपस्थित जनों को जल संरक्षण कार्य हेतु सपथ दिलाईएएवं सभी उपस्थित जनों से आग्रह करते हुए कहा कि ई.केवाईसी करना सभी को अनिवार्य है।जो लोग अभी तक ई.केवाईसी नहीं करवा पाए है पंचायत में आकर निःशुल्क ई.केवाईसी हो रहा है जिनका नहीं हुआ है सभी लोग आकर ई.केवाईसी करना लें। उक्त कार्यक्रम में शामिल सरपंच प्रतिनिधि अब्रिका प्रसाद साहू सचिव रमाकांत तिवारी जन अभियान परिषद की टीम नवांकुर संस्था राजा भैया बहुउद्देशीय विकास समिति निगरी कार्यक्रम समन्वयक शिवप्रसाद साहू पंच राम राज यादव संतोष साहू रामलाल साहू सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## एकल गीत गायन प्रतियोगिता स्वरांजलि में बच्चों ने बिखेरी सुरों की झंकार




**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी आवासीय परिसर में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 8 वीं तक के बच्चों के लिए एकल गीत गायन प्रतियोगिता स्वरांजलि का आयोजन किया गया। अंतर्सदनीय इस प्रतियोगिता में सभी छह सदनों के 18 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों के सुर लय व ताल के साथ गायन की कला ने प्रेक्षागृह में उपस्थित सभी का मनमोह लिया । इस प्रतियोगिता में माधव गुप्ता प्रथमए अर्थ मेवारा द्वितीय मेहुल चौहान तृतीय कृतिका मुखोपाध्याय चतुर्थ स्थान प्राप्त किया! इसके साथ ही तनिशी सिंह एवं अनाया दुबे ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया । प्रतियोगिता का मंच संचालन गौरी श्रीवास्तव एवं कार्तिक कृष्णा ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका संगीत विशेषज्ञ डॉ. संध्या खरे एवं श्रीमती स्वाति दास सदस्या सुहासिनी संघ ने निभाई। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए सुर साधना को अनवरत जारी रखने के साथ.साथ नैतिकमूल्यों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता का सफल संचालन क्रियाकलाप प्रभारी श्रीमती रितु श्रीवास्तव की देखरेख में संपन्न हुआ।

## एनसीएल के मेगा स्पोर्ट्स समर कैंप आरोहण 25 के लिए रेजिस्ट्रेशन शुरू




**जागरण सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष बच्चों व युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास को समर्पित मेगा समर कैंप आरोहण का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आरोहण 25 के लिए रेजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसके तहत कैंप में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक प्रतिभागी 6 मई तक पंजीकरण करा सकते हैं। एक माह की अवधि तक चलने वाले आरोहण समर कैंप में 6 वर्ष से 14 वर्ष की आयु के बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर के दौरान सभी युवाओं एवं बच्चों को योग्य प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न खेल कूद विधाओं बैडमिंटन टेबल.टेनिस क्रिकेट वालीबॉल तैराकी बॉक्सिंग एथलेटिक्स जूडो कराटे फुटबॉल संगीत गायन.वादन नृत्य ड्रॉइंग पेंटिंग इत्यादि में तराशा जाएगा। रेजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के उपरांत चयनित प्रतिभागियों की सूची 10 मइ को एनसीएल द्वारा प्रकाशित की जाएगी। एनसीएल द्वारा आयोजित यह ग्रीष्मकालीन शिविर न केवल बच्चों एवं युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रोत्साहित करता ह बल्कि खेल रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने का प्रयास भी करता है। आरोहण समर कैंप बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को ज्ञान खेल और रचनात्मकता के माध्यम से यादगार बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी आरोहण कैंप के तहत अलग- अलग विधाओं में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

## जिला जेल में आयोजित हुआ विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**जागरण बैढ़न।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिंगरौली के अध्यक्ष हितेन्द्र सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य मेंजिला जेल वैढन में निरूद्ध बंदियों हेतु विशेष स्वास्थ्य परीक्षण तथा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त विशेष स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर सह विधिक साक्षरता शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश हितेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि जेल में निरूद्ध बंदियों के अधिकारों की व्याख्या उच्चतम न्यायालय द्वारा समय.समय पर की गई है जिसके आलोक में कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सिसोदिया ने जेल में बंद प्रत्येक बंदी से उन्हें आ रही समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा समस्याओं का नियमानुसार समाधान करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया एवं चिकित्सकगण को जेल में बंदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। श्री सिसोदिया ने समस्त बंदियों से जेल से बाहर आने पर समाज का सभ्य नागरिक बनने एवं समाज के विकास से सकारात्मक योगदान देने की अपील की गई। जेल अधीक्षक एल.के.त्रिपाठी के द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश चिकित्सकगण तथा लीगल एड डिफेंस काउंसेल के अधिवक्तागण का आभार व्यक्त किया गया। शिविर में न्यायिक मजिस्टेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोरम तिवारी जिला विधिक सहायता अधिकारी अमित शर्मा चिकित्सकग डॉ पारस नाथ साहू डॉ मनोज गौतम डॉ अतुल तोमर डॉ विजय शाह अम्ब्रेस कुमार शाह राहुल विश्वकर्मा एवं आशीष पाण्डेय तथा लीगल एड डिफेंस काउंसेल से अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक श्रीमती रेनू पुरी केवला प्रसाद विश्वकर्मा श्रीमती वंदना सिंह असीम अख्तर एवं योगेश शाह सहित पैरालीगल वालेंटियर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिंगरौली तथा जिला जेल सिंगरौली के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम 7 मई को देवसर में

**जागरण बैढ़न।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार सिंगरौली जिले में जिला स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम 7 मई को स्थान. देवसर शिव मंदिर के पास मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य कमलेश्वर पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के अध्यक्ष द्वय ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्द सिंह चन्देल के संयुक्त नेतृत्व मध्यप्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं सिंगरौली जिला कांग्रेस के प्रभारी श्रीमती कविता पांडेय मध्य प्रदेश कांग्रेस की संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी प्रदीप सिंह के मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया है। उक्त कार्यक्रम की तैयारी के लिए 05 को मध्यप्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं सिंगरौली जिला कांग्रेस के प्रभारी श्रीमती कविता पांडेय जीए मध्य प्रदेश कांग्रेस की संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी प्रदीप सिंह जी का तैयारी के संबंध में दौरा कार्यक्रम विधानसभा. चितरंगी समय. सुबह 11. 00 बजे स्थान. ग्राम. सकरिया मानिक सिंह पूर्व सांसद सीधी के निज. निवास पर विधानसभा. सिहावल समय. सायं 4.00 बजे जनसंपर्क कांग्रेस कार्यालय देवसर विधानसभा. देवसर समय. सायं 6.00 बजे होटल चित्रा पैलेस बरगवां रात्रि विश्राम सर्किट हाउस माजन मोड़ बैढ़न 6 मई को विधानसभा. सिंगरौली में जिले के प्रभारी एवं सह प्रभारी तैयारी बैठक करेंगे। संविधान बचाओ कार्यक्रम में सिंगरौली जिले से कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागण जिले में निवासरत प्रदेश कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी गण नगरीय निकाय के नेता प्रतिपक्ष उपनेता प्रतिपक्ष एवं समस्त पार्षदगण जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य पंच एवं सरपंच जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस सेवादल एनएसयूआई के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष समस्त पदाधिकारी सभी सहयोगी संगठनों एवं प्रकोष्ठों के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष पदाधिकारी ब्लॉक मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सभी बीएलए एवं बूथों के अध्यक्ष साथी आवश्यक रूप से तैयारी बैठक में पहुंचकर कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जिले के प्रभारी सह.प्रभारी का मार्गदर्शन प्राप्त कर संविधान बचाओ कार्यक्रम में सहभागी बने।

## संपत्तियों के सर्वेक्षण हेतु नगर निगम आयुक्त ने दल किया गठित

### दल में संलग्न अधिकारी कर्मचारी एक सप्ताह के अंदर पर संपत्तियों का सर्वेक्षण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें.- डीके शर्मा

**जागरण बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली क्षेत्र अंतर्गत में एनसीएल जयंत एवं दुद्धिचूआ विस्तार परियोजना हेतु ग्राम पजरेह झींगुरदा मेढ़उली का अधिग्रहण भारत सरकार द्वारा किया जा चुका है उक्त भूमि पर स्थित निगम के परसंपत्तियां के सर्वेक्षण हेतु नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा दल गठित कर संपत्तियों का सर्वेक्षण करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। निगमयुक्त के द्वारा वार्ड क्र.3 4 तथा 8 में स्थित पर संपत्तियां की सर्वेक्षण हेतु सहायक यंत्री अभय राज सिंह दिनेश सोलंकी राजस्व निरीक्षक रण बहादुर सिंह वार्ड प्रभारी कल्लू सिंह तथा प्रदीप सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं वार्ड क्र 5 एवं 7 में स्थित निगम की परसंपत्तियों के सर्वेक्षण हेतु सहायक यंत्री आलोक टीरु उपयंत्री विपिन तिवारीए दीपक कंवर वार्ड प्रभारी फुलेश्वर सिंह रामदास पांडे एवं के .के ठाकुर को नियुक्त किया गया है। नगर निगम आयुक्त के द्वारा वार्ड 9 एवं 10 के लिए सहायक यंत्री डीके सिंह उप यंत्री अनुज सिंह विष्णु पाल सिंह वार्ड प्रभारी जगजीवन सिंह तथा सेत राम को पर संपत्तियों की सर्वेक्षण हेतु जिम्मेदारी सौंप गई है। निगम इतने निगम के वार्ड क्र.3 4 5 7 8 9 तथा 10 में स्थित संपत्तियों के सर्वेक्षण हेतु सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी उपयंत्री विशाल खत्री विद्युत कर शंभू लाल पनिका का संत राम का तथा विनोद पांडे को सर्वेक्षण हेतु निर्देशित किया गया है निगमायुक्त श्री शर्मा के द्वारा उपरोक्त दल में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है की अधिग्रहित भूमि पर स्थित निगम की पीसीसी सड़क सड़क नाली पार्क हैंड पंप जल प्रदाय लाइन सामुदायिक भवन ओवरहेड जिसका निर्माण कार्य निगम द्वारा कराया गया है उनका सर्वेक्षण कर एक सप्ताह के अंदर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## जातिगत जनगणना के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने की प्रेस वार्ता

### कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रवि वर्मा ने कहा राहुल गांधी की हुई जीत

**टीकमगढ़।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जातिगत जनगणना करने का निर्णय लिया गयाए जिसको लेकर आज कांग्रेस पार्टी के द्वारा टीकमगढ़ सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रवि वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे साथ ही टीकमगढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू खरगापुर की विधायिका श्रीमती चंदा गौर कांग्रेस की प्रदेश महासचिव किरण अहिरवारए कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे । जिसमें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रवि वर्मा ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को सामाजिक समानता का आधार बनाकर इसे न केवल राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाया बल्कि भाजपा की वंचित विरोधी नीतियों की पोल खोल दी । 2023 से 2024 तक उन्होंने संसद मेंए रेलिया मेंए प्रेस कॉन्फ्रेंस में और सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को आंधी की तरह उठाया । जिसका नतीजा है कि राहुल गांधी की अधिक लड़ाई और सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक जीत हुई है। जिससे जातिगत जनगणना से लेकर नीतिगत सुधारो तक बीजेपी सरकार को झुकना पड़ा है। साथ ही श्री वर्मा ने आगे कहा कि राहुल गांधी की यह लड़ाई केवल जातिगत जनगणना तक सीमित नहीं हैए वे हर उसे मुद्दे पर डटकर लड़ते हैं ए जो समाज के कमजोर वर्गों को प्रभावित करता है। मध्य प्रदेश कांग्रेस उनके नेतृत्व में भाजपा की जन विरोधी नीतियों को और बेनकाब करेगी ।



एन सी एल NCL

**नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुंषगी कम्पनी)

**निविदा सूचना**

सीआईएल एवं अनुषंगी कम्पनियों द्वारा सामाग्री, कार्य एवं सेवाओं हेतु निर्गत सभी निविदाएँ www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी, सीआईएल ई-प्रक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं केंद्रीय लोक प्रक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतरिक्त GeM Portal https://gem.gov.in के द्वारा भी प्रक्योरमेंट किया जाता है। R-12



# केकेआर की निगाह होगी जीत पर, समीकरण बिगाड़ने की कोशिश करेगा राजस्थान रॉयल्स

**कोलकाता, जेएनएन।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में रविवार को यहां जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य जीत हासिल करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखना होगा। केकेआर को लीग चरण के अब चार मैच खेलने हैं और प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण सीधा है। चारों मैच जीत कर 17 अंक तक पहुंचना। इससे वह अंतिम चार में पहुंचने के लिए अगर मगर से बच जाएगा। कागजों पर यह आंकड़ा भले ही सीधा नजर आता है लेकिन वास्तविकता में यह काफी मुश्किल है। केकेआर को इन चार मैच में से दो मैच घरेलू मैदान पर खेलने हैं। वह रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने के बाद बुधवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा। इसके अलावा उसे 10 मई को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 मई) के खिलाफ उनके मैदान पर मैच खेलने हैं। सनराइजर्स की टीम अपना उत्साह खो चुकी है लेकिन बेंगलुरु की टीम शानदार फॉर्म में चल रही है और ऐसे में कोलकाता का अंतिम मुकाबला बेहद रोचक होने की संभावना है। लेकिन यह अभी बाद की बात है और केकेआर को अभी अपना ध्यान घरेलू मैदान पर होने वाले दो मैच पर केंद्रित करना होगा।



**राजस्थान बिना किसी दबाव के उतरेगी :** राजस्थान और चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी हैं और ऐसे में वे बिना किसी खास दबाव के मैदान पर उतरेंगी जिससे निपटना केकेआर के लिए आसान नहीं होगा। केकेआर की बड़ी चिंता घरेलू मैदान पर उनका खराब प्रदर्शन है। ईडन गार्डन्स कभी उनका गढ़ हुआ करता था, लेकिन इस बार उसने अभी तक पांच मैचों में से केवल एक जीत हासिल की है जबकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था और दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला था। केकेआर के स्पिनर यहां की असमान उछाल से सामंजस्य से बिठाने में नाकाम रहे हैं जबकि उसके बल्लेबाज भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसकी बल्लेबाजी में आक्रामकता की कमी दिख रही है जिसके दम पर उसकी टीम ने पिछले साल खिताब जीता था।

### रहाणे केकेआर भरोसेमंद बल्लेबाज

पिछले सत्र में सुर्खियां बटोरने वाले फिनिशर रिंकू सिंह आठ पारियों में सिर्फ 169 रन बना पाए हैं जबकि सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने सात पारियों में 137.50 के स्ट्राइक रेट से 143 रन बनाए हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। लेकिन केकेआर को सबसे ज्यादा निराश वेंकटेश अय्यर ने किया है जिन्हें इस फ्रेंचाइजी ने 23.75 करोड रुपए में खरीद कर उप कप्तान नियुक्त किया था। वेंकटेश ने 10 मैचों में केवल 142 रन बनाए हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे इस सत्र में केकेआर के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज रहे हैं, लेकिन वह क्षेत्ररक्षण के दौरान हाथ में लगी चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं ठीक हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं और उम्मीद है कि मैं रविवार को मैच खेलूंगा।

# पंजाब और लखनऊ के रोमांचक मुकाबले में कप्तान ऋषभ की फॉर्म पर रहेगी नजर

**धर्मशाला, जेएनएन।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की बल्ले से खराब फॉर्म और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार लय के कारण इन दोनों टीमों के बीच रविवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच को रोचक बन गया है। पंजाब के कप्तान अय्यर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने अभी तक एक कप्तान और बल्लेबाज दोनों रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह अभी तक इस प्रतियोगिता में चार अर्थशतक लगा चुके हैं और उनकी टीम 10 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है।




**पंत का प्रदर्शन रहा है निराशाजनक :** पंत ने बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन किया है और उन्होंने 10 मैचों में कुल 110 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेली गई 63 रन की पारी भी शामिल है। इस बीच वह छह पारियों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए। उनके इस खराब प्रदर्शन का असर टीम पर पड़ रहा है जो वर्तमान में 10 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है। अय्यर ने पिछले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब जीतने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन मेगा नीलामी से पहले उन्हें रिलीज़ कर दिया गया था। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीद कर कप्तान नियुक्त किया था।

### लखनऊ की मार्श, एडेन और पूरन पर निर्भरता

लखनऊ के बल्लेबाजों को उन्हें सतर्क होकर खेलना होगा। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी टीम एक सप्ताह के विश्राम के बाद तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। पिछले मैच में तेज गेंदबाज मयंक यादव की वापसी सकारात्मक रही, फिर भी उसे मुंबई इंडियंस से 54 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे मिशेल मार्श, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन और डेविड मिलर जैसे पावर-हिटर्स से भरी बल्लेबाजी इकाई की खामियां उजागर हो गईं। लखनऊ की बल्लेबाजी पूरन (377 रन), मार्श (344), और मार्क्रम (326) पर बहुत निर्भर रही है और रविवार को होने वाले मैच में भी इनका प्रदर्शन काफी मायने रखेगा।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्क्रम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 11 | 07 | 04 | 14 | 1.274 |
| गुजरात | 10 | 07 | 03 | 14 | 0.567 |
| बेंगलुरु | 10 | 07 | 03 | 14 | 0.521 |
| पंजाब | 10 | 06 | 03 | 13 | 0.199 |
| दिल्ली | 10 | 06 | 04 | 12 | 0.362 |
| लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 10 | -0.325 |
| कोलकाता | 10 | 04 | 05 | 09 | 0.271 |
| राजस्थान | 11 | 03 | 08 | 06 | -0.780 |
| हैदराबाद | 10 | 03 | 07 | 06 | -1.192 |
| चेन्नई | 10 | 02 | 08 | 04 | -1.211 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 504 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 475 |
| जोस बटलर (गुजरात) | 470 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 465 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 19 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 16 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 15 |



### बाउंड्री मीटर



852 छक्के
1555 चौके
102 अर्धशतक

गुजरात टाइटंस के जोस बटलर ने आईपीएल में चार हजार रन पूरे कर लिए। 117 मैचों 4052 रन हो गए है। इतने रन बनाने वाले वे 18वें खिलाड़ी बन गए हैं।

### मैदान से हटकर

## टीवी अभिनेत्री की फोटो लाइक कर कोहली ट्रोल, फिर दी सफाई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इन दिनों आईपीएल 2025 में व्यस्त हैं, लेकिन 23 साल की टीवी अभिनेत्री अवनीत कौर की तस्वीर इंस्टाग्राम पर लाइक करने को लेकर ट्रोल हो गए हैं। कोहली ने हालांकि, अब इस मामले पर स्पष्टीकरण दिया है और बताया कि उन्होंने इरादतन ऐसा नहीं किया था, बल्कि गलती से फोटो लाइक हुई थी। सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट काफी वायरल हो रहा है, जिसमें दिख रहा है कोहली ने अवनीत कौर की फोटो लाइक की है। यह तस्वीर अवनीत के फैन पेज से पोस्ट की गई थी। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद कई यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी और कोहली के मजे लिए। मामला बढ़ता देख कोहली ने भी अपना स्पष्टीकरण दिया, जिससे इसे लेकर किसी तरह की गलतफहमी आगे ना बढ़े। कोहली ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि जब मैं अपनी फीड देख रहा था तो शायद गलती से प्रतिक्रिया दी गई। इसके पीछे किसी तरह का कोई इरादा नहीं था। मैं अपील करता हूं किसी तरह की गैर जरूरी कयास नहीं लगा जाएं। आप लोगों का धन्यवाद। (जेएनएन)



महिला क्रिकेट त्रिकोणीय श्रृंखला : भारत-श्रीलंका मैच आज सुबह 10:00 बजे से

# आत्मविश्वास से लबरेज टीम इंडिया विजय अभियान जारी रखने उतरेगी

**कोलंबो, जेएनएन।** पिछले दो मैच में शानदार जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम रविवार को यहां होने वाले महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी जबकि श्रीलंका की टीम खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका दोनों के खिलाफ जीत दर्ज की और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के शीर्ष क्रम ने एक बार फिर मंच प्रदान किया, जबकि कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के नेतृत्व में मध्य क्रम ने अंतिम 10 ओवरों में 82 रन जोड़कर टीम को चुनौती पूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज तज़मीन ब्रिट्स की शानदार पारी से दक्षिण अफ्रीका एक समय जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन राणा ने एक ओवर में तीन विकेट लेकर मैच भारत के पक्ष में कर दिया था। भारत ने अब तक अपने क्षेत्ररक्षण से भी प्रभावित किया है और किसी भी टीम को उसे हराना आसान नहीं होगा।



### श्रीलंका की कप्तान का फार्म चिंता का विषय

श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अथापथु की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे बल्लेबाजी इकाई पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। 19 वर्षीय विशमी गुणरत्ने को शामिल करने से शीर्ष क्रम को कुछ मजबूती मिली है। भारत इस मैच में अपनी शानदार लय के साथ फाइनल में जगह पक्की करने का लक्ष्य रखेगा, जबकि श्रीलंका एक और दमदार प्रदर्शन करके प्रतियोगिता में बने रहना चाहेगा।

### भारत का शानदार है प्रदर्शन

भारत ने पिछले सप्ताह टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में श्रीलंका को हराया था। श्रीलंका ने हालांकि शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान में नई जान डाल दी है। भारत ने अब तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके लगातार आठ एकदिवसीय मैच जीते हैं और टीम अपने इस विजय अभियान को नए मुकाम पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध होगी। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में स्पिनर स्नेह राणा और श्री चरणी ने शानदार गेंदबाजी करके उसे बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया था। इसके बाद सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने हरलीन देयोल के साथ मिलकर 148 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया।

**भारत :** प्रतीका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, नल्लापुरेड्डी चरणानी, यास्तिका भाटिया, अमनजोत कौर, तेजल हसबनिस, शुचि उपाध्याय।

**श्रीलंका :** चमारी अथापथु (कप्तान), कविशा, इनोशी प्रियदर्शनी, विशमी गुणरत्ने, हंसिमा, अचिनी, सुगंधिका, मल्की, हर्षिता समाराविक्रमा, मनुडी नानायककारा, हासिनी, वाथसाला, राणावीरा, अनुष्का संजीवनी, रश्मिका, नीलाक्षिका , डेवमी।

# खिलाड़ी अब कैमरे के सामने जाने से नहीं हिचकिचाते: कुंबले


**मुंबई, जेएनएन।** भारत के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का कहना है कि वर्तमान समय के क्रिकेटर यह बताने से नहीं हिचकिचाते हैं कि उनके दायरे में क्या हो रहा है जबकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि एक खिलाड़ी का ब्रांड प्रशासक या प्रसारक जितना शक्तिशाली हो गया है। भारत के पूर्व कप्तान कुंबले भी हेडन की इस बात से सहमत थे कि जो खिलाड़ी पहले अपने ड्रेसिंग रूम में कैमरा रखने के लिए सहमत नहीं होते थे, वे अब माइक पकड़कर टीम की रणनीतियों पर चर्चा करने में खुश होते हैं। कुंबले ने यहां एक पैनल चर्चा के दौरान कहा, क्रिकेट में जो भी नए बदलाव आए हैं उनमें से अधिकतर प्रसारण से जुड़े हुए हैं। पहले खिलाड़ी इन नए परिवर्तनों का उपयोग करने से हिचकिचाते थे लेकिन अब समय बदल रहा है। आईपीएल में, क्रिकेट में बड़े पैमाने पर नई चीज जुड़ी हैं। कुंबले इस बात से सहमत थे कि लगभग हर कोई एक ब्रांड बनने की कोशिश कर रहा है और सोशल मीडिया इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया की बदौलत हमने पिछले कुछ वर्षों में यही बदलाव देखा है। एक युवा खिलाड़ी या एक स्थापित खिलाड़ी के रूप में, आप हर किसी को अपने जीवन में आने दे रहे हैं। क्या चल रहा है, लोग उसका प्रदर्शन कर रहे हैं। आपका व्यक्तित्व क्या है, लोग उसका प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए उन्हें कैमरों के सामने आने से कोई आपत्ति नहीं है। भारत के पूर्व कप्तान ने कहा, जीत के बाद भी हमारे लिए ड्रेसिंग रूम में कैमरा लाना आसान नहीं था। तब पूछा जाता था, क्या हम आपके साथ जश्न मनाने के लिए ड्रेसिंग रूम में आ सकते हैं। हम कहते थे अरे, बस पीछे हट जाओ। यह हमारी जगह है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं।



हेडन ने कहा कि एक खिलाड़ी का ब्रांड क्रिकेट बोर्ड या प्रसारक जितना मजबूत हो सकता है क्योंकि खिलाड़ी स्वयं अपना प्रसारक हो सकता है। उन्होंने कहा, आवश्यकता और संघर्ष परिवर्तन चक्र के प्रमुख तत्व हैं। अगर मैं एक प्रसारक के रूप में लगभग दो दशकों से शुरुआत पर गौर करता हूं तो यह हमारा दर्शकों के साथ गहरे जुड़ाव से संबंधित है। हेडन ने कहा, संघर्ष अब खेल के उन ब्रांडों के बीच है जो खेल रहे हैं। दूसरे शब्दों में, चलो वैभव सूर्यवंशी को लेते हैं, वह शायद हमारा सबसे अच्छा उदाहरण है, क्योंकि वह ढाई दशक तक खेल सकते हैं। उन्होंने कहा,उनका ब्रांड वास्तव में अब क्रिकेट प्रशासन जितना शक्तिशाली है, और किसी भी प्रसारक पद जितना शक्तिशाली है, क्योंकि वह अब अपना खुद का प्रसारक बन सकते हैं और बनेंगे।''

# सनराइजर्स के खराब प्रदर्शन का कारण बेअसर गेंदबाजी : उनादकट

**अहमदाबाद, जेएनएन।** सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के लिए अप्रभावी गेंदबाजी और पिच की बदलती परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 रन से हार के बाद सनराइजर्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। उनादकट ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, आईपीएल में खेलने के अपने अनुभव से मैं कह सकता हूं कि किसी टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए उसके गेंदबाजी विभाग में तीन या चार ऐसे खिलाड़ी होने चाहिए जो लगातार बेहतर प्रदर्शन करें। इस बार हमारी टीम में इसकी कमी दिखी। हमारे अगर दो गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे तो बाकी तीन उनका सहयोग नहीं कर रहे थे। सनराइजर्स की टीम पहले गेंदबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस के शीर्ष क्रम को रोकने में विफल रहा, जिसने छह विकेट पर 224 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। उनादकट पारी के अंतिम ओवर में तीन विकेट लेने में सफल रहे। उन्होंने कहा, जैसे हम साझेदारी को बल्लेबाजी के संदर्भ में देखते हैं, मुझे लगता है कि यह गेंदबाजी में भी वैसा ही है। क्योंकि जब आप दोनों छोर से अच्छी गेंदबाजी नहीं करते हैं, तो इससे दूसरे खिलाड़ी पर अनावश्यक दबाव बनता है।



# रबाडा प्रतिबंधित पदार्थ के इस्तेमाल के कारण अस्थाई तौर पर निलंबित

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाजों में शामिल कागिसो रबाडा ने शनिवार को चौंकाने वाला खुलासा किया कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मौजूदा सत्र इसलिए छोड़ दिया क्योंकि वह 'मौज-मस्ती के लिए नशे' में इस्तेमाल होने वाले प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण वह अस्थायी निलंबन झेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने पिछले महीने गुजरात टाइटंस के लिए दो मैच खेलने के बाद निजी कारणों का हवाला देते हुए आईपीएल छोड़ दिया था। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल की नीलामी में रबाडा के लिए 10.75 करोड़ रुपये खर्च किये थे। रबाडा इस महीने के आखिर में 30 साल के हो जायेंगे। उन्होंने 'दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसएसीए)' के माध्यम से एक बयान जारी किया। रबाडा ने इस बयान में अपनी गलती के लिए माफी मांगते हुए कहा, जैसा की खबरों में बताया गया है कि मैं निजी कारणों से आईपीएल में भाग लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका लौटा हूं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि जांच में ऐसे प्रतिबंधित पदार्थ की पुष्टि हुई है जिसका इस्तेमाल नशे में मौज मस्ती के लिए किया जाता है।



### जल्द वापसी के लिए उत्सुक हूं

उन्होंने कहा, मैं अस्थाई तौर पर निलंबन झेल रहा हूं और अपने पसंदीदा खेल में जल्द वापसी के लिए उत्सुक हूं । इस बयान में हालांकि यह नहीं बताया गया कि उनके नमूने में किस पदार्थ की पुष्टि हुई है। सीएसए (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) सूत्रों से पता चला है कि रबाडा की जनवरी-फरवरी में एसए20 लीग के दौरान जांच की गई थी। वह उस लीग में एमआई केपटाउन के लिए खेलते हैं। इस घटनाक्रम ने जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में रबाडा की संभावित भागीदारी को संदेह के घेरे में ला दिया है।

## गगनजीत का मैक्युंग ओपन के तीसरे दौर में निराशाजनक प्रदर्शन

**इंचियोन (दक्षिण कोरिया), जेएनएन।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर जीएस कैलटेक्स मैक्युंग ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को यहां निराशाजनक शुरुआत से उबर नहीं पाए और वह संयुक्त 27वें स्थान पर खिसक गये। भुल्लर ने शुक्रवार को कुछ समय के लिए बढ़त बनाई थी लेकिन दूसरे दौर के बाद संयुक्त छठे स्थान थे। उन्होंने तीसरे दौर के पहले पांच होल में तीन बोगी करने के बाद तीन ओवर 74 का स्कोर किया। शुरुआती तीन दौर में 70-68-74 के कार्ड खेलने के बाद उनका स्कोर एक ओवर कर है।

## सितवाल सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक के सेमीफाइनल में

**मुंबई, जेएनएन।** एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियन ध्रुव सितवाला ने अशोक शांडिल्य को 4-0 से हराकर सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिन के दूसरे क्वार्टर फाइनल में ध्वज हरिया ने लौकिक पठारे के खिलाफ 1-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चौथे, पांचवें और छठे दौर को भुनाते हुए अंतिम चार में जगह बनाई।

# भोपाल पुलिस ने डब्ल्यूआरडी 11 को हराया

### वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट

**भोपाल, जेएनएन।** राजधानी भोपाल में चल रहे द्वितीय लेट वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में एक रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें भोपाल पुलिस की टीम ने डब्लूआरडी 11 को 84 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। यह मुकाबला खेल से ज़्यादा एक भावनात्मक क्षण बन गया, जब सभी खिलाड़ियों ने मैच शुरू होने से पहले हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को मौन श्रद्धांजलि दी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरते हुए देश के प्रति अपनी संवेदना और समर्थन व्यक्त किया। यह दृश्य दर्शकों के लिए बेहद भावुक और प्रेरणादायी रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी भोपाल पुलिस की टीम ने शानदार शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज़ों ने सधी हुई शुरुआत की और फिर तीसरे क्रम पर बल्लेबाज़ी करने आए विजय सिंह ठाकुर ने जैसे ही क्रीज़ पर कदम रखा, मैदान पर आतिशबाज़ी शुरू हो गई। ठाकुर ने केवल 41 गेंदों में 91 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें उन्होंने 5 चौके और 9 छक्के जड़े। वहीं एपीने भी अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी से 25 गेंदों में 52 रन बनाकर स्कोर को मज़बूती दी। आखिरी ओवरों में परवेज़ मोहम्मद की 9 गेंदों में 21 रनों की तेज़ पारी ने स्कोर को 233/5 तक पहुंचा दिया। डब्ल्यूआरडी एकादश के गेंदबाज़ इस पारी में पूरी तरह बेअसर साबित हुए। 234 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डब्ल्यूआरडी एकादश की टीम शुरुआत से ही दबाव में आ गई। भोपाल पुलिस की ओर से गेंदबाज़ बिट्टू और मानसवी शर्मा ने विरोधी टीम की कमर तोड़ दी।



### विजय सिंह ठाकुर मैन ऑफ द मैच

टीम की जीत में सबसे बड़ा योगदान देने वाले विजय सिंह ठाकुर को 'मैन ऑफ द मैच' से नवाज़ा गया। उनकी पारी को दर्शकों और विशेषज्ञों ने एक उच्च स्तरीय प्रदर्शन बताया। उनकी बल्लेबाज़ी में आत्मविश्वास, आक्रामकता और तकनीक का बेहतरीन संगम देखने को मिला।

# किरण ने केएसएसएम निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** पुरुष राइफल थ्री-पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन किरण अंकुश जाधव ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक निशानेबाजी (केएसएसएम) चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। अगले महीने म्यूनिख में होने वाले विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नौसेना के इस निशानेबाज ने 24 निशानों से 251.5 अंक हासिल कर सेना के विवेक शर्मा को 1.4 अंक से पीछे छोड़ा। सेना के ही विशाल सिंह (230.1) ने कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने पुरुषों के जूनियर वर्ग का खिताब 0.1 अंक के मामूली अंतर से अपने नाम किया। 23 निशाने के बाद आंध्र प्रदेश के उमा महेश मद्दीनेनी 0.3 अंक से आगे थे लेकिन वह 24वें प्रयास में 10 अंक ही हासिल कर सके। माने ने 10.4 अंक के निशाने के साथ स्वर्ण पदक पक्का कर लिया। कर्नाटक के नारायण सुरेश ने कांस्य पदक जीता। अभिनव साव ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चैंपियनशिप में अपना चौथा स्वर्ण पदक जीता। बंगाल के इस निशानेबाज ने पुरुषों की एयर राइफल युवा स्पर्धा की फाइनल में 252.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 0.5 अंक के अंतर से माने को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया। तमिलनाडु के गुरु सबरी ने कांस्य पदक (230.3) जीता।



## कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आयोजन

सतना। वनवासी विकास परिषद महाकौशल द्वारा ग्राम विकास स्वयं सहायता समूह कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग 3 एवं 4 मई को वनवासी विकास परिषद सतना के श्री राम वनवासी छात्रावास धवारी मन्देवा रोड सतना में सुबह सवा 9 बजे अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के ग्रामीण विकास प्रमुख विन्देश्वर राघव राणा उत्तर-मध्य क्षेत्र-ग्राम विकास प्रमुख एवं केंद्रीय टोली सदस्य घनश्याम सोनी अध्यक्ष श्री वनवासी विकास परिषद सतना व्यवस्था प्रमुख अशोक वसानी की उपस्थिति में प्रारंभ हुई।



## नदी सफाई कार्यक्रम के साथ स्थानीय नागरिक भी जुड़े

**जागरण सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नदी सफाई कार्यक्रम से प्रेरित होकर आज चित्रकूट यात्रा पर आए अनेक श्रद्धालुओं ने स्फटिक शिला घाट एरिया की स्वच्छता और सफाई के लिए श्रमदान किया। स्थानीय नागरिक और स्फटिक शिला घाट के दुकानदारों ने भी सहभागिता की। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की अगुवाई में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक भी शामिल हुए।

# पानी पाउच के 63 सौ पैकेट जब्त प्लांट भी किया गया सील





### इनका कहना है

प्लांट को सील कर प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त और उचित रूप से लेबल किए गए पेयजल उत्पादों का ही उपयोग करें और मार्केट में बिकने वाले किसी भी संदिग्ध उत्पाद की जानकारी विभाग को दें।

**अभिषेक बिहारी गौर , खाद्य सुरक्षा अधिकारी**

### पिपासा एक्वा जल संयंत्र मैहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही

**जागरण सतना ।** मैहर में संचालित एक जल संयंत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्यवाही करते हुए वाटर प्लांट को जहां सील कर दिया है वही 63 सौ पैकेट पानी जब्त किया गया है ।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत मानकों का उल्लंघन करने और बिना वैध लाइसेंस के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर के निर्माण किया जाना पाया गया है जिस पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने पिपासा एक्वा पर बड़ी कार्रवाई की है।

### पाउच में अंकित नही थी निर्माण तिथि

कार्यवाही करने वाले खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि संचालक द्वारा इस कदर की मनमानी की जा रही थी कि पानी के पाउचों में निर्माण तिथि तक अंकित नही की गई ।निरीक्षण के दौरान 250 मि.ली. के कुल 6300 पैकेट जब्त किए गए जिन पर निर्धारित लेबलिंग जैसे निर्माण तिथि,बैच आदि अंकित नहीं पाए गए।

**फुटकर का लाइसेंस लेकर होलसेल का काम :** जांच में यह भी सामने आया कि प्लांट संचालक द्वारा एफ एस एस ए आई का फुटकर विक्रय का लाइसेंस लेकर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर का निर्माण किया जा रहा था जबकि ऐसे व्यवसाय के लिए निर्माण लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौड़ ने मौके से सैंपल संग्रहित कर जांच हेतु उन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया है।

## जल जीवन मिशन के कार्यो का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**जागरण सतना।** बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना एवं सतना बाणसागर 2 समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन में बधावों के निराकरण के लिए कलेक्टर द्वारा दौरा किया गया । बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना से जिले के दो विकासखंड - उंचेहरा एवं रामपुर बघेलान के ग्रामों में पेयजल प्रदाय किया जाना है और सतना बाणसागर 2 समूह जल प्रदाय योजना से जिले के शेष तीन विकासखंड- सोहावल नागोद, एवं मझगवां के ग्रामों में पेयजल प्रदाय किया जाना है । नगरीय क्षेत्रों- रामपुर कोटर चित्रकूट नागोद बिरसिंगपुर जैतवारा एवं कोठी में भी पेयजल प्रदाय किया जाना है । योजना को पूर्ण करने में पेयजल की पाइपलाइन एवं पी डब्लू डी के ब्रिज और पेयजल की पाइपलाइन एवं एन वी डी ए के नहरें एक दूसरे को काट रही है एक समस्या बनी हुई है इंटरसेक्शन बिंदुओं पर पेयजल की पाइपलाइन का संरेखण, ब्रिज का संरेखण एवं नहर का संरेखण का निर्णय कलेक्टर के द्वारा मौके पर लिया गया । इस दौरान कलेक्टर के द्वारा रामपुर बघेलान के बम्हौरी ग्राम में पेयजल की पाइपलाइन एवं पी डब्लू डी के ब्रिज के संरेखण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्णय लिए गए, इसी तरह रामपुर बघेलान के बीदा ग्राम में एवं उंचेहरा के लालपुर ग्राम में पेयजल की पाइपलाइन का संरेखण एवं एन वी डी ए के नहर के संरेखण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्णय लिए गए । रामपुर बघेलान के ग्राम जमुना में एम एस पाइप के मैन्युफैक्चरिंग यार्ड का भी निरीक्षण किया गया है । दोनों योजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए म प्र जल निगम सतना के विभागीय अधिकारी श्री विवेक कुमार को निर्देश दिए गए है । एस डी एम रामपुर बघेलान आर एन खरे एन वी डी ए के जिला अधिकारी सतना एवं मैहर जागृत भगत एवं आर एल रॉय तहसीलदार रामपुर बघेलान तहसीलदार उंचेहरा एवं जल निगम के ठेकेदार इत्यादि उपस्थित रहे ।

# डीजे में मन पसंद गाना नही बजा तो ईट मारकर कर दी हत्या

### दो घंटे के अंदर कोलगवां टीआई ने आरोपी को दबोचा



**जागरण सतना।** डीजे में मन पसंद गाना नही बजा तो आरोपी ने ईट मारकर युवक की हत्या कर दी । घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुचे कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने दो घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं एएसपी शहर शिवेश सिंह बघेल एवं सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोलगवाँ सुदीप सोनी के नेतृत्व में की गई है ।

**ये है घटना :** 3 माई को छेदीलाल आदिवासी उम्र 35 वर्ष निवासी रामपुर बघेलान थाना रामपुर बघेलान जिला सतना का वृंदा आदिवासी छोटू आदिवासी के साथ थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि मेरी ससुराल भल्ला फार्म डोंगरी नई बस्ती सतना में है। 2 मई को रिस्ते के साले राकेश आदिवासी का तिलक का कार्यक्रम था । वह परिवार सहित दोपहर करीब 1 बजे अपनी ससुराल पहुंच गया था फिर रात करीब 10 बजे तिलक का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 2 मई की रात्रि 11 बजे से सुबह करीब 4-5 बजे तक हमलोग एवं नात रिस्तेदार डीजे साउंड लगाकर अपनी ससुराल के आंगन में नाच रहे थे ।
फिर मै घर के अंदर खाना खाने चला गया तभी घर के बाहर हल्ला गोहार की आवाज आई तो मैं घर के बाहर निकला और देखा कि डोंगरी नई बस्ती का रहने वाला दादू आदिवासी मेरे साले चन्दू उर्फ जमुना आदिवासी पिता रामलाल आदिवासी उम्र 45 वर्ष निवासी भल्ला फार्म डोंगरी नई बस्ती से राकेश के घर के सामने रोड में डीजे मे अपनी पसंद का गाना बजाने की बात को लेकर विवाद कर रहा था जैसे ही मै और परिवार के लोग व नात रिस्तेदार बीच बचाव करने गये तो दादू आदिवासी मेरे साले चन्दू उर्फ जमुना कोल के साथ गली गलौज करने लगा एवं एक ईंट का अद्धा उठाकर उसके सिर मे जोर से मार दिया। चन्दू के सिर में ईंट लगने से खून निकलने लगा और बेहोश हो गया। उसे अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर तलास शुरू की । आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने डीजे में मनपसंद गाना बजाने की बात पर से मृतक चंदू उर्फ जमुना से विवाद होना और ईट के टुकडे से मृतक चंदू उर्फ जमुना के सिर में मार देना बताया। पुलिस ने आरोपी दादू अदिवासी पिता रामकुमार आदिवासी निवासी भल्लाफार्म डोंगरी नईबस्ती थाना कोलगवॉ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है ।

## माधवी सिंह को पीएचडी की उपाधि



**जागरण सतना ।** श्रीमती माधवी सिंह को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है । उल्लेखनीय है कि श्रीमती सिंह ने अपना शोध कार्य एप्लाइड इकोनॉमिक्स एवं बिजनेस एडमिनिस्टेशन विषय मे डॉ आशीष मिश्रा विभागाध्यक्ष कॉमर्स एवं मैनेजमेंट मंगल यातन विश्वविद्यालय जबलपुर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है । यहां यह बताना आवश्यक है कि श्रीमती माधवी सिंह सतना में जिला शिक्षा अधिकारी रहे रामलाल सिंह की पुत्र वधू एवं पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री शरद कुमार सिंह की धर्मपत्नी है।

## गेंहू ख़रीदी की तारीख बढ़ाई जाय : रामकलेश सिंह

**उचेहरा।** भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष रामकलेश सिंह ने खास चर्चा में बताया कि फसल के सत्यापन में हुई देरी के कारण किसानो का स्लाड़ बुक नही हो पा रहा इस वजह से किसान अपनी पूरी उपज सरकार को नही दे पाएंगे इसलिए स्लाड बुकिंग बढ़ाई जाय और ख़रीदी की डेट भी बढ़ाई जाय समितियों में वारदाना की कमी के चलते भी कई दिनों तक समय से तोल नही हो पाई चर्चा में आगे उन्होंने कहा कि अगले वर्ष की तुलना में इस वर्ष किसानों की जमीन को कम सत्यापित किया गया है किसान के रकवा के हिसाब से कम सत्यापित किया गया है इस वजह से काफी किसान अपनी फसल बेंचने से वंचित रह जायेगा और मजबूरी में किसान औने पौने दाम में व्यापारियो को अपनी फसल देने मजबूर होगा,अगर समय रहते प्रशासन किसानो की समस्या का हल नही करता तो किसान मजबूरन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा इसकी समस्त जबावदारी शासन प्रशासन की होगी।

# प्रधान आरक्षक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी शॉर्ट एनकाउंटर कर गिरफ्तार



**जागरण सतना ।** रीवा जोन के आईजी आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर सतना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जैतवारा थाना के बैरक में घुसकर पुलिस पर हमला करने वाले आरोपी अच्छू गौतम उर्फ आदर्श को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ भी हुई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी टिकुरी अकौना मार्ग पर छिपा हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी लेकिन एसएचओ कोटर दिलीप मिश्रा बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के कारण बाल-बाल बच गए।

पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना पर रीवा आईजी गौरव राजपूत ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी अच्छू गौतम उर्फ आदर्श पर पूर्व में कई गंभीर अपराधों के मामले भी पंजीकृत हैं।

# मैहर पुलिस ने पकड़ी 60 लीटर अवैध शराब, दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरण सतना।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री करने वाले व्यक्तियों पर मैहर पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी है। देवी जी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र गौतम द्वारा अपने सहयोगी स्टाफ के साथ कार्यवाही करते हुए आरोपियों के कब्जे से 60 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है। 03 मई को देवी जी चौकी प्रभारी उनि महेन्द्र गौतम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मानपुर डड़ियन टोला मोड़ के पास नहर के किनारे अनुराग त्रिपाठी निवासी अंधरा टोला मैहर एवं रहीश कोल निवासी कल्याणपुर मैहर दो जरीकेन मे अवैध शराब लिये ग्राहक के इंतजार मे खड़े है । मुखबिर की सूचना पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए पुलिस मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंची जहां दो व्यक्ति झाड़ी के पीछे दो नीले रंग की जरीकेन के साथ खड़े दिखे एवम पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये । पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर दोनो आरोपियों को पकड़ा गया एवम उनके संयुक्त कब्जे से 60 लीटर हाथ भट्ठी की बनी कच्ची महुआ शराब को जप्त किया गया। व आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 34 - 2 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी अुराग त्रिपाठी पिता स्व संतोष त्रिपाठी उम्र 33 वर्ष निवासी अंधरा टोला देवीजी मैहर व रहीश कोल उर्फ चुनू पिता लाला कोल उर्फ झब्बा उम्र 22 वर्ष निवासी कल्याणपुर थाना मैहर हाल अंधरा टोला देवीजी मैहर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।

निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी थाना प्रभारी कोतवाली एस आई महेंद्र गौतम चौकी प्रभारी देवी जी प्रधान आरक्षक राघवेंद्र सिंह अनिल सिंह आर प्रदीप मिश्रा संजय तिवारी शिवम तिवारी की सराहनीय भूमिका रही ।

## 61 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार


**जागरण सतना।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले के विरुद्ध कार्यवाही कर 61 लीटर अवैध शराब नागौद पुलिस ने जब्त की है । आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया । इस कार्यवाही में साढ़े 31 हजार की अवैध शराब जब्त करने में नागौद टीआई अशोक पांडेय को सफलता मिली है ।

**ये है विवरण :** पुलिस ने बताया कि 2 मई को पता तलास के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि परसमनिया रोड अतर्वेदिया तरफ नहर के किनारे एक ब्यक्ति कागज के कार्टून में अवैध शराब बिक्री के प्रयोजन से छुपाकर रखा है । मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर रवाना हुया जो कि एक ब्यक्ति नहर के किनारे दस्तयाब हुआ जिससे उसका नाम पता पूंछा जो कि अपना नाम नीरज पाठक पिता रामाश्रय पाठक उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 10 गढी मोहल्ला उचेहरा थाना उचेहरा जिला सतना म.प्र.का होना बताया जिससे वहां उपस्थित रहने व उसके द्वारा वहीं पास में छुपाकर रखे 07 नग कागज के कार्टून को खुलवाकर चेक किया जो कि 02 कागज के कार्टून के अन्दर कुल 100 शीशी अग्रेजी गोवा ब्हिस्की शराब एवं 05 नग कागज के कार्टून के अन्दर कुल 250 शीशी शराब कुल 350 शीशी 61 लीटर शराब जुमला कीमती 31550/रुपये का होना पाया गया जिसके संबंध में आरोपी नीरज पाठक को उक्त शराब रखे जाने के संबंध में बैध दस्तावेज चाहे गये जो कि कोई दस्तावेज का नहीं होना बताया आरोपी नीरज पाठक के विरुद्ध धारा 34 - 2 का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी के कब्जे से 61 लीटर अवैध शराब जब्त कर नीरज पाठक पिता रामाश्रय पाठक उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 10 गढी मोहल्ला उचेहरा थाना उचेहरा को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है ।


















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com